भुगतान संतुलन का वास्तविक परीक्षण है पश्चिम एशिया संकट - 12

तेल की चिंता से बाजार में गिरावट जारी सेंसेक्स 1456, निफ्टी 436 अंक लुढ़का - 12

ट्रंप के सहयोगियों का दावा... पश्चिमी एशिया में फिर शुरू हो सकती है बड़ी सैन्य कार्रवाई - 13

प्लेऑफ में अपनी जगह पक्की करने उतरेगी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु - 14

आज का मौसम
36.0⁰ अधिकतम तापमान
24.0⁰ न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 05.23
सूर्यास्त 06.54

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

अमृत विचार

बरेली

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
लखनऊ ▪ बरेली ▪ कानपुर ▪ मुरादाबाद ▪ अयोध्या ▪ हल्द्वानी

ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष एकादशी 01:30 उपरांत द्वादशी विक्रम संवत 2083 *

बुधवार, 13 मई 2026, वर्ष 7, अंक 168, पृष्ठ 14 ▪ मूल्य 6 रुपये

नीट यूजी का पेपर लीक, परीक्षा रद्द, सीबीआई को जांच

देशभर में कई जगहों पर कार्रवाई सीबीआई ने दर्ज की एफआईआर | एनटीए के डीजी बोले- नहीं बदले जाएंगे परीक्षा केंद्र, निष्पक्ष होगी पुनर्परीक्षा | 23 लाख पंजीकृत परीक्षार्थियों ने 3 मई को 551 शहरों में दी थी परीक्षा

नई दिल्ली, एजेंसी

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने 3 मई को आयोजित मेडिकल प्रवेश परीक्षा 'नीट-यूजी-2026' को इसका प्रश्नपत्र लीक होने के आरोपों के मद्देनजर मंगलवार को रद्द करने की घोषणा की तथा सरकार ने सीबीआई को इन अनियमितताओं की विस्तृत जांच करने का आदेश दिया। चिकित्सा महाविद्यालयों में स्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश के इच्छुक विद्यार्थियों के लिए यह परीक्षा अब नए सिरे से आयोजित की जाएगी, जिसकी तिथियां अलग से अधिसूचित की जाएंगी। सीबीआई ने परीक्षा से संबंधित प्रश्न पत्र पर लीक होने के सिलसिले में मंगलवार को प्राथमिकी दर्ज की।

एनटीए ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कहा कि यह निर्णय पारदर्शिता बनाए रखने और राष्ट्रीय परीक्षा प्रणाली में विश्वास को बरकरार रखने के लिए लिया गया है। उसने कहा, केंद्रीय एजेंसियों के साथ मिलकर एनटीए द्वारा तथ्यों को परखे जाने और कानून प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा साझा की गई जानकारी के आधार पर राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी ने तीन मई 2026 को आयोजित नीट (यूजी) 2026 परीक्षा को भारत सरकार की मंजूरी से रद्द करने और अलग से अधिसूचित तिथियों पर परीक्षा पुनः आयोजित करने का निर्णय लिया है। नीट यूजी 2026 परीक्षा तीन मई को भारत के 551 शहरों और अन्य देशों के 14 शहरों में आयोजित की गई थी। यह परीक्षा लगभग 23 लाख पंजीकृत परीक्षार्थियों के लिए आयोजित की गयी थी। एजेंसी ने कहा कि निष्कर्षों के आधार पर यह स्पष्ट हो गया है कि वर्तमान परीक्षा प्रक्रिया को जारी रखना उचित नहीं है। एनटीए सीबीआई को पूरा सहयोग देगी और जांच के लिए आवश्यक सभी सामग्री, रिकॉर्ड और सहायता प्रदान करेगी। एजेंसी ने स्वीकार किया कि परीक्षा को दोबारा आयोजित करने से परीक्षार्थियों और उनके परिवारों को वाकई बड़ी असुविधा होगी। उसने कहा कि लेकिन परीक्षा प्रणाली में विश्वास को 'बड़ी और स्थायी क्षति' से बचाने के लिए यह निर्णय आवश्यक था।

नई दिल्ली : नीट पेपर लीक मामले में विरोध प्रदर्शन के दौरान एसएफआई कार्यकर्ताओं को हिरासत में लेती पुलिस।

छात्रों में आक्रोश, अभ्यर्थियों ने कहा-बेहद निराशाजनक

नई दिल्ली। नीट यूजी 2026 के रद्द किए जाने के बाद देशभर के अभ्यर्थियों में भारी नाराजगी देखने को मिली है। छात्रों ने एनटीए की कार्यक्षमता पर सवाल उठाए हैं और मांग की है कि मेडिकल प्रवेश परीक्षा का आयोजन एम्स-दिल्ली द्वारा कराया जाए। कोलकाता की एक अभ्यर्थी मौमिता दास ने कहा कि यह घटनाक्रम उनके और उनके माता-पिता दोनों के लिए बेहद निराशाजनक है।

महानिदेशक ने कहा परीक्षा प्रक्रिया 7 से 10 दिन में होगी शुरू

नई दिल्ली। प्रश्न पत्र लीक के आरोपों के चलते नीट-यूजी 2026 को रद्द करने की जिम्मेदारी लेते हुए एनटीए के महानिदेशक अभिषेक सिंह ने मंगलवार को कहा कि फिर से परीक्षा का कार्यक्रम अगले सात से दस दिन के भीतर घोषित किया जाएगा। सिंह ने कहा, फिर से परीक्षा की तारीख के लिए, मैं अपनी टीम के साथ बैठक करूंगा और अगले कुछ दिनों में परीक्षा का पूरा कार्यक्रम और तारीखें घोषित करूंगा। हमारा प्रयास रहेगा कि परीक्षा जल्द आयोजित की जाए ताकि मेडिकल कॉलेजों के शैक्षणिक कार्यक्रम और प्रवेश कार्यक्रम में कोई बाधा न आए। उन्होंने प्रश्न पत्र लीक होने को दुखद बताते हुए सिंह ने कहा, प्रश्न पत्र लीक होना तुरंत रुकना चाहिए। यह दुर्भाग्यपूर्ण है।

नहीं लिया जाएगा अतिरिक्त परीक्षा शुल्क : एनटीए

एनटीए के अनुसार, मई 2026 के सत्र में पंजीकृत उम्मीदवारों की जानकारी और चुने गए परीक्षा केंद्रों को पुन: आयोजित होने वाली परीक्षा में शामिल किया जाएगा। नए पंजीकरण की आवश्यकता नहीं होगी और कोई अतिरिक्त परीक्षा शुल्क नहीं लिया जाएगा। विद्यार्थियों द्वारा भुगतान की गई फीस वापस कर दी जाएगी और परीक्षा एनटीए के आंतरिक संसाधनों का उपयोग कर पुन: आयोजित की जाएगी। एजेंसी ने कहा कि परीक्षा की नई तारीखें और संशोधित प्रवेश पत्र की समय सारणी की सूचना आने वाले दिनों में आधिकारिक चैनलों के माध्यम से दी जाएगी तथा परीक्षार्थियों एवं अभिभावकों को सलाह है कि वे केवल एजेंसी द्वारा जारी की गई सत्यापित जानकारी पर ही भरोसा करें।

नासिक पुलिस ने एक व्यक्ति को हिरासत में लिया

नासिक। नासिक पुलिस ने नीट परीक्षा के प्रश्नपत्र लीक होने मामले में मंगलवार को एक व्यक्ति को हिरासत में लिया। यहां के पुलिस उपायुक्त किरणकुमार चौहान ने कहा, नीट परीक्षा के प्रश्नपत्र लीक मामले में एक व्यक्ति को हिरासत में लेने के लिए आज सुबह राजस्थान पुलिस से अनुरोध प्राप्त हुआ। उसी के अनुसार, नासिक पुलिस की अपराध शाखा की द्वितीय इकाई ने एक व्यक्ति को पकड़ा है। राजस्थान पुलिस की एक टीम उसे हिरासत में लेने के लिए यहां आएगी।

जांच एजेंसी जल्द ही राजस्थान में भेजेगी टीम

सीबीआई ने परीक्षा से संबंधित प्रश्न पत्र पर लीक होने के सिलसिले में मंगलवार को प्राथमिकी दर्ज की। अधिकारियों ने बताया कि केंद्र से निर्देश मिलने के बाद सीबीआई ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए आपराधिक साजिश, धोखाधड़ी और अन्य अपराधों में मामला दर्ज किया। जांच एजेंसी जल्द ही राजस्थान में एक टीम भेजेगी, ताकि राज्य पुलिस के एसओजी से सामग्री एकत्र की जा सके, जो इस मामले की जांच कर रहा था। सीबीआई ने इससे पहले 2024 के नीट परीक्षा प्रश्न पत्र लीक मामले को सुलझाया था।

ब्रीफ न्यूज

ऑर्केस्ट्रा समूहों के चंगुल से 44 नाबालिग लड़कियां मुक्त कराईं

गोपालगंज। बिहार के गोपालगंज जिले में पुलिस ने ऑर्केस्ट्रा डांस समूहों के चंगुल से करीब 44 नाबालिग लड़कियों को मुक्त कराया है और इस मामले में 20 से अधिक लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार, कुचायकोट थाना पुलिस ने पटना पुलिस मुख्यालय के समन्वय से यह कार्रवाई की। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने छापेमारी अभियान चलाया और विभिन्न राज्यों से आईं करीब 44 नाबालिग लड़कियों को मुक्त कराया। उन्होंने बताया कि अधिकांश लड़कियां पश्चिम बंगाल की रहने वाली हैं, जबकि कुछ उत्तर प्रदेश और हरियाणा से लाई गई थीं।

सीबीआई ने शुभेंदु के पीए की हत्या की जांच संभाली, प्राथमिकी दर्ज

नई दिल्ली। सीबीआई ने पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी के सहयोगी चंद्रनाथ रथ की हत्या मामले में प्राथमिकी दर्ज कर राज्य पुलिस से जांच अपने हाथ में ले ली है। अधिकारियों ने बताया कि राज्य सरकार के अनुरोध पर सीबीआई ने जांच का जिम्मा संभाला है। सीबीआई ने दिल्ली के विशेष अपराध विभाग के एक डीआईजी के नेतृत्व में सात सदस्यीय विशेष जांच दल का गठन किया है, जिसमें एजेंसी की विभिन्न इकाइयों के कुछ बेहतरीन जांचकर्ता शामिल हैं। यह दल कोलकाता के संयुक्त निदेशक को जानकारी देगा। उन्होंने बताया कि सीबीआई के कोलकाता जोन के अधिकारी भी जांच के लिए इस दल में शामिल होंगे। अधिकारियों के अनुसार, सीबीआई की टीम घटनास्थल पर पहुंच चुकी है और उसने जांच शुरू कर दी है।

पाकिस्तान ने अपने हवाई अड्डे पर छिपाए थे ईरानी एयरक्राफ्ट

वाशिंगटन। अमेरिका-ईरान युद्ध को समाप्त कराने में मध्यस्थ की भूमिका निभा रहे पाकिस्तान ने ईरानी सैन्य विमानों को अमेरिकी हवाई हमलों से बचाने के लिए अपने हवाई अड्डों में जगह दी थी। सीबीएस न्यूज ने अमेरिकी अधिकारियों के हवाले से एक खबर में यह जानकारी दी। रिपब्लिकन पार्टी के सांसद लिंडसे ग्राहम ने कहा कि ईरान-अमेरिका और अन्य पक्षों के बीच मध्यस्थ के रूप में पाकिस्तान द्वारा निभाई जा रही भूमिका पर एक बार फिर पूरी तरह से विचार करने की आवश्यक होगी।

बहुमंजिला इमारत में आग लगने से दो लोगों की मौत, तीन घायल

कोलकाता। यहां के तिलजाला इलाके में मंगलवार दोपहर एक बहुमंजिला इमारत में आग लगने से दो लोगों की मौत हो गई और तीन अन्य झुलस गए। पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने पुलिस को घटना की प्राथमिकी दर्ज करने का निर्देश दिया है। राज्य सरकार ने विभागीय जांच के आदेश भी दिए हैं। पुलिस अधिकारी ने बताया कि अपराह्न 1:45 बजे इमारत की पहली मंजिल पर आग लग गई और कुछ ही क्षणों में लपटें फैल गईं, जिससे पूरा इलाका घने काले धुएं से ढक गया। इस मंजिल का इस्तेमाल चमड़े के गोदाम के रूप में किया जाता था।

मुख्यमंत्री, मंत्रियों और अधिकारियों की फ्लीट में आधी कटौती

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : वैश्विक हालात और बढ़ती आर्थिक चुनौतियों के बीच मुख्यमंत्री योगी ने प्रधानमंत्री मोदी के संसाधन बचत संबंधी आह्वान को प्रदेश में लागू करने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। मुख्यमंत्री ने मंत्रियों और वरिष्ठ अधिकारियों की फ्लीट में तत्काल 50 प्रतिशत कटौती के निर्देश दिए हैं। सप्ताह में एक दिन 'नो व्हीकल डे' मनाने और मंत्री, सांसद, विधायक व जनप्रतिनिधियों को सप्ताह में कम से कम एक दिन सार्वजनिक परिवहन का उपयोग करने की सलाह दी।

मुख्यमंत्री ने मंगलवार को मुख्य सचिव, डीजीपी और सभी विभागों के अपर मुख्य सचिवों एवं प्रमुख सचिवों के साथ बैठक में कहा कि दुनिया में अस्थिरता का माहौल है, ऐसे में संसाधनों के विवेकपूर्ण उपयोग की जरूरत है। उन्होंने निर्देश दिया कि मुख्यमंत्री, मंत्रियों और अधिकारियों के काफिलों से अनावश्यक वाहन हटाए जाएं। सीएम ने सप्ताह में एक दिन 'नो व्हीकल डे' मनाने और मंत्री, सांसद, विधायक व जनप्रतिनिधियों को सप्ताह में कम से कम एक दिन सार्वजनिक परिवहन का उपयोग करने को कहा। उन्होंने मेट्रो, पीएनजी, बस, कार पूलिंग, साइक्लिंग और ईवी के इस्तेमाल को बढ़ावा देने पर विशेष जोर दिया। साथ ही प्रदेशवासियों से ईंधन की खपत कम करने, सार्वजनिक परिवहन अपनाने और अनावश्यक सोने की खरीद से बचने की अपील की है। मुख्यमंत्री योगी ने औद्योगिक संस्थानों, स्टार्टअप्स और सरकारी कार्यालयों में वर्क फ्रॉम होम संस्कृति को प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राज्य सचिवालय और निदेशालय की 50 प्रतिशत आंतरिक बैठकें वर्चुअल माध्यम से आयोजित की जाएं। स्कूलों और कॉलेजों में भी सेमिनार, वर्कशॉप और बैठकों को ऑनलाइन मोड में करने पर जोर दिया गया।

ऊर्जा बचत को लेकर मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकारी और निजी भवनों में अनावश्यक बिजली का उपयोग रोका जाए। व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में रात 10 बजे के बाद सजावटी रोशनी सीमित रखने के निर्देश दिए गए। मुख्यमंत्री ने लोगों से अगले छह माह तक गैरजरूरी विदेशी यात्राओं से बचने और देश के भीतर पर्यटन को बढ़ावा देने की अपील की। उन्होंने विजिट माई स्टेट अभियान शुरू करने के निर्देश दिए, जिसके तहत हेरिटेज, ईको, ग्रामीण और धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा दिया जाएगा। उन्होंने ओडीओपी और जीआई टैग उत्पादों को उपहार के रूप में बढ़ावा देने तथा स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग पर भी जोर दिया।

अपर मुख्य सचिव व प्रमुख सचिव संग बैठक करते मुख्यमंत्री योगी।

- पीएम के आह्वान पर मुख्यमंत्री की बड़ी पहल, बोले- अनावश्यक सोने की खरीद व विदेशी यात्रा से भी बचे

मुख्यमंत्री योगी के बड़े निर्देश

- सप्ताह में एक दिन 'नो व्हीकल डे' मनाने की अपील
- मंत्री, सांसद, विधायक और अफसर सप्ताह में एक दिन पब्लिक ट्रांसपोर्ट से चलें
- मेट्रो, बस, पीएनजी, ईवी, कार पूलिंग और साइक्लिंग को बढ़ावा
- सरकारी बैठकों, सेमिनार और वर्कशॉप का वर्चुअल आयोजन
- सचिवालय और निदेशालय की 50% बैठकें ऑनलाइन होंगी
- उद्योगों और स्टार्टअप्स में 'वर्क फ्रॉम होम' को प्रोत्साहन
- अगले छह माह तक गैरजरूरी विदेशी यात्राओं से बचने की अपील
- अनावश्यक सोने की खरीदारी न करने का आग्रह
- भवनों में बिजली बचत पर जोर
- रात 10 बजे के बाद सजावटी रोशनी सीमित रखने के निर्देश
- स्कूल बस और पब्लिक ट्रांसपोर्ट के अधिक उपयोग पर फोकस
- पीएम सूर्य घर योजना के तहत रूफटॉप सोलर को बढ़ावा
- 'विजिट माई स्टेट' अभियान चलाकर घरेलू पर्यटन को प्रोत्साहन

पाकिस्तान को मदद करने पर भारत ने चीन को चेताया

नई दिल्ली। भारत ने मंगलवार को कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान चीन के पाकिस्तान को मदद देने संबंधी खबरें पहले से ज्ञात तथ्यों की पुष्टि करती हैं। साथ ही, उसने यह भी कहा कि जो देश खुद को जिम्मेदार मानते हैं, उन्हें विचार करना चाहिए कि आतंकवादी ढांचे की रक्षा के प्रयासों का समर्थन करने से उनके रुख और अंतर्राष्ट्रीय साख पर क्या प्रभाव पड़ता है।

- विदेश मंत्रालय ने कहा- जिम्मेदार देशों को साख पर सोचना चाहिए

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर ने चीन के सरकारी मीडिया की खबरों के बारे में पूछे गए एक सवाल पर यह बात कही। खबरों में कहा गया है कि पहलगाम हमलों का बदला लेने के लिए भारत द्वारा मई 2025 में चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर के दौरान चीन ने पाकिस्तान को तकनीकी सहायता प्रदान की थी। जायसवाल ने कहा, हमने ये खबरें देखी हैं जो पहले से ज्ञात बातों की पुष्टि करती हैं। चीनी मीडिया के अनुसार, चीन ने पहली बार इस बात की पुष्टि की कि उसने भारत के साथ सैन्य संघर्ष के दौरान पाकिस्तान को तकनीकी सहायता प्रदान की थी। जायसवाल ने कहा, हमने ये खबरें देखी हैं जो पहले से ज्ञात बातों की पुष्टि करती हैं। ऑपरेशन सिंदूर पहलगाम में हुए आतंकवादी हमलों के जवाब में सुनियोजित कार्रवाई थी।

यूपी के कई जिलों में आंधी-तूफान पेड़-पोल गिरे, बारिश से राहत

60 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से चली धूलभरी आंधी

तेज आंधी के कारण बरेली में कार पर गिरा पेड़।

लखनऊ, एजेंसी

- प्रदेश में बिगड़ा मौसम का मिजाज, आज 38 शहरों के लिए अलर्ट जारी

प्रदेश में एक बार फिर मौसम का मिजाज बदलने से पश्चिमी इलाकों में गर्मी से फौरी राहत मिली है जबकि पूर्वी क्षेत्र में अगले 24 घंटों के दौरान कई जिलों में गरज-चमक, तेज आंधी, वज्रपात और ओलावृष्टि के आसार हैं। जिसको लेकर अलर्ट जारी किया गया है।

अमरोहा, मुरादाबाद, संभल और अलीगढ़ समेत पश्चिमी उत्तर प्रदेश विशेष रूप से तराई और पश्चिमी जिलों में तेज हवाओं के साथ बारिश हुई जिससे लोगों को गर्मी से फौरी राहत मिली। पश्चिमी उत्तर प्रदेश में 60 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से तेज झोंके वाली हवाएं चलीं। मौसम विभाग के अनुसार श्रावस्ती, बहराइच, लखीमपुर खीरी, सीतापुर, बिजनौर, अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, पीलीभीत, शाहजहांपुर, संभल व बदायूं जिलों में ओलावृष्टि की आशंका अधिक है। मुरादाबाद, बिजनौर, रामपुर, अमरोहा तथा संभल के अधिकांश हिस्सों में मंगलवार सुबह आसमान में घने काले बादल छा जाने से दिन में अंधेरा पसर गया।

बरेली में भारी नुकसान आंधी की रफ्तार 100 किमी प्रति घंटा रिकॉर्ड

बरेली। मंगलवार सुबह तेज आंधी-बारिश ने बरेली शहर देहात में खासी क्षति देखने को मिली है। जगह-जगह पेड़, बिजली के खंभे, यूनिपोल गिरने से कई वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। मौसम विभाग के अनुसार, बरेली में आंधी की रफ्तार 100 किमी प्रति घंटा रिकॉर्ड की गई, जो राज्य में सबसे अधिक है। आंधी में किसी तरह की जनहानि की खबर नहीं है। पुलिस, फायर बिग्रेड, नगर निगम और बिजली दस्ते रेस्क्यू में जुटे नजर आए हैं। जगह-जगह खंभे और तार टूटने से बिजली व्यवस्था पूरी तरह बेपटरी हो गई है।

सपा सांसद अजेंद्र सिंह लोधी के खिलाफ मामला दर्ज

महोबा, एजेंसी

- प्रधानमंत्री पर अभद्र टिप्पणी करने का आरोप, महोबा में भाजपा के जिला मीडिया प्रभारी की तहरीर पर दर्ज हुआ मुकदमा

प्रधानमंत्री मोदी पर अभद्र टिप्पणी के आरोप में सपा के सांसद अजेंद्र सिंह लोधी व उनके अज्ञात समर्थकों पर मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस सूत्रों के मुताबिक यह मामला भाजपा के जिला मीडिया प्रभारी सत्येंद्र प्रताप गुप्ता की तहरीर पर 11 और 12 मई की दरमियानी रात को महोबा शहर कोतवाली में दर्ज किया गया।

हमीरपुर-महोबा सीट से सपा सांसद लोधी और उनके समर्थकों ने सोमवार को बिजली विभाग को 11 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा, जिसमें बिजली कटौती, स्मार्ट मीटरों से जुड़ी समस्याओं सहित अन्य मुद्दों को उठाया गया था। गुप्ता ने आरोप लगाया कि लोधी के सरकारी कार्यालय तक मार्च के कारण मार्ग अवरुद्ध हुआ, यातायात बाधित हुआ और सरकारी कर्मचारियों के काम में बाधा आई। यह भी आरोप लगाया कि लोधी ने मोदी को राष्ट्र-विरोधी कहा। तहरीर में आरोप लगाया गया कि संवाददाताओं ने जब सपा सांसद से उनके प्रदर्शन के बारे में पूछा तो उन्होंने प्रधानमंत्री पर अत्यंत अभद्र और आपत्तिजनक टिप्पणी की।

समारोह

शपथ ग्रहण में प्रधानमंत्री मोदी और अमित शाह भी रहे मौजूद, भाजपा और सहयोगी दलों के 2-2 मंत्री बने

हिमंत ने ली शपथ, लगातार दूसरी बार असम के सीएम बने

गुवाहाटी : शपथ ग्रहण समारोह में नव निर्वाचित मुख्यमंत्री हिमंत के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।

गुवाहाटी, एजेंसी

हिमंत विश्व शर्मा ने मंगलवार को लगातार दूसरे कार्यकाल के लिए असम के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। इसके साथ ही राज्य में लगातार तीसरी बार भाजपा के नेतृत्व में राजग की सरकार बन गई है। उनके साथ चार विधायकों ने भी मंत्री के रूप में शपथ ली जिनमें भाजपा के अजंता नियोग और रामेश्वर तेली, सहयोगी दल असम गण परिषद (अगप) के अतुल बोरा और बोडोलैंड पीपुल्स फ्रंट (बीपीएफ) के चरण बोरो शामिल हैं।

राज्यपाल लक्ष्मण प्रसाद आचार्य ने गुवाहाटी के खानापारा क्षेत्र में वेटरनरी मैदान में आयोजित भव्य समारोह में शर्मा और चारों विधायकों को पद की शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय मंत्रियों अमित शाह, राजनाथ सिंह, नितिन गडकरी, सर्वानंद सोनोवाल, पबित्रा मारगेरिटा, भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्री तथा उप मुख्यमंत्री और भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन मौजूद थे। धोती-कुर्ता पहने और गले में पारंपरिक गमछा डाले हुए मुख्यमंत्री और तीन विधायकों तेली, बोरा और नियोग ने असमिया में जबकि बोरो ने बोडो भाषा में शपथ ली। प्रधानमंत्री ने शपथ लेने के बाद शर्मा और मंत्रियों को बधाई दी। समारोह से जाने से पहले प्रधानमंत्री ने जनता और मंच पर मौजूद लोगों का आभार जताया।

- प्रधानमंत्री ने शपथ लेने के बाद शर्मा और मंत्रियों को दी बधाई

शर्मा ने 'एक्स' पर लिखा, मां कामाख्या, महापुरुष श्रीमंत शंकरदेव और असम की जनता के आशीर्वाद से मैंने मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। मंत्रिपरिषद के साथ हम जनता की सेवा करने और उसकी आकांक्षाएं पूरी करने को लेकर उत्सुक हैं। नियोग, बोरा और बोरो शर्मा की पिछली कैबिनेट के सदस्य थे, जबकि पूर्व केंद्रीय मंत्री तेली ने राज्य की राजनीति में वापसी की।

नियोग वित्त मंत्री, बोरा कृषि मंत्री जबकि बोरो परिवहन मंत्री थे। राजग ने 126 सदस्यीय विधानसभा के चुनाव में रिकॉर्ड 102 सीट जीतीं, जिनमें भाजपा की 82 सीटें शामिल हैं। भाजपा के सहयोगी दल अगप और बीपीएफ ने 10-10 सीट जीतीं।

जाम से निजात को मुख्य मार्गों से हटेगा अतिक्रमण

ट्रैफिक, पार्किंग और सड़क व्यवस्था सुधारने को डीएम ने व्यापारियों संग की बैठक

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

विकास भवन सभागार में अतिक्रमण और ट्रैफिक व्यवस्था को लेकर बैठक करते डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह। ● अमृत विचार

अमृत विचार : मुख्य मार्गों पर अतिक्रमण, ट्रैफिक जाम, वैकल्पिक पार्किंग व्यवस्था और यातायात प्रबंधन की समस्याओं के स्थायी समाधान को लेकर मंगलवार को विकास भवन सभागार में डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में नगर निगम क्षेत्र के पार्षदों, व्यापार मंडल, आरएसडब्ल्यू, किराना एसोसिएशन, कैमिस्ट एवं ड्रग एसोसिएशन समेत विभिन्न व्यापारिक और स्थानीय संगठनों के पदाधिकारियों ने अपनी समस्याएं और सुझाव रखे।

डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि बैठक का उद्देश्य जनजागरूकता के माध्यम से शहर को अतिक्रमण और ट्रैफिक जाम की समस्या से मुक्त कराना है। उन्होंने बताया कि 75 करोड़ की लागत से 109 सड़कों का निर्माण और मरम्मत कार्य कराया जाएगा। बरसात से पहले सड़कों को दुरुस्त कर लिया जाएगा और बरसात के बाद सभी बिटुमिनस सड़कें बनाई जाएंगी। उन्होंने कहा कि दीपावली तक सभी सड़क परियोजनाओं का कार्य पूरा कर लिया जाएगा।

● **ग्रिल के बाहर सामान रखने वाले दुकानदारों पर लगेगा 1500 रुपए जुर्माना**

डीएम ने कहा कि ग्रिल के आगे सामान रखने वाले दुकानदारों पर 1500 रुपए का जुर्माना लगाया जाएगा। उन्होंने लोगों से यातायात नियमों का पालन करने की अपील करते हुए कहा कि दोपहिया वाहन चालकों के लिए हेलमेट अनिवार्य रहेगा, अन्यथा चालान किया जाएगा।

अधिकारियों को शहर की साफ-सफाई और पथ प्रकाश व्यवस्था बेहतर रखने के निर्देश भी दिए गए। डीएम ने कहा कि बैठक में अतिक्रमण और ट्रैफिक जाम को लेकर जो सुझाव मिले हैं, उन पर जल्द कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि रिक्शा उसी सड़क पर चलेंगे, जो उनके लिए निर्धारित की गई है। डीएम ने कहा कि जनजागरूकता और प्रशासनिक प्रयासों से अगले दो महीनों में शहर की व्यवस्था को बेहतर बनाया जाएगा।

बैठक में नगर आयुक्त सौम्या गुरुरानी, एसपी सिटी देवेंद्र कुमार, अपर जिलाधिकारी प्रशासन रजनीश कुमार मिश्र, नगर मजिस्ट्रेट प्रवेंद्र कुमार, जिला विकास अधिकारी ऋषिपाल सिंह समेत सभासद और विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी मौजूद रहे।

तिलहर के व्यापारियों ने उठाई जाम की समस्या

तिलहर, अमृत विचार : नगर पालिका सभागार में मंगलवार दोपहर एसडीएम जीत सिंह राय, सीओ ज्योति यादव और कोतवाली प्रभारी प्रिंस शर्मा ने व्यापारियों के साथ बैठक कर उनकी समस्याएं सुनीं। बैठक में प्रशासनिक अधिकारियों ने व्यापारियों को समस्याओं के शीघ्र निस्तारण का आश्वासन दिया। इस दौरान बढ़ते जाम, जलभराव और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर व्यापारियों ने समस्याएं रखीं। व्यापार मंडल नगर अध्यक्ष सौरभ गुप्ता रवि ने नगर में ई-रिक्शा की भारी संख्या के चलते लगने वाले जाम, हल्की बारिश में कई स्थानों पर जलभराव के समाधान की मांग की। इस पर एसडीएम जीत सिंह राय ने नगर पालिका प्रशासन और यातायात पुलिस को दोनों समस्याओं के निस्तारण के निर्देश दिए। बैठक में व्यापार मंडल नगर अध्यक्ष हितेश गुप्ता रिंकू ने क्षेत्र के प्रसिद्ध बिरियाबाबा मेले में आभूषणों की छिनैती पर अंकुश लगाने की मांग उठाई। सीओ ज्योति यादव ने कहा कि मेले में पुलिस की ड्यूटी लगाने की बात कही। कोतवाली प्रभारी प्रिंस शर्मा ने व्यापारियों को आश्वस्त करते हुए कहा कि क्षेत्रवासियों की सुरक्षा और उनकी समस्याओं का समाधान उनकी प्राथमिकता है। बैठक में अधिशासी अधिकारी सत्येंद्र प्रकाश, व्यापारी नेता प्रदीप गुप्ता, सभासद अभिषेक सिंह, दीपक गुप्ता, कमलदीप, सुनील गुप्ता चोटीवाला, अयूब हुसैन समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

कलश यात्रा के साथ शिव मंदिर में भोलेनाथ की मूर्ति स्थापित

कुर्रिया कला अमृत विचार: क्षेत्र के रमापुर मोड़ बरेड़ा स्थित नवस्थापित शिव मंदिर में सोमवार को वैदिक मंत्रोच्चार और विधि-विधान के साथ भगवान भोलेनाथ की मूर्ति की स्थापना की गई। मंदिर का निर्माण शिवराम दुबे की ओर से कराया गया है। मूर्ति स्थापना कार्यक्रम को लेकर पूरे क्षेत्र में श्रद्धा और उत्साह का माहौल बना रहा। मूर्ति स्थापना से पहले भव्य कलश यात्रा निकाली गई।

यात्रा रमापुर बरेड़ा, हरिपुर, कुईया और कटैया समेत कई गांवों से होकर निकली। करीब दो दर्जन ट्रैक्टर शामिल रहे, जिन पर श्रद्धालु भजन-कीर्तन करते चल रहे थे। हर हर महादेव के जयघोष से वातावरण भक्तिमय बना रहा। आचार्य आशीष वाजपेयी ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच भगवान शिव की प्राण प्रतिष्ठा कराई। प्रसाद वितरित किया गया। इस दौरान मंदिर संस्थापक शिवराम दुबे, भाजपा नेता शिवम गुप्ता, लोकेश वाजपेयी, संदीप सिंह, बबलू यादव, ओमकार मौर्य, संतोष पाठक समेत बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी और श्रद्धालु मौजूद रहे।

न्यूज ब्रीफ

भूमि पूजन के साथ दुर्गा जागरण की तैयारियां शुरू

कांट, अमृत विचार : मां ज्वाला मातारानी जागरण सेवा समिति की ओर से रामलीला मैदान में भूमि पूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया। समिति पदाधिकारियों ने विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना कर 24 मई को होने वाले मां दुर्गा जागरण कार्यक्रम की तैयारियों की शुरुआत की। समिति सदस्यों ने बताया कि 24 मई को रामलीला मैदान में भव्य दुर्गा जागरण का आयोजन किया जाएगा, जिसमें क्षेत्र के बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होंगे। कार्यक्रम को लेकर भक्तों में उत्साह का माहौल बना हुआ है। भूमि पूजन कार्यक्रम में राममुरारी मिश्र, राजदीप शर्मा, ज्ञानेश त्रिवेदी, बिरजू मिश्र, विपिन प्रजापति, रामपाल भगत, मनोज, सचिन, सर्वेश, मधुरेश और विकास समेत अन्य श्रद्धालु मौजूद रहे।

शतरंज प्रतियोगिता 16 व 17 मई को

शाहजहांपुर, अमृत विचार : मास्टर माइंड चेस अकादमी और डिस्ट्रिक्ट चेस स्पोर्ट्स एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में 16 और 17 मई को जीडी गोयनका पब्लिक स्कूल में शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। जूनियर वर्ग की स्पर्धाएं 16 तो सीनियर वर्ग के मुकाबले 17 मई को खेले जाएंगे। आयोजकों ने बताया कि प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को नकद पुरस्कार दिए जाएंगे। इसके अतिरिक्त, योग्यता क्रम में शीर्ष 25 स्थानों तक आने वाले सभी प्रतिभागियों को आकर्षक ट्रॉफी प्रदान की जाएगी। शतरंज प्रतियोगिता में भाग लेने के इच्छुक खिलाड़ी आयोजक और चेस के नेशनल आर्बिटर विश्वजीत विक्रम से संपर्क कर सकते हैं।

सीबीएसई 12 वीं रिजल्ट आज आने की उम्मीद

शाहजहांपुर, अमृत विचार : सीबीएसई 12 वीं का परीक्षा परिणाम बुधवार को आने की संभावना है। सूत्रों के मुताबिक, सीबीएसई बुधवार 13 मई को 12 वीं कक्षा का रिजल्ट जारी कर सकता है।

रोशन शाह वारसी का सालाना उर्स 17 को

शाहजहांपुर, अमृत विचार : हजरत रोशन शाह वारसी रहमतुल्लाह अलैह का 68 वां सालाना उर्स 17 मई को मोहल्ला बारादरी स्थित दरगाह पर मनाया जाएगा। उर्स की तैयारियां की जा रही हैं। यह जानकारी उर्स के संयोजक / खादिम मोहम्मद वकार खां वारसी ने दी है। उन्होंने बताया कि 17 मई को फज्र की नमाज के बाद कुरआन ख्वानी होगी। जायरीन में लंगर बांटा जाएगा।

बड़े मंगल पर संकट मोचन मंदिर में राम नाम की गूंज

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

अमृत विचार : ज्येष्ठ माह के दूसरे बड़े मंगल पर संकट मोचन हनुमान मंदिर, रामचरण लाल धर्मशाला परिसर में भक्ति और सेवा का सुंदर संगम देखने को मिला। आदर्श दिव्यांग कल्याण संस्थान एवं ब्रज प्रांत सक्षम के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में महिलाओं ने पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ भागीदारी की। सुबह से मंदिर परिसर में भजन-कीर्तन और सामूहिक सुंदरकांड पाठ से वातावरण भक्तिमय बना रहा। श्रद्धालु राम नाम के गुणगान में लीन होकर भगवान हनुमान की भक्ति में मग्न नजर आए।

संगीतमय धार्मिक आयोजन का संचालन संस्थान की प्रदेश अध्यक्ष मीनाक्षी अग्निवेश एवं मंडल अध्यक्ष नलिनी ओमर के मार्गदर्शन में किया गया। पूजा-अर्चना और धार्मिक

● **भजन और सुंदरकांड के साथ श्रद्धालुओं ने की हनुमत आराधना**

अनुष्ठान की मुख्य सेवा पंडित नीरज वाजपेयी की ओर से विधिपूर्वक संपन्न कराई गई। इसके बाद श्रद्धालुओं और राहगीरों को ठंडा शरबत और लड्डू वितरित किए गए।

समिति के मुख्य संरक्षक हरि शरण वाजपेयी, ब्रज प्रांत सक्षम विभाग संयोजक नीरज वाजपेयी, जिला अध्यक्ष सुशील कुमार कश्यप, महासचिव योगेंद्र मोहन तिवारी, प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश बाबू यादव, अजय कुमार, रचना अवस्थी, नरेंद्र मौर्य, चाहत मिश्र, पूजा, सोनम शर्मा, संगीता वाजपेयी, नेहा वाजपेयी, रुचि वाजपेयी, अरविंद अग्रवाल, वीर सिंह, बाबूराम, अंकुर शर्मा, सागर और श्रवण कुमार समेत अन्य लोगों का सहयोग रहा।

निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 150 को मिला इलाज

शाहजहांपुर, अमृत विचार : एहसास सोशल वेलफेयर सोसाइटी की ओर से प्रभा न्यू मॉन्टेसरी हाईस्कूल, जलालनगर में निःशुल्क स्वास्थ्य चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में लगभग 150 मरीजों का इलाज कर दवाइयां वितरित की गईं। कैंप का आरंभ भाजपा के सदर मंडल अध्यक्ष संजीव सक्सेना एवं पार्षद जितेंद्र सिंह ने फीता काटकर किया। शिविर में मरीजों की रक्त जांच, आंखों की जांच एवं चिकित्सकीय परामर्श निःशुल्क किया गया। साथ ही ऑपरेशन संबंधी मरीजों को विशेष छूट भी प्रदान की गई। जनरल एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जन डॉ. मो. इमरान ने मरीजों को स्वास्थ्य संबंधी परामर्श दिया। वहीं आंखों की जांच ऑप्टोमेट्रिस्ट फैजान हुसैन इदरीसी ने की। शिविर में तस्मिहा हॉस्पिटल की टीम मौजूद रही।

मेड़बंदी प्रकरण: लापरवाही में राजस्व निरीक्षक निलंबित

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

अमृत विचार: तहसील कलान क्षेत्र के ग्राम दोषपुर नगर निवासी आदेश कुमार ने मंगलवार को जनता दर्शन में डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह से मुलाकात कर भूमि मेड़बंदी प्रकरण में कार्रवाई न होने की शिकायत दर्ज कराई। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए डीएम ने संबंधित राजस्व निरीक्षक के निलंबन के निर्देश दिए हैं।

शिकायतकर्ता आदेश कुमार ने बताया कि आराजी ग्राम दोषपुर नगर स्थित खसरा संख्या 79क रकबा 0.162 हेक्टेयर भूमि की मेड़बंदी के लिए उन्होंने न्यायालय में प्रार्थना पत्र दिया था। उनका आरोप है कि राजस्व निरीक्षक रामकुमार श्रीवास्तव की ओर से कच्ची तूदांबदी किए जाने के बावजूद आज तक मेड़बंदी की पत्रावली न्यायालय में दाखिल नहीं की गई।

प्रार्थी ने शिकायत में बताया कि

● **जनता दर्शन में शिकायत पहुंचने पर डीएम ने लिया संज्ञान**

● **एक वर्ष से लंबित थी मेड़बंदी की कार्रवाई और न्यायालय पत्रावली**

विपक्षी गुरुदेव और सुखदेव पुत्रगण छत्रपाल निवासी दोषपुर नगर तथा कंचन पत्नी नेत्रपाल निवासी ग्राम कुमरौर जबरन भूमि पर नींव खोद रहे हैं।

विरोध करने पर विवाद और मारपीट पर उतारू हो जाते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि एक वर्ष बीतने के बाद भी मेड़बंदी की प्रक्रिया पूरी नहीं हो सकी और मामला कानूनगो स्तर पर लंबित रखा गया।

डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने मामले का तत्काल संज्ञान लेते हुए संबंधित राजस्व निरीक्षक के निलंबन के निर्देश दिए। साथ ही पूरे प्रकरण की जांच कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए गए।

सीडी रेशियो सुधारने और योजनाओं में तेजी लाने के निर्देश

शाहजहांपुर, अमृत विचार : जिला स्तरीय बैंकर्स समिति की सितंबर तिमाही बैठक मंगलवार को डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में जिले का क्रेडिट-डिपॉजिट अनुपात 82.70 प्रतिशत होने पर डीएम ने संतोष व्यक्त किया। साथ ही निर्देश दिए कि भारतीय रिजर्व बैंक के मानकों के अनुरूप इस अनुपात को और बेहतर बनाया जाए। डीएम ने विशेष रूप से केनरा बैंक और इंडियन बैंक समेत अन्य बैंकों को अपना सीडी रेशियो शीघ्र सुधारने के निर्देश दिए। बैठक में डीएम ने कहा कि सभी पात्र नागरिकों के जनधन खाते खोले जाएं और उन्हें प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना तथा अटल पेंशन योजना से जोड़ा जाए। सभी खातों में केवाईसी और नामांकन की प्रक्रिया पूरी कराई जाए। डीएम ने जनधन खातों में जारी रुपे कार्ड के एक्टिवेशन के लिए विशेष अभियान चलाने की बात कही। डीएम ने मुद्रा योजना के तहत तरुण प्लस स्कीम में बेहतर प्रदर्शन करने के निर्देश दिए। कहा कि मुख्यमंत्री युवा योजना समेत शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं में लंबित पत्रावलियों का जल्द निस्तारण किया जाए। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन में पीछे चल रहे बैंकों को लक्ष्य जल्द पूरा करने व एग्रीकल्चर इंफ्रास्ट्रक्चर फंड के लंबित आवेदनों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने को कहा गया। भारतीय रिजर्व बैंक के एलडीओ संदीप मिश्र ने बैंक कर्मियों को बैंकिंग सेवाएं देते समय व्यवहारिक कुशलता बनाए रखने के निर्देश दिए। बैठक में डीडीएम नाबार्ड प्रवेश कुमार गंगवार, परियोजना निदेशक, उप कृषि निदेशक, अग्रणी जिला प्रबंधक आरआर तिवारी, सहायक अग्रणी जिला प्रबंधक रवि शर्मा समेत विभिन्न बैंक शाखाओं के प्रतिनिधि और अधिकारी मौजूद रहे।

एनटीए के विरोध में एनएसयूआई का प्रदर्शन, पुलिस से झड़प, कई हुए घायल

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

पुतला फूंकने का प्रयास करते एनएसयूआई कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

अमृत विचार : भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (एनएसयूआई) की ओर से नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) के खिलाफ स्टूडेंट्स के भविष्य से खिलवाड़ और लगातार हो रहे पेपर लीक मामलों को लेकर कांग्रेस कार्यालय के बाहर प्रदर्शन किया गया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने पुतला दहन का प्रयास किया, जिसे रोकने के लिए भारी पुलिस बल तैनात रहा। पुलिस और कार्यकर्ताओं के बीच तीखी झड़प भी हुई। आरोप है कि पुलिस ने पुतला छीना, जिसमें कई घायल हो गए।

एनएसयूआई जिला अध्यक्ष रफी उल हसन ने कहा कि 22 लाख से अधिक छात्रों की मेहनत और सपनों के साथ खिलवाड़ किया गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि पेपर लीक और सरकारी लापरवाही के कारण छात्रों का भविष्य संकट में पड़ गया है। यूथ

● **पेपर लीक मामलों को लेकर कांग्रेस कार्यालय के बाहर पुतला दहन का प्रयास, कई घायल**

कांग्रेस जिला अध्यक्ष राम जी अवस्थी ने कहा कि भाजपा सरकार के 12 वर्षों के कार्यकाल में 89 बार पेपर लीक की घटनाएं सामने आ चुकी हैं और 49वीं बार दोबारा परीक्षा कराई जा रही है। उन्होंने सरकार पर छात्रों के भविष्य को सुरक्षित करने में विफल रहने का आरोप लगाया। जिला उपाध्यक्ष प्रत्युष मिश्र ने कहा कि हर बार पेपर माफिया बच निकलते हैं और ईमानदार छात्रों को मानसिक तनाव व आर्थिक बोझ झेलना पड़ता है। महानगर अध्यक्ष अनुभव कटारिया ने आरोप लगाया कि जब भी एनएसयूआई छात्रों की आवाज उठाती है तो सरकार पुलिस बल का प्रयोग कर आवाज दबाने का प्रयास करती है। इस दौरान अध्ययन आनंद, मो. अयान खान, उमंग मौर्य, अमिल खान, परवेज अहमद, गनी, हर्ष गंगवार, शोभित मिश्र, अफजल, शाहनवाज खान, नितिन तिवारी, हुमैद रजा समेत कई लोग मौजूद रहे।

14 से 18 मई तक विभिन्न स्थानों पर होगी स्व-जनगणना

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

अमृत विचार : डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित बिस्मिल सभागार में जनगणना-2027 की प्रगति को लेकर बैठक आयोजित हुई। बैठक में समस्त उप जिलाधिकारी, चार्ज ऑफिसर, 106 नोडल अधिकारी और 21 विशेष नोडल ऑफिसर मौजूद रहे। डीएम ने 14 से 18 मई तक अलग-अलग स्थानों पर सुबह नौ बजे से स्व-जनगणना कराने के निर्देश दिए। डीएम ने कहा कि 14 मई को सभी सरकारी, गैर सरकारी, मान्यता प्राप्त और निजी विद्यालयों में पैरेंट्स मीटिंग आयोजित कर अभिभावकों को स्व-जनगणना प्रपत्र भरने का प्रशिक्षण दिया जाए। साथ ही सभी अभिभावकों का स्व-जनगणना प्रपत्र भरवाना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने ग्राम प्रधान, ग्राम पंचायत सदस्य, क्षेत्र पंचायत सदस्य

● **डीएम ने विद्यालयों, पंचायत घरों और सहकारी समितियों में बैठकें कराने के दिए निर्देश**

और आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को भी बैठक में शामिल करने के निर्देश दिए।

उन्होंने बताया कि 15 मई को पंचायत घरों में ग्राम प्रधान, पंचायत सदस्यों और गणमान्य लोगों की बैठक कर स्व-जनगणना कराई जाएगी। 16 मई को राशन कार्ड धारकों की बैठक पंचायत घरों में आयोजित होगी। वहीं 17 मई को स्वयं सहायता समूह की महिलाओं और 18 मई को सहकारी समिति के सदस्यों की स्व-जनगणना कराई जाएगी। डीएम ने सभी नोडल अधिकारियों को निर्देश दिए कि सुबह नौ बजे से कार्य सुनिश्चित कराया जाए। बैठक में अपर जिलाधिकारी प्रशासन रजनीश कुमार मिश्र, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अरविंद कुमार समेत अन्य मौजूद रहे।

जन-सुनवाई में आईं 6 शिकायतें, एक निपटी

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

नगर निगम कार्यालय में जन समस्याएं सुनतीं नगर आयुक्त सौम्या गुरूरानी।

अमृत विचार : नगर आयुक्त सौम्या गुरुरानी की अध्यक्षता में मंगलवार को नगर निगम कार्यालय में जन सुनवाई दिवस के दौरान साफ-सफाई, शुद्ध पेयजल की आपूर्ति, प्रकाश बिन्दु, नाली निर्माण एवं कर विभाग से सम्बन्धित समस्याओं एवं शिकायतों को रखा गया।

जन-सुनवाई दिवस में 06 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें से एक समस्या का मौके पर ही निस्तारण किया गया। नगर आयुक्त ने शेष के निस्तारण के लिए सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित किया।

जन सुनवाई दिवस में अपर नगर आयुक्त एसके सिंह, संयुक्त नगर आयुक्त संगीता कुमारी, सहायक नगर आयुक्त राजकुमार गुप्ता, सहायक नगर आयुक्त तरुण प्रताप सिंह, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनोज कुमार मिश्रा, महाप्रबंधक जल विजय नारायण मौर्य व अन्य मौजूद रहे।

● **नगर आयुक्त ने सुनीं समस्याएं, दिए दिशा- निर्देश**

स्थलीय निरीक्षण कर कार्रवाई करने की मांग

लोदीपुर के सामाजिक कार्यकर्ता शाहनवाज खान ने मोहल्ले में जनहित से जुड़ी कई समस्याओं को लेकर नगर निगम में प्रार्थना पत्र देकर समाधान कराने की मांग की। उन्होंने मंगलवार को दिए पत्र में कहा कि सुभाष चंद्र बोस चौराहा से लोदीपुर में एनटीआई स्कूल की साइड में नाले का निर्माण 6 वर्षों से अधूरा पड़ा है। जिससे गंदा पानी जमा होने से क्षेत्रवासियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। महिंद्रा एजेंसी तक नाले का निर्माण अधूरा पड़ा होने से जल निकासी बाधित हो रही है। वर्ष 2015 में राष्ट्रीय मार्ग से विषय सिंह राठौर के घर के पीछे तक बनाई गई सड़क एवं नाली का पानी एक निजी भूमि में भरने से जलभराव की समस्या उत्पन्न हो रही है। उन्होंने नगर आयुक्त से मौके का स्थलीय निरीक्षण कर समाधान कराने की मांग की।

दिल्ली में तुगलक का सफल मंचन

शाहजहांपुर, अमृत विचार : जनपद की सांस्कृतिक सामाजिक संस्था कोरोनेशन आर्ट थिएटर ने दिल्ली के एनएबी ऑडिटोरियम में नाटक तुगलक का सफल मंचन कर दर्शकों की भरपूर तालियां बटोरी।

भारत सरकार संस्कृति मंत्रालय के सहयोग से गिरीश कर्नाड लिखित तुगलक नाटक में लगातार दो घंटे तक दर्शकों को बांधे रखने में कामयाबी हासिल करते हुए दिखाया गया कि "तुगलक" केवल एक ऐतिहासिक नाटक नहीं है, बल्कि यह सत्ता और आदर्शवाद के संघर्ष की गहरी व्याख्या भी है। उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी से सम्मानित चर्चित रंगकर्मी ज़रीफ़ मलिक आनंद द्वारा निर्देशित इस नाटक में कलाकारों ने अपने पात्र अनुरूप अभिनय की बुलंदियों को छुआ। समापन पर निर्देशक जरीफ मलिक आनंद ने सभी का आभार व्यक्त किया। संगीत संचालन में पार्थ शामिल रहे। नाटक को कामयाब बनाने में रंगकर्मी सौमित्र शुक्ला की सराहनीय भूमिका रही।

कानूनी और संवैधानिक अधिकारों की मांग को लेकर प्रदर्शन

विभिन्न मांगों को लेकर प्रदर्शन करते दवा प्रतिनिधि। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

अमृत विचार : उत्तर प्रदेश मेडिकल एंड सेल्स रिप्रेजेंटेटिव एसोसिएशन इकाई एवं सीटू के पदाधिकारी शहीद उद्यान पर एकत्रित हुए। केंद्रीय ट्रेड यूनियन संयुक्त मंच व एफएमआरएआई के आह्वान पर राष्ट्रीय मांग दिवस पर संगठनों के पदाधिकारी व दवा प्रतिनिधि कलेक्ट्रेट पहुंचे और मांगों को लेकर नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। इसके बाद प्रधानमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन अतिरिक्त मजिस्ट्रेट अपूर्वा सिंह को सौंपा।

ज्ञापन में मुख्य रूप से न्यूनतम वेतन 26 हजार रुपए प्रतिमाह किए जाने की मांग उठाई गई। इसके अलावा

● **केंद्रीय ट्रेड यूनियन संयुक्त मंच और एफएमआरएआई ने मनाया राष्ट्रीय मांग दिवस**

सख्ती से 8 घंटे का कार्य दिवस लागू करने, डबल ओवरटाइम भुगतान सुनिश्चित करने, कार्यस्थल पर सुरक्षा प्रदान करने, ठेका मजदूरों के साथ समान व्यवहार करने तथा ठेका श्रम व्यवस्था समाप्त कर नियमितीकरण किए जाने, चारों श्रम संहिताओं को निरस्त करने, विक्रय संवर्धन कर्मचारी सेवा शर्त अधिनियम 1976 एवं वर्तमान श्रम कानूनों को जारी रखने की मांग भी शामिल रही। ईंधन एवं अन्य आवश्यक वस्तुओं की कीमतों में वृद्धि को देखते हुए दैनिक भत्ता एवं यात्रा भत्ता में वृद्धि की जाएं। संवैधानिक और कानूनी अधिकारों पर हो रहे हमलों को बंद किया जाए व श्रमिकों एवं यूनियन नेताओं के खिलाफ विरोध को दबाने के उद्देश्य से दर्ज झूठी पुलिस शिकायतों को निरस्त किया जाए।

ज्ञापन देने वालों में संस्था के अध्यक्ष हिमांशु मिश्रा, सचिव सीएल तिवारी, प्रदेश कार्यकारी सदस्य एवं जिलाध्यक्ष सीटू मुरारी दीक्षित, उपाध्यक्ष विकास तिवारी, उपाध्यक्ष दलजीत त्रिपाठी, शिवम शर्मा, संदीप यादव, अखिलेश कुमार, विशाल सिंह, फैसल खान, संतोष चौहान, विकास, अभिषेक मिश्रा, मोहित तिवारी एवं शुभम मिश्रा सहित तमाम दवा प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

बारिश में भीगते हुए वन कर्मियों का प्रदर्शन

शाहजहांपुर अमृत विचार : जनपद में वन एवं वन्य जीव विभाग के दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों का अनिश्चितकालीन धरना मंगलवार को तीसरे दिन भी जारी रहा। न्यूनतम वेतन दैनिक भोगी वन कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में कर्मचारियों ने विभागीय उत्पीड़न और शासन की अनदेखी के खिलाफ प्रभागीय कार्यालय पर बारिश में भीगते हुए करते मांगों को लेकर प्रदर्शन किया। वन विभाग के किसी अधिकारी ने बारिश में भीग रहे कर्मियों को टीन में बुलाने की भी जहमत नहीं की जिससे प्रदर्शनकारियों में आक्रोश है। धरने के दौरान संघ के जिलाध्यक्ष अनिल कुमार ने कहा कि विभाग के भीतर भ्रष्टाचार और विसंगतियों के आरोप लगाए गए। कर्मचारियों ने प्रतिमाह वेतन का नियमित भुगतान, सभी कर्मचारियों को ईपीएफ नंबर आवंटित करने तथा समान कार्य के बदले समान वेतन लागू किए जाने की मांग उठाई। इसके साथ ही पिछले 120 महीनों में नियमावली के विपरीत हुई नियुक्तियों, अधिकारियों के सगे-संबंधियों की तैनाती तथा फर्जी बिलिंग के जरिए बजट हेराफेरी की उच्चस्तरीय जांच कराने की मांग की गई। कर्मचारियों ने बिना ठोस कारण हटाए गए कर्मचारियों को सेवा में बहाल करने, दैनिक भोगी वन कर्मचारी सौ. संस्था वर्षों से एक ही पटल पर जमे बाबुओं का गैर-जनपद में स्थानांतरण किए जाने तथा विभाग में श्रमिक विभाग के आदेशों का पालन सुनिश्चित कराने की मांग भी रखी। धरना प्रदर्शन में जिला महामंत्री राजीव कुमार, कोषाध्यक्ष विपिन कुमार भारती, प्रभारी मंत्री पंकज मिश्रा, महासचिव बबलू सिंह, गौरव, प्रभात, रामकिशोर, वरुण, सरवन, अजीत सिंह चौहान, रामकरण आदि शामिल रहे।

एसीएम ने किया स्टेशन का निरीक्षण

शाहजहांपुर, अमृत विचार : मुरादाबाद मंडल के एसीएम हरी सिंह मीना मंगलवार की सुबह साढ़े पांच बजे चंडीगढ़ एक्सप्रेस से प्लेटफार्म पर उतरे। उन्होंने प्लेटफार्म एक और सर्कुलेटिंग एरिया का निरीक्षण किया। पुराना पार्सल घर और पुराना जीआरपी थाना भवन को तोड़े गए मलबे को देखा और जानकारी की। उन्होंने स्टेशन पर सफाई व्यवस्था को भी देखा। निरीक्षण के बाद पोरबंदर एक्सप्रेस से मुरादाबाद के लिए चले गए।



न्यूज ब्रीफ

डिवाइडर से टकराई कार फंसकर रेलिंग पर लटकी

तिलहर, अमृत विचार : नगर के मोहल्ला मौजमपुर निवासी पेट्रोल पंप स्वामी प्रमोद सिंह मंगलवार सुबह घर से बंथरा डिपो तेल का टैंकर लेने गए थे। वह तेल का टैंकर लेकर कार से घर लौट रहे थे। इसी दौरान नवीन गल्ला मंडी के निकट अचानक उनकी कार अनियंत्रित हो गई और हाईवे के डिवाइडर से टकराने के बाद रेलिंग पर चढ़कर अटक गई। हादसे में प्रमोद सिंह के हाथ और सिर में चोटें आई हैं। दुर्घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और हालात का जायजा लिया।

दो वर्षीय बच्ची छत से गिरकर घायल, रेफर

पुवायां, अमृत विचार : क्षेत्र के गांव फरेंदा बरा में नीतीश कुमार की दो वर्षीय बच्ची छत से नीचे गिर गई, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। आनन-फानन में बच्ची को उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर उसे बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया।

टोल प्लाजा पर शुल्क हटाने की मांग

शाहजहांपुर, अमृत विचार : तिलहर के समाजसेवी कौशल कुमार गुप्ता ने सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय को पत्र भेजकर राष्ट्रीय राजमार्ग 30 फरीदपुर, बरेली में टोल प्लाजा पर टोल टैक्स को नि:शुल्क करने की मांग की। पत्र में चेतावनी दी कि यदि एक माह के भीतर टोल टैक्स नि:शुल्क नहीं किया तो भूख हड़ताल करेंगे। पत्र भेजने वालों में डॉ. आलोक अग्रवाल, सुखदेव आर्य, सभासद संगीता सिंह, सभासद सतेन्द्र सिंह, कनवीर मनराज आदि थे।

बच्चों के विवाद में दांतों से काटा कान, रिपोर्ट दर्ज

शाहजहांपुर, अमृत विचार : रामचंद्र मिशन थाना क्षेत्र के गांव कारी मकुआपुर निवासी दीपक ने थाने पर दी तहरीर में बताया कि गांव के मुनीश के साथ बच्चों के विवाद के बाद उसकी बच्ची ने अपनी जगह पर उनके दरवाजे के सामने शौच कर दिया। इस बात को लेकर मुनीश और गोविंदा उसके दरवाजे पर आए और गाली देने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने उसे और उसके भाई राजू को पीटकर घायल कर दिया। आरोपी मुनीश ने उसका कान दांतों से काट लिया। आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करके कार्रवाई की जा रही है।

कैमरे लगाने के विवाद में विवि की टीम ने की जांच

शाहजहांपुर, अमृत विचार : आर्य महिला डिग्री कॉलेज में प्राचार्य और स्टाफ के बीच कैमरे लगाने को लेकर चल रहे विवाद के बाद रुहेलखंड विवि की तीन सदस्यीय टीम जांच करने के लिए पहुंची। शिक्षिका ऋतु शर्मा ने बताया कि टीम ने शिक्षकों की शिकायत के आधार पर उनके बयान दर्ज किए, साथ ही साक्ष्य भी प्राप्त किए। इस दौरान प्राचार्य से भी जानकारी ली गई।

युवक की जेब काटकर 40 हजार रुपये निकाले

शाहजहांपुर, अमृत विचार : जलालाबाद थाना क्षेत्र के गांव विश्रामनगर निवासी इच्छाराम ने थाना पर दी गई तहरीर में बताया कि मंगलवार को दिन में 11 बजे बैंक से खाते से 20 हजार रुपये निकाले। उनके पास पहले से 20 हजार रुपये थे। वह बैंक से 20 कदम की दूरी पर गए। बाइक पर सवार दो युवक उनके पास आए और रास्ता पूछने के बहाने बाइक पर बीच में बैठा लिया। कुछ दूर चलने के बाद बाला जी मंदिर के पास बाइक सवारों ने उन्हें उतार दिया और बाइक लेकर कांट की तरफ भाग गए। उन्होंने देखा कि उनकी जेब कटी हुई है और 40 हजार रुपये गायब है।

हेड कांस्टेबल के बेटे समेत तीन ने फंदा लगा दी जान

परिजन बोले- मानसिक तनाव में था नैमिष, पोस्टमार्टम से किया इंकार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

अमृत विचार : जिले में अलग-अलग स्थानों पर हेड कांस्टेबल के बेटे समेत तीन लोगों ने फंदा लगाकर जान दे दी। पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई की।

सीतापुर जिले के थाना रामकोट के गांव जूड़ा बस्ती निवासी देवेंद्र कुमार पुलिस विभाग में हेड कांस्टेबल है। उनकी पोस्टिंग सीओ सदर कार्यालय में है। वह सरकारी आवास में रहते है। उनका बेटा नैमिष(16) सोमवार की रात दस बजे एक कमरे में सोने के लिए चला गया। उसने रात में किसी समय पंखे के कुंडे से दुपट्टा का फंदा गले में डालकर आत्महत्या कर ली। देवेंद्र सुबह छह बजे सोकर उठे तो देखा कि कमरे में गए तो देखा कि बेटा मृत अवस्था में लटका हुआ है। परिवार में रोना पीटना मच गया। इस दौरान लोगों की भीड़ लग गयी। सूचना पर पुलिस अधिकारी और सदर बाजार पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव नीचे उतार लिया। परिजनों ने बताया कि नैमिष कक्षा 12 की पढ़ाई कर रहा था। वह कुछ दिन से मानसिक तनाव में था, लेकिन परिवार वाले तनाव का कारण नहीं बता पाए। परिवार वालों का कोई आरोप नहीं है।

परिवार वालों ने पोस्टमार्टम कराने से मना कर दिया। थाना प्रभारी राजीव कुमार ने बताया कि परिजनों के अनुसार वह कुछ दिन से मानसिक तनाव में था। परिवार वाले उसका शव सीतापुर लेकर चले गए है।

बच्चों को लेकर मायके गई पत्नी तो लटक गया सर्वेश

मदनापुर थाना क्षेत्र के गांव उस्मानपुर निवासी सर्वेश(35) की शादी कई साल पहले कांट के गांव टाडा पर्वतपुर में सुनीता देवी के साथ हुई थी। दस दिन पहले दोनों में विवाद के बाद पत्नी बच्चों को लेकर मायके चली गई थी। वह मां रामबेटी के साथ रहता था। सोमवार की रात खाना खाकर सोने के लिए कमरे में चला गया। मंगलवार सुबह मां उठी तो देखा कि एक कमरे का दरवाजा अंदर से बंद था। उसने खटखटाया लेकिन नहीं खुला। उसने रिश्तेदार और गांव वालों को बताया कि दरवाजा नहीं खुल रहा है। परिवार वालों ने दरवाजा तोड़ा तो सर्वेश का शव धोती से लटका हुआ मिला। मदनापुर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को नीचे उतार लिया। खबर सुनकर सुनीता ससुराल पहुंच गई। वह शराब का आदी थी और मजदूरी कर मिले सभी रुपये से शराब पी जाता था। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि परिवार वालों का कोई आरोप नहीं है। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

दो दिन पहले रिश्तेदारी में जाने को निकले मिथिलेश का पेड़ से लटका मिला शव

शाहजहांपुर, अमृत विचार : बंडा क्षेत्र में अधेड़ व्यक्ति ने गांव के बाहर पेड़ से रस्सी का फंदा गले में डालकर आत्महत्या कर ली। वह दो दिन पहले घर से रिश्तेदारी में जाने के लिए निकले थे। मदनापुर थाना क्षेत्र के कस्बा निवासी मिथिलेश कुमार(55) की बहन माया देवी बंडा के गांव भानपुर निबुआ चक में रहती है। उनकी पत्नी मीना देवी और बेटे पवन की कई साल पहले मौत हो चुकी है। जिस कारण वह परेशान रहते थे। उनकी दो विवाहित बेटियां है। वह परिवार में अकेले होने के कारण पिछले दो साल से माया देवी के यहां रह रहे थे। वह दो दिन पहले घर से कपड़े का बैग लेकर रिश्तेदारी में जाने के लिए निकले थे। सोमवार की शाम उनका शव गांव के बाहर लोगों ने बाग में एक पेड़ से रस्सी से लटका हुआ देखा। बैग और चप्पले पेड़ के नीचे पड़ी थी। बंडा पुलिस मौके पर पहुंची और शव को नीचे उतार लिया। भांजे प्रमोद ने बताया कि 07 मई को उनके घर चाचा के बेटे की शादी थी और परिवार के लोग व्यस्त थे। उनका कोई आरोप नहीं है। वह खुद को अकेला महसूस करते थे। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि परिवार वालों का कोई आरोप नहीं है।

प्रताड़ना से तंग विवाहिता ने दी जान, दामाद और समधन पर रिपोर्ट दर्ज

शाहजहांपुर, अमृत विचार : रामचंद्र मिशन थाना क्षेत्र के गांव कनेंग निवासी पूनम सिंह ने थाने पर दी तहरीर में बताया कि उसने पुत्री राधा की शादी कई साल पहले वीरेश निवासी सकतिया थाना खुदागंज के साथ की थी। शादी के कुछ दिन तक ठीक-ठाक रहा। ससुराली पुत्री को दिव्यांग और अन्य बातों को लेकर प्रताड़ित करने लगे। मारपीट करते और खाना तक नहीं देते है। इन सबसे पुत्री अवसाद में रहने लगी। चार साल से उसकी पुत्री मायके में रह रही है। ससुराली ले जाने के लिए तैयार नहीं है। आरोप है कि वीरेश ने फोन करके बताया कि उसने दूसरी शादी कर ली है। शनिवार को उसकी पुत्री ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि आरोपी पति और उसकी मां के खिलाफ विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

संदिग्ध हालात में कपड़ा व्यापारी के पुत्र की मौत

कलान, अमृत विचार : नगर पंचायत कलान के मोहल्ला सरस्वती नगर में कपड़ा व्यापारी के पुत्र की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मोहल्ला सरस्वती नगर निवासी अमित उर्फ बंटू सक्सेना की बदायूं-फर्रुखाबाद स्टेट हाईवे पर कपड़ों की दुकान हैं। उनका पुत्र प्रांशु उर्फ लवी सोमवार रात खाना खाने के बाद छत पर सोने चला गया था। मंगलवार सुबह काफी देर तक नीचे न आने पर मां मिथिलेश कुमारी ने दुकान जाने के लिए जगाया, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। इसके बाद अमित ने बेटे को उठाने का प्रयास किया। काफी देर तक कोई हलचल नहीं दिखने पर परिजन डॉक्टर के पास ले गए, जहां उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों के अनुसार उसके नाक और कान से हल्का खून निकला था। हालांकि मौत का स्पष्ट कारण सामने नहीं आ सका है। बेटे की मौत के बाद मां मिथिलेश कुमारी समेत पूरे परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है।

यातायात नियमों की धज्जियां उड़ा रहे पुलिस कर्मी

शाहजहांपुर, अमृत विचार : थाना आरसी मिशन में तैनात सिपाही और दरोगा का यातायात नियमों की अवहेलना करने का फोटो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा। इसमें लोगों ने तीखी प्रतिक्रियाएं दी हैं। सोशल मीडिया पर थाना आरसी मिशन में तैनात सिपाही मंजीत सिंह और उनकी बाइक पर बैठे फत्तेपुर चौकी प्रभारी प्रवीण कुमार का सोशल मीडिया पर फोटो वायरल हो रहा है। इसमें सिपाही बिना हेलमेट के बाइक चला रहा है और चौकी प्रभारी बाइक के पीछे बैठे हुए हैं। वायरल फोटो में लोग विभिन्न प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं। लोगों का आरोप है कि आरसी मिशन पुलिस चेकिंग के दौरान नियमों का पालन करने की हिदायत देते हुए लोगों के साथ अभद्र व्यवहार तक कर देती है, लेकिन खुद नियमों का पालन नहीं करती है। अपराध निरीक्षक अमित कुमार ने बताया कि समस्त स्टाफ को यातायात नियमों का पालन करने की हिदायत दी गई है। यदि नियमों का उल्लंघन पाया गया तो समान रूप से कार्रवाई की जाएगी।

25 किमी दायरे में दो टोल टैक्स का विरोध

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- पलिया-शाहजहांपुर मार्ग पर पांच किमी दायरे के निवासियों को टोल टैक्स से मुक्त करने की मांग
- मांग पूरी न होने पर आंदोलन की चेतावनी, भाकियू ने अतिरिक्त मजिस्ट्रेट को सौंपा ज्ञापन

अमृत विचार : पुवायां रोड पर 25 किलोमीटर के दायरे में दो टोल टैक्स बनाए जाने के विरोध में भारतीय किसान यूनियन परिवर्तनवादी ने जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर स्थानीय लोगों को टोल टैक्स से राहत देने की मांग उठाई। यूनियन ने पलिया-शाहजहांपुर मार्ग पर पांच किलोमीटर दायरे में रहने वाले स्थायी निवासियों को टोल टैक्स से मुक्त करने की मांग की है।

भाकियू परिवर्तनवादी के राष्ट्रीय अध्यक्ष महेंद्र सिंह यादव ने डीएम संबोधित ज्ञापन अतिरिक्त मजिस्ट्रेट चित्रा निर्वाल को सौंपते हुए कहा कि शाहजहांपुर से 18 किलोमीटर दूर रजऊ और महमंदपुर के बीच बनाए गए टोल टैक्स से पुवायां और बंडा क्षेत्र के लोगों पर दोहरे टोल टैक्स का बोझ पड़ेगा। उन्होंने कहा कि पहले से मौजूद पुवायां-बंडा रोड के टोल टैक्स और नए टोल की दूरी मात्र 25 किलोमीटर है, जिससे क्षेत्र की जनता में भारी नाराजगी है।

उन्होंने कहा कि स्थानीय लोगों की समस्या को लेकर दूसरी बार ज्ञापन दिया गया है। यदि मांगों पर जल्द फैसला नहीं लिया गया तो यूनियन 15 मई से आंदोलन, भूख हड़ताल और धरना-प्रदर्शन शुरू करने को मजबूर होगी। इसकी पूरी जिम्मेदारी शासन और प्रशासन की होगी।

इस दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष महेंद्र सिंह यादव, जिलाध्यक्ष मुकुट बिहारी यादव, खुशीराम राठौर, सौदान सिंह, सर्वेश कुमार राठौर, क्रांति सिंह, रामकुमार गौतम समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

रोडवेज बस की टक्कर से स्कूटी सवार दंपती गंभीर घायल

तिलहर, अमृत विचार : कोतवाली क्षेत्र के नेशनल हाईवे पर रोडवेज बस की टक्कर लगने से स्कूटी सवार दंपती गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा कचियानी खेड़ा हनुमान मंदिर के निकट हुआ। गुस्साए लोगों ने बस रोक ली। सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। घायलों के रिश्तेदार मुकेश ने सरकारी एंबुलेंस की मदद से दोनों को नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने हालत गंभीर होने पर दोनों को राजकीय मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। दुर्घटना में घायल सरला देवी(50) और पति विजयपाल(65) निवासी ग्राम सोंधा थाना जैतीपुर बताए गए हैं। कोतवाली प्रभारी प्रिंस शर्मा ने बताया कि रोडवेज बस को पुलिस ने कब्जे में ले लिया है। तहरीर मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

सड़क दुर्घटनाओं में तीन की मौत, एक घायल

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- मिर्जापुर बंडा और मदनापुर में हुए सड़क हादसे परिवार में कोहराम

अमृत विचार : जिले में अलग-अलग स्थानों पर सड़क दुर्घटनाओं में तीन लोगों की मौत हो गई। कटरा क्षेत्र में दो ट्रकों की टक्कर से ट्रक में सवार एक युवक, बंडा में अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार और मिर्जापुर में दो बाइकों की टक्कर में बाइक पर पीछे बैठे युवक की पुल से गिरकर मौत हो गई।

बंडा क्षेत्र के गांव मियापुर संवात निवासी पंकज कुमार(28) सोमवार की शाम बंडा बाजार में सब्जी खरीदने गया था। रात आठ बजे सब्जी खरीदकर लौट रहे पंकज की बाइक को खनबाड़ी गांव के सामने अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी, जिससे वह घायल हो गया। चालक वाहन लेकर भाग गया।

सूचना पर पुलिस और परिवार वाले मौके पर पहुंच गए। घायल पंकज को सीएचसी पर भेज दिया, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। पंकज मजदूरी कर पत्नी ज्योति, बेटी और एक साल बेटा का भरण पोषण करते थे। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

दो ट्रकों की टक्कर में युवक की मौत

शाहजहांपुर, अमृत विचार : बरेली के भुता थाना के गांव अठकोना निवासी विवेश उर्फ कल्लू यादव और उसका भाई संदीप ट्रक लेकर कटरा की ओर आ रहे थे। चौधरी ढाबे के सामने उनके ट्रक की सामने से आ रहे ट्रक टक्कर हो गयी। दोनों ट्रकों के अगले हिस्से क्षतिग्रस्त हो गए। दोनों के चालक हादसे के बाद फरार हो गए। ट्रक में सवार सचिन यादव(22) निवासी अठकोना थाना भुता जिला बरेली घायल हो गया। सीएचसी में डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। पिता छत्रपाल यादव ने बताया कि ट्रक चालक कल्लू का भाई संदीप यादव उसके बेटे सचिन को कटरा में एक फैक्ट्री में काम दिलाने के लिए घर से बुलाकर ले गया था। उसका आरोप है कि संदीप एवं कल्लू यादव की साजिश हो सकती है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

डिवाइडर से टकराई कार, युवक घायल

शाहजहांपुर, अमृत विचार : मंगलवार सुबह तिलहर थाना क्षेत्र के गांव मौजमपुर निवासी प्रमोद कार से बंथरा गए थे। उसके बाद मदनापुर जा रहे थे। नवीन गल्ला मंडी के पास कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर की रेलिंग तोड़ते हुए सड़क के दूसरी ओर जाकर पहुंच गयी। कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गयी। इस दौरान हाईवे पर जाम लग गया। घायल प्रमोद को सीएचसी पर भेज दिया। उपनिरीक्षक जोगेंद्र प्रताप सिंह मौके पर पहुंचे।

बाइक से उछलकर पुल के नीचे गिरे युवक की मौत

शाहजहांपुर, अमृत विचार : मिर्जापुर थाना क्षेत्र के गांव मुड़िया खेड़ा निवासी राजकुमार(24) अपने ताऊ के बेटे प्रमोद के साथ मंगलवार की दोपहर दो बजे बाइक से जलालाबाद थाना क्षेत्र में चंदोखा गांव रिश्तेदारी में जा रहे थे। कोला पुल पर उनकी बाइक दूसरी बाइक से टकरा गयी, जिससे बाइक पर पीछे बैठे राजकुमार उछलकर पुल के नीचे गिर गया और मौके पर मौत हो गयी। हादसे के बाद दूसरा बाइक सवार बाइक लेकर भाग गया। बाइक चला रहा प्रमोद घायल हो गया। परिवार में रोना पीटना मच गया। मिर्जापुर थाना प्रभारी ने बताया कि तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

हर्ष फायरिंग में पिता-बेटे पर रिपोर्ट दर्ज

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

अमृत विचार : खुदागंज क्षेत्र लाइसेंसी राइफल से फायरिंग का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। पुलिस अधिकारियों ने वीडियो को संज्ञान में लेते हुए युवक की पहचान कर ली है। युवक खुदागंज क्षेत्र का रहने वाला है। पुलिस ने युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है।

खुदागंज थाना के उप निरीक्षक राजकुमार गौतम ने थाना पर दी गई तहरीर में बताया कि सोमवार को एक युवक राइफल से फायर कर रहा है, जिसका वीडियो वायरल हो रहा है। जांच में पाया गया कि प्रियांशु निवासी शहजादपुर थाना खुदागंज है, जो परिवार समेत गांव शहजादपुर में रह रहा है। उसने राइफल से कई राउंड फायर किए। जिस राइफल से फायर कर रहा है उसका पिता संजू सिंह के नाम लाइसेंस है। दीपावली के समय आरोपी प्रियांशु ने हर्ष फायर किए है। पुलिस ने आरोपी की तलाश में घर पर दबिश दी। पुलिस को आरोपी घर पर नहीं मिला। पुलिस ने आरोपी प्रियांशु सिंह और संजू सिंह के खिलाफ विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है।

फायरिंग करता आरोपी। • अमृत विचार

- सोशल मीडिया पर वायरल, पिता की राइफल का दुरुपयोग

राइफल से फायरिंग वीडियो वायरल

खुदागंज, अमृत विचार : लाइसेंसी राइफल से फायरिंग करते एक युवक का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। पुलिस तक वीडियो पहुंचने के बाद कार्रवाई की तैयारी शुरू कर दी गई है। ताया जा रहा है कि फायरिंग करने वाला युवक खुदागंज क्षेत्र का रहने वाला है। वीडियो में युवक लाइसेंसी राइफल से लगातार फायर करता नजर आ रहा है। वहीं पीछे मौजूद महिलाएं उसे रोकने के बजाय फायरिंग के लिए उकसाती सुनाई दे रही हैं।

तेज आंधी और बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त

संवाददाता, खुदागंज

अमृत विचार : मंगलवार दोपहर करीब 12 बजे अचानक आई तेज आंधी और बारिश ने क्षेत्र में भारी तबाही मचा दी। तेज हवाओं के कारण कई स्थानों पर पेड़ और बिजली पोल गिर गए, जिससे इलाके की बिजली व्यवस्था पूरी तरह प्रभावित हो गई। आंधी और बारिश के चलते जनजीवन भी अस्त-व्यस्त हो गया।

तेज हवा के झोंकों से कई मकानों की कमजोर दीवारें गिर गईं। कई घरों की छतों पर लगे सोलर सिस्टम उखड़कर दूर जा गिरे, जिससे लोगों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा। बारिश के बाद कई जगह जलभराव की स्थिति बन गई और गिरी हुई संरचनाओं के कारण आवागमन भी प्रभावित हुआ।

स्थानीय लोगों ने बताया कि अचानक बदले मौसम ने कई परिवारों को मुश्किल में डाल दिया। जिन घरों की दीवारें गिरीं, वहां रहने वाले परिवारों में दहशत का माहौल बना रहा। बिजली पोल गिरने से कई मोहल्लों में बिजली आपूर्ति ठप हो गई, जिससे लोगों को भारी परेशानी उठानी पड़ी। क्षेत्रवासियों ने प्रशासन और संबंधित विभागों से जल्द राहत कार्य शुरू कराने की मांग की है।

तेज आंधी से टूटा पोल। • अमृत विचार

- दीवारें गिरीं, पेड़ और पोल धराशायी होने से बिजली संकट

हाई वोल्टेज से उपकरण फुंके: पुवायां : सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के बाहर रखे विद्युत ट्रांसफार्मर में आई तकनीकी खराबी के चलते मंगलवार दोपहर तेज आंधी के दौरान हाई वोल्टेज की समस्या हो गई। पूरी लाइन डबल फेस हो जाने से कई सरकारी कार्यालयों और विभागों के विद्युत उपकरण जल गए। बताया गया कि उक्त ट्रांसफार्मर से सिविल कोर्ट, क्षेत्राधिकारी कार्यालय, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तथा वन विभाग को विद्युत सप्लाई दी जाती है। आंधी के दौरान सप्लाई में गड़बड़ी होने से सबसे पहले वन विभाग के समर का स्टार्टर समेत अन्य उपकरण फुंक गए। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक ने बताया कि अचानक हाई वोल्टेज आने से अस्पताल के कई पंखे, फ्यूज तथा अन्य विद्युत उपकरण खराब हो गए। वहीं क्षेत्राधिकारी कार्यालय और सिविल कोर्ट में भी कई इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के जलने की सूचना है। कर्मचारियो ने दोबारा विद्युत सप्लाई शुरू कराई।

आंधी में गिरे 30 खंभे, चार फीडर बाधित

तिलहर, अमृत विचार : मंगलवार सुबह आई तेज आंधी और बारिश के चलते नगर और ग्रामीण क्षेत्रों की बिजली व्यवस्था बुरी तरह प्रभावित हो गई। तेज हवाओं के कारण 100 से अधिक गांवों की आपूर्ति ठप हो गई, जबकि करीब 30 खंभे टूटने की सूचना है। नगर क्षेत्र के भी चार फीडर बाधित हो गए। मंगलवार सुबह करीब 11 बजे अचानक तेज रफ्तार से हवाएं चलनी शुरू हुईं, जो देखते ही देखते तेज आंधी में बदल गईं। आंधी और बारिश के कारण कई स्थानों पर लाइनें क्षतिग्रस्त हो गईं। जेई के अनुसार बदले मौसम के चलते ग्रामीण क्षेत्र के 100 से अधिक गांवों की आपूर्ति बाधित हुई है। करीब 30 खंभे भी टूट गए हैं। आंधी के बाद विद्युत विभाग की ओर से क्षति का सर्वे कराया जा रहा है। नगर क्षेत्र में भी चार फीडर की बिजली आपूर्ति प्रभावित रही। हालांकि नगर में केवल हिंदू पट्टी विद्युत सप्लाई का फीडर चालू रहा। अन्य क्षेत्रों में बिजली बाधित होने से लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। नगर के बाईपास चौराहे पर लगा जर्जर खंभा टूटकर केबल में अटक गया। इससे खतरे की स्थिति बन गई। टीम क्षतिग्रस्त लाइनों और खंभों को दुरुस्त करने में जुटी हुई है।

समाज की रीढ़ हैं मरीजों की सेवा में जुटीं नर्स

अंतरराष्ट्रीय नर्सेज डे पर वरुण अर्जुन नर्सिंग कॉलेज में फ्लोरेंस नाइटिंगेल को समर्पित रंगारंग आयोजन

अंतरराष्ट्रीय नर्सेज डे पर आयोजित कार्यक्रम में मौजूद छात्राएं। • अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

अमृत विचारः बनथरा स्थित वरुण अर्जुन विवि के वरुण अर्जुन नर्सिंग कॉलेज में अंतरराष्ट्रीय नर्सेज डे पर भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। फ्लोरेंस नाइटिंगेल को समर्पित कार्यक्रम में बीएससी नर्सिंग, जीएनएम और एएनएम की छात्राओं ने नृत्य, रंगोली, स्लोगन लेखन और पोस्टर प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का संचालन गोविंद तिवारी ने किया।

कार्यक्रम का आरंभ उप-प्राचार्य दीपक पचौरी ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस दौरान सहायक प्रोफेसर

• नृत्य, रंगोली, स्लोगन और पोस्टर प्रतियोगिताओं में छात्राओं ने दिखाई प्रतिभा

रेणुका, प्रिया वर्मा, दिव्या और करिश्मा मौजूद रहीं। उप-प्राचार्य दीपक पचौरी ने कहा कि नर्सें समाज की रीढ़ हैं और दिन-रात मरीजों की सेवा में लगी रहती हैं। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय नर्सेज डे का उद्देश्य नर्सों के योगदान को सम्मान देना है। कार्यक्रम में छात्राओं ने फ्लोरेंस नाइटिंगेल की थीम पर नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों की खूब तालियां बटोरीं। जीएनएम छात्राओं ने ग्रामीण संस्कृति पर आधारित समूह नृत्य प्रस्तुत किया, जबकि एएनएम छात्राओं ने स्वास्थ्य जागरूकता का संदेश दिया। रंगोली प्रतियोगिता में छात्राओं ने नर्सिंग और स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े आकर्षक चित्र बनाए। स्लोगन लेखन प्रतियोगिता में नर्सिंग पेशे की महत्ता पर प्रभावशाली संदेश लिखे गए। पोस्टर प्रतियोगिता में कोविड-19, मातृ स्वास्थ्य और टीकाकरण जैसे विषयों पर जागरूकता संबंधी पोस्टर तैयार किए गए। विजेता छात्राओं को पुरस्कार और प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए।

वक्ताओं ने नर्सिंग शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं में नर्सों की भूमिका पर प्रकाश डाला। छात्राओं ने कार्यक्रम को प्रेरणादायक बताते हुए सेवा भावना के साथ कार्य करने का संकल्प लिया। समापन पर मिठाई वितरित की गई। इस दौरान गोविंद तिवारी समेत कॉलेज का स्टाफ और बड़ी संख्या में छात्राएं मौजूद रहीं।

रेड क्रॉस और नर्सिंग कार्य एक-दूसरे के पूरक

शाहजहांपुर, अमृत विचार : मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय प्रांगण में स्थित इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी के कार्यालय में अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस पर संगोष्ठी आयोजित की गई। इस अवसर पर रेडक्रॉस सचिव डॉ. विजय जौहरी ने बताया कि विगत वर्षों में रेडक्रॉस सोसायटी ने नर्सिंग शिक्षण संस्थाओं को सम्मानित करने का कार्य किया था। स्थानीय स्तर पर औद्योगिक क्षेत्र में शीघ्र ही प्राथमिक उपचार व आपदा प्रबंधन की कार्यशाला आयोजित कर जन–जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। वक्ताओं ने कहा कि रेड क्रॉस सोसाइटी और नर्सिंग कार्य एक–दूसरे के पूरक हैं। दोनों का उद्देश्य पीड़ित एवं जरूरतमंद लोगों को समय पर सहायता और उपचार उपलब्ध कराना है। आपदा, दुर्घटना, महामारी अथवा सामान्य स्वास्थ्य सेवाओं के दौरान नर्सिंग कर्मियों और रेड क्रॉस स्वयंसेवकों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण रहती है। कार्यक्रम में उपस्थित सहभागियों ने कहा कि नर्सिंग क्षेत्र से जुड़े लोगों का सहयोग मिलने से रेड क्रॉस की सेवाएं और अधिक प्रभावी बनती हैं। इस दौरान मानव सेवा के कार्यों में बढ़–चढ़कर भाग लेने तथा समाज में स्वास्थ्य एवं सेवा भावना को मजबूत करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर अवनीश सक्सेना, अनुज जौहरी, अग्रज जौहरी, नवजोत सिंह, बृजेश गुप्ता, मीनू मिश्रा, ओम दिव्यांग कल्याण समिति के सचिव बालकृष्ण पांडे, रवि बाबू, चंद्रसेन वर्मा, प्रेम देवी, पिंकी देवी रामकली, सुनीता तथा जनपद के सभी विकासखंड के ग्रामीण क्षेत्र के लोगों ने सहभागिता की।

10 विकेट से जीता एमए पब्लिक स्कूल

संवाददाता, सिंधौली

• इंजमाम की हैट्रिक और रेहान की घातक गेंदबाजी से 38 रन पर सिमटी टीम

• शोएब की तूफानी बल्लेबाजी से एमए पब्लिक स्कूल ने आसानी से जीता मुकाबला

अमृत विचार : बीजीपीएल क्रिकेट टूर्नामेंट के 16वें मैच में एमए पब्लिक स्कूल की टीम ने नितिन कृष्णा प्रिंटर्स की टीम को 10 विकेट से हराकर शानदार दूसरी जीत दर्ज की। कप्तान राकिब खान के नेतृत्व में एमए पब्लिक स्कूल की टीम ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए गेंदबाजी और बल्लेबाजी दोनों में दबदबा बनाए रखा। मैच में एमए पब्लिक स्कूल के खिलाड़ियों के प्रदर्शन से दर्शकों में खासा उत्साह देखने को मिला।

एमए पब्लिक स्कूल की टीम ने पहले गेंदबाजी करते हुए नितिन कृष्णा प्रिंटर्स की पूरी टीम को 12 ओवर में मात्र 38 रन पर समेट दिया। इंजमाम खान ने खतरनाक गेंदबाजी करते हुए हैट्रिक के साथ चार विकेट हासिल किए। वहीं रेहान खान ने भी चार विकेट लेकर शानदार प्रदर्शन किया। बल्लेबाजी में रेहान खान ने नौ रन का योगदान दिया। उनके बेहतरीन प्रदर्शन पर स्कूल प्रबंधक मोहम्मद आसिफ अली मंसूरी, मॉडल स्कूल के प्रिंसिपल संजीव कुमार और संस्थापक राजपाल सिंह ने उन्हें मैन ऑफ द मैच पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

एमए की टीम के बल्लेबाज शोएब ने 10 गेंदों पर 32 रन बनाए। कप्तान राकिब खान ने भी दो विकेट हासिल किए। टीम के विवेक यादव ने हवा में डाइव लगाकर बेहतरीन कैच पकड़ा। मैच में कॉमेंट्री दीपक कुमार और संजय कुमार ने की, जबकि अंपायरिंग की जिम्मेदारी सुधीर सिंह और शिवांकर सिंह ने निभाई। आयोजन टीम में दीपक कुमार, ओम प्रकाश सिंह, रानो देवी बैंक सखी, अनंगपाल सिंह, केतन सिंह, सुधीर, सुशील और सुबोध का महत्वपूर्ण योगदान रहा। मुख्य अतिथि एमए पब्लिक स्कूल प्रबंधक मोहम्मद आसिफ अली मंसूरी ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल को खेल भावना से खेलना चाहिए।

इकरी खेड़ा प्रीमियर लीग सीजन-3 शुरू

परौर, अमृत विचार : इकरी खेड़ा प्रीमियर लीग सीजन–3 का उद्घाटन मुकाबला त्यागी जी क्रिकेट क्लब सलेमपुर कबरा और दमुलिया सुपर किंग्स के बीच उत्साह के साथ खेला गया। टूर्नामेंट का आरंभ मुख्य अतिथि देवांश दीक्षित प्रत्याशी सदस्य जिला पंचायत ने फीता काटकर किया। उद्घाटन मुकाबले में त्यागी जी क्रिकेट क्लब सलेमपुर कबरा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दमुलिया सुपर किंग्स को 25 रनों से पराजित कर जीत दर्ज की। मैच के दौरान खिलाड़ियों के बेहतरीन खेल पर दर्शकों ने जमकर उत्साहवर्धन किया और मैदान पर खेल प्रेमियों की भारी भीड़ जुटी रही। मुख्य अतिथि देवांश दीक्षित को माला पहनाकर सम्मानित किया। इस मौके पर प्रेमपाल सिंह यादव, सतेंद्र कश्यप, उदयपाल सिंह यादव, मुनेश यादव, मुकेश कश्यप, त्रिवेंद्र राठौर समेत ग्राम पंचायत इकरी खेड़ा के कई गणमान्य मौजूद रहे।

प्रधानाचार्य ने स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने को किया प्रेरित

शाहजहांपुर, अमृत विचार : कॉलेज ऑफ नर्सिंग स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय नर्सेस दिवस मनाया गया। जिसमें मुख्य अतिथि मेडिकल कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. राजेश कुमार ने नर्स को सशक्त बनाने और भविष्य की स्वास्थ्य चुनौतियों के लिए तैयार करने की आवश्यकताओं पर जोर दिया। उन्होंने अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने को भी प्रेरित किया, कहा कि आप स्वस्थ होंगे तो आपका मन स्वस्थ रहेगा, आप सही कार्य कर पायेंगें। प्रधानाचार्य डॉ. अपर्णा पांडेय कॉलेज ऑफ नर्सिंग ने मुख्य अतिथि एवं अन्य सदस्यों को धन्यवाद किया तथा अंतरराष्ट्रीय नर्सेस दिवस की शुभकामनाएं दी। भविष्य के नर्सेस को भी शुभकामनाएं दी तथा नर्सेस का उद्देश्य नर्स दिवस केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि स्वास्थ्य सेवा में नर्सों के अमूल्य योगदान के प्रति आभार व्यक्त करने और उनके सामने आने वाली चुनौतियों पर ध्यान केंद्रित करने का दिन है।

नर्सेस दिवस का आयोजन बी०एस० सी नर्सिंग के बैच 2023 के छात्र/छात्राओं ने किया तथा कार्यक्रम में उप प्रधानाचार्य डॉ. नीरा गोयल, डॉ. राना प्रताप, वित्त नियंत्रक दीपक रस्तोगी, उप प्रधानाचार्य, नर्सिंग कॉलेज डॉ. सुधा स्वामी, डीएनएस नर्सिंग ललित मोहन और नर्सिंग शिक्षक एवं क्लर्क मोरपाल यादव आदि मौजूद रहे।

राख उड़ाने वाले डंपरों के खिलाफ ग्रामीणों का प्रदर्शन

शाहजहांपुर, अमृत विचारः पलिया-शाहजहांपुर-हरदोई-लखनऊ मार्ग का निर्माण करा रही आरसीएल कंपनी के डंपरों से उड़ रही राख और धूल को लेकर ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा। मंगलवार दोपहर हरदोई रोड स्थित गांव गुंवारी के पास लोगों ने डंपरों को रोककर नारेबाजी की और कंपनी के खिलाफ नाराजगी जताई।

ग्रामीणों का कहना था कि डंपरों से उड़ने वाली धूल और राख के कारण लोगों का घरों में रहना मुश्किल हो गया है। सांस लेने में दिक्कत हो रही है और खाने-पीने तक में परेशानी उठानी पड़ रही है। स्कूली बच्चों के कपड़े खराब हो जाते हैं और सड़क पर हर समय हादसे का डर बना रहता है। ग्रामीणों ने बताया कि इससे पहले भी दो बार डंपरों को रोककर शिकायत की जा चुकी है, लेकिन कंपनी की ओर से केवल तिरपाल डालकर खानापूरी कर दी गई। लोगों ने समस्या का स्थायी समाधान कराने की मांग की। बाद में कंपनी के प्रतिनिधि पहुंचे और समस्या दूर कराने का आश्वासन दिया, जिसके बाद ग्रामीण शांत हुए।

शाहजहांपुर की खबरें पेज 8 पर भी

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र तौसीब रज़ा के जन्म प्रमाण पत्र में जन्मतिथि भूलवश 01.01.2005 दर्ज हो गई है जबकि उसकी वास्तविक जन्मतिथि 01.01.2010 है। भविष्य में मेरे पुत्र तौसीब रज़ा की जन्म तिथि 01.01.2010 ही समझी जाये। **हसन बी पत्नी मो. शकील निवासी ग्राम गौसगंज सराय तह. व वि.खं. फरीदपुर जिला बरेली।**

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पहले मेरा नाम आकाश था। अब मैंने अपने डॉक्यूमेंट में आकाश सिंह नाम दर्ज करवा लिया है। भविष्य में मुझे आकाश सिंह नाम से जाना व पहचाना जाये। **आकाश सिंह पुत्र रामप्रसाद निवासी ज्योहरा कल्यानपुर पर. तह. बीसलपुर जिला पीलीभीत।**

न्यू श्री नारायणा हॉस्पिटल
DENTAL CLINIC AND MAXILLOFACIAL CENTRE
24X7 इमरजेंसी
NSNH NEW SHRI NARAYANA HOSPITAL
न्यू श्री नारायणा हॉस्पिटल
डा. प्रदीप कुमार एम.बी.बी.एस., एम.एस. Retd. ACMO जनरल सर्जन
डॉ. जतिन कुमार एम.बी.बी.एस. एम.डी. जनरल मेडिसिन कन्सलटेंट फिजिशियन एवं क्रिटिकेयर स्पेशलिस्ट
डॉ. जयन्त वर्मा बी.डी.एस., एम.डी.एस. (ओरल एण्ड मैक्सिलोफेशियल सर्जरी)
डॉ. राम निवास एम.बी.बी.एस. एम.डी. (एनेस्थेसियोलॉजिस्ट) जटिल एवं गम्भीर रोग विशेषज्ञ
डॉ. राजा गुप्ता जनरल फिजिशियन
डाक्टर्स पैनल
डा. ओमवती एम.बी.बी.एस., डीजीओ स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
डा. सुजाय मुखर्जी एम.बी.बी.एस., एम.एस. जनरल सर्जन एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जन
डा. आशुतोष कुमार एम.बी.बी.एस., एम.एस. हड्डी एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ
डा. अमन अग्रवाल एम.बी.बी.एस., एम.एस., एम.सी.एच. गुर्दा एवं मूत्र रोग विशेषज्ञ
डा. कुन्दन कुमार एम.बी.बी.एस., एमसीएच न्यूरो सर्जन
डा. प्रिया सिंह एम.बी.बी.एस. डी.जी.ओ, डी.एन.बी. स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
डा. संजय सिंह एम.बी.बी.एस. डी.सी.एच. नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ
डा. अमित कुमार बी.ए.एम.एस. जनरल फिजिशियन
उपलब्ध सुविधायें :
• सिर एवं चेहरे की समस्त चोट, बुखार, खांसी, मलेरिया, टायफाइड का इलाज। • दिमाग एवं रीढ़ की हड्डी के समस्त प्रकार के ऑपरेशन की सुविधा। • दूरबीन विधि द्वारा पेट के सभी प्रकार के ऑपरेशन की सुविधा। • दूरबीन विधि द्वारा गुर्दा (किडनी) एवं मूत्र रोगों के सभी प्रकार के ऑपरेशन की सुविधा • छोटे चीरे द्वारा हड्डी के समस्त ऑपरेशन एवं जोड़ प्रत्यारोपण। • घुटना व कूल्हा बदलने की सुविधा उपलब्ध। • नॉर्मल डिलीवरी व दर्द रहित प्रसव बच्चेदानी के समस्त प्रकार के ऑपरेशन। • बच्चों के समस्त प्रकार के रोगों का इलाज वेन्टीलेटर, वाईपाइप युक्त आई.सी.यू., एन.आई.सी.यू. • दन्त एवं जबड़े की सभी समस्याओं का विशेष उपचार • आधुनिक उपकरण एवं दर्दरहित तकनीक • मरीज की सुरक्षा एवं स्वच्छता हमारी प्राथमिकता।
निःशुल्क शिविर 1 मई 2026 से 15 मई 2026 तक निःशुल्क जॉच एवं परामर्श
डॉ. विवेक कुमार मैनेजिंग डायरेक्टर
ठाकुर हरीश रावत चेयरमैन
समस्त प्रकार के दूरबीन व चीरे वाले ऑपरेशन की सुविधा 24x7 भर्ती एवं एम्बुलेन्स की सुविधा उपलब्ध 24/7 EMERGENCY SERVICES
लाल फाटक शांतिकुंज स्कूल के पास, निकट ओवर ब्रिज, बदायूँ रोड, बरेली
हेल्पलाइन नं. : 8057953868

ROHILKHAND CANCER INSTITUTE
200 बेड का आधुनिक कैंसर हॉस्पिटल पिछले 5 साल से आप के बीच में
कैंसर की सम्पूर्ण देखभाल एक ही छत के नीचे
बरेली का एकमात्र PET CT
पूरे शरीर का रंगीन सीटी, कैंसर की स्टेज जानने के लिए
हमारी सेवाएं
सर्जिकल ऑन्कोलॉजी
रेडिएशन ऑन्कोलॉजी
डे केयर थेरेपी
इम्यूनोथेरेपी
कैंसर आईसीयू
फ्रोजन सेक्शन और इम्यूनोहिस्टोकेमिस्ट्री
मैमोग्राफी
कैंसर के रोकथाम की ओपीडी
इण्टरवेंशनल रेडियोलॉजी
Pradhan Mantri Jan Arogya Yojana Ayushman Bharat PM-JAY
प्रधानमंत्री आयुष्मान योजना के अन्तर्गत पाँच लाख तक का इलाज मुफ्त
Call to find out more
9582831744, 9258116087
8679315050, 8679415050
www.rohilkhandcancerinstitute.com
रोहेलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल कैम्पस
सुरेश शर्मा नगर, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY अमृत विचार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 8445507002

फोकस नेत्रालय
राजेन्द्र नगर, बरेली 731-098-7005
बरेली का सबसे बड़ा केवल आँखों के लिए समर्पित प्राइवेट अस्पताल ... नवीनतम AI तकनीक एवं NABH मान्यता के साथ
• 40,000 से अधिक सफल सर्जरी सम्पन्न
• बिना इंजेक्शन एनेस्थीसिया (केवल आई ड्राप्स द्वारा)
• आयुष्मान/सीजीएचएस/ईसीएचएस/सीएपीएफ सभी स्वास्थ्य बीमा मान्य
• कैशलेस ईलाज

जीवनी बोन & हैल्थ क्लीनिक
स्वास्थ्य शिविर
दिनांक : 14 मई, 2026, समय : 10 बजे से 2 बजे तक
रजिस्ट्रेशन अनिवार्य, शुल्क मात्र रु. 100/-
शिविर मे फ्री जाँचे
• HB • TLC • DLC • Platelets • S. Urea • S.Creatinine • PCV • MCV • MCHC • S.Uric Acid • S.ca • S.Bilirubin • S. Protein • SGOT • SGPT • S.ALP • RBS • BMD • PEFT
डा. विनय गंगवार एम.बी.बी.एस. (एएमयू), डी. आर्थो (एएमयू), डीएनबी आर्थो (दिल्ली) डीआईपी, फीफा (स्पोर्टस मेडिसिन) हड्डी एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ
डा. आँचल अग्रवाल एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन) सीसीईबीडीएम, सीसीओपीएम (पीएचएफआई) कंसल्टेंट फिजिशियन
बाकी सभी जाँचों पर 30% की छूट
सभी प्रकार की दवाओं पर 20% की छूट
शिविर में लाभ उठाने के लिए रजिस्ट्रेशन कराएँ 6396640323
पता : मॉडल टाउन पुलिस चौकी के पास, स्टेडियम रोड, बरेली।

डॉ. हारिस अंसारी
एम.एस., एम.सी.एच. (यूरोलॉजी)
Consultant Urologist & Andrologist
गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली की पथरी व कैंसर सर्जन
• प्रोस्टेट (गदूद का आपरेशन) (TURP) • गुर्दे की पथरी का आपरेशन (PCNL) • गुर्दे की नली (यूरेटस) की पथरी का ऑपरेशन (URSC) • पेशाब के समस्त प्रकार के रोगों का इलाज
कैशलेस, इंश्योरेंस, TPA व ESI आयुष्मान से अनुबन्धित अस्पताल
डॉ. एम. खान हॉस्पिटल
मल्टी स्पेशलिटी व क्रिटिकल केयर सेन्टर स्टेडियम रोड, निकट सेंट फ्रांसिस स्कूल, बरेली
हेल्पलाईन 9897838286, 9837549348

श्वांस रोग जागरूकता अभियान
डॉ. दीपक माहेश्वरी
M.B.B.S., M.D., परामर्श फिजीशियन क्रिटिकल केयर
स्पेशलिस्ट-ब्लड प्रेशर, हृदय, श्वांस व गम्भीर रोगों का इलाज
पैकेज मात्र ₹1199/- परामर्श + ECG + PFT + Lipid Profile + RBS + Chest X-Ray
प्रेमलोक हॉस्पिटल नरियावल अड्डा, शाहजहाँपुर रोड, बरेली
9084307201, 9520340911
डॉ. नितिन अग्रवाल वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ मो. 9457833777

डॉ. ज़हीर उल हसन
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन)
कन्सलटेंट फिजीशियन
हृदय, शुगर, बी.पी., पेट एवं श्वांस रोग विशेषज्ञ
विभाग : जनरल सर्जरी, आर्थो, यूरोलॉजी, ईएनटी, स्त्री एवं प्रसूति रोग एवं अन्य विभाग
आयुष्मान कार्ड द्वारा ऑपरेशन व इलाज की सुविधा
हेल्पलाइन नम्बर : 7037029092
उम्मीद हॉस्पिटल एवं क्रिटिकल केयर
आईसीआईसीआई बैंक के पास, मिनी बाईपास, कर्मचारी नगर, बरेली

ADITYA आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
उपलब्ध सुविधायें :- बिना सुई बिना टांका आधुनिक लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा
100000 से अधिक आंखों के आपरेशन का अनुभव
सभी प्रकार के TPA कैशलेस/इंश्योरेन्स से इलाज की सुविधा उपलब्ध
मोतियाबिन्द ग्लूकोमा का डायग्नोसिस एवं उपचार अत्याधुनिक मशीनों द्वारा
NABH PRE ACCREDITED
8077344353 समय : प्रातः 10 बजे से सायं 7 बजे तक (सोमवार से शनिवार)
डॉ. आदित्य त्यागी MBBS, DOMS, DNB, MNAMS CARARACT REFRATIVE & GLAUCOMA SURGERON
आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री आपरेशन की सुविधा
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाईपास, बरेली

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
9756905552, 8445507002

आवश्यकता है
श्री लालाराम महाविद्यालय
(सम्बद्ध-एम.जे.पी.रु.वि.वि., बरेली)
श्रीनगर तह. कलान, जनपद शाहजहांपुर
पद–प्राचार्य
योग्यता-यू.जी.सी. एवं विश्वविद्यालय के नियमानुसार
इच्छुक व्यक्ति कॉलेज में सम्पर्क करें
9919870241

वैधानिक सूचना :- समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

न्यूज ब्रीफ

तीन बुलेट सीज और तीन का हुआ चालान

बदायूं, अमृत विचार : वाहनों को गलत तरीके से मॉडिफाई कराना नियम विरुद्ध है। इसके बाद भी वाहनों के साइलेंसर में बदलाव किया जा रहा है। शासन के निर्देश पर बुलेट के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है। सोमवार को एआरटीओ प्रवर्तन व प्रशासन हरिओम, पीटीओ अभिनव चौधरी ने साइलेंसर मॉडिफाई कराने पर 5 बुलेट को सीज और 10 का चालान किया था। मंगलवार को 3 बुलेट सीज की गईं और 3 का चालान किया गया है।

पुलिस को मिला 1.31 लाख रुपये रखा बैग

बदायूं, अमृत विचार : डायल 112 पुलिस को मंगलवार सुबह दातागंज तिराहे के पास एक बैग मिला जिसे सिविल लाइन पुलिस के सुपुर्द कर दिया। प्रभारी निरीक्षक ने बैग खोलकर देखा तो एक लाख 31 हजार रुपये, बैंक पासबुक, चेक बुक व आधार कार्ड मिला। पासबुक पर खाताधारक का नाम उसहैत क्षेत्र के गांव पाठक नगला निवासी रामविलास मिश्रा पुत्र महाराम मिश्रा लिखा था। सूचना पर वे कोतवाली पहुंचे। बताया कि वह दवा लेकर बदायूं से अपने गांव जा रहे थे। बैग बाइक के पीछे बंधा था जो रास्ते में गिर गया।

अस्पताल में आयुष की दवाओं की किल्लत, परेशान हो रहे मरीज

आयुर्वेद और यूनानी अस्पतालों में नहीं मिल रही हैं दवाएं, मायूस हो लौट रहे रोगी

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

अमृत विचार : गर्मी में संक्रामक बीमारियों के साथ ही बुखार ने पैर पसारने शुरू कर दिए हैं लेकिन आयुष की दवाएं खत्म होने से मरीजों को भारी दिक्कत हो रही है। आयुर्वेदिक और यूनानी अस्पतालों में टाइफाइड और उल्टी-दस्त की दवा नहीं मिल रही है।

गर्मी के दिनों में बुखार और टाइफाइड तेजी से फैलता है। मरीज अंग्रेजी दवाओं की बजाय आयुर्वेदिक और यूनानी की दवाएं अधिक लेते हैं। आयुष की दवाओं से मरीजों को आराम मिलता है। इसलिए इस समय आयुष की दवाओं की कमी खल रही है। मंगलवार को आयुर्वेद अस्पताल में विभागीय लोगों ने बताया कि आयुष की दवाएं काफी समय से नहीं हैं। कुछ दवाएं पिछले दिनों स्थानीय स्तर पर खरीदी गई थीं जो सभी अस्पतालों को भेज दी गयीं।

आयुर्वेदिक अस्पताल।

- **बुखार व टाइफाइड से पीड़ित मरीजों को हो रही दिक्कत**

लेकिन अब बुखार, टाइफाइड हर जगह फैल रहा है। कुछ दिन बाद मलेरिया के मरीज भी आने लगेंगे। लेकिन आयुर्वेदिक अस्पताल में दवाएं पर्याप्त नहीं हैं। बताया कि मलेरिया में संघाष्टवटी दी जाती है जो नहीं है। टाइफाइड में ग्लोइन वटी दी जाती है, साथ में चिरायता भी दिया जाता है। बुखार में महासुदर्शन गिलोय, गोदंती, और गोदंती भस्म दी जाती है। उक्त दवाएं अस्पताल में नहीं हैं जिससे कुछ मरीज लौट रहे हैं। बताया कि पिछले काफी दिनों से बुखार और टाइफाइड के मरीजों की संख्या बढ़ रही है जिन्हें कुछ अन्य दवाएं दी जा रहीं हैं। उधर यूनानी चिकित्सालय में दवाएं तो हैं लेकिन गंभीर बीमारियों की दवाएं नहीं हैं। टाइफाइड, बुखार की दवा कुछ दिन पहले तक दी जाती थी लेकिन अब कुछ दवाएं खत्म हो चुकी हैं। यूनानी चिकित्सक सोनी सलीम ने बताया कि अभी तक मलेरिया का एक भी मरीज नहीं आया है। जबकि बुखार के मरीजों को दवा दी जा रही है। यूनानी दवा लेने वाले मरीज बड़ी संख्या में जिला अस्पताल स्थित यूनानी चिकित्सालय पहुंच रहे हैं। होम्योपैथिक डॉक्टर प्रमोद कुमार व्यास ने बताया कि दवाएं तो हैं लेकिन अब जो बीमारियां पनप रहीं हैं उनकी दवाएं फिलहाल नहीं है। संक्रामक बीमारियों की दवाएं आने वाली हैं। उसके बाद मरीजों को दिक्कत नहीं होगी।आयुर्वेदिक यूनानी एवं क्षेत्रीय अधिकारी डा. योगेंद्र सिंह ने बताया कि आयुष की दवाएं पिछले कुछ महीनों से नहीं मिल पा रहीं हैं। हालांकि काम चलाया जा रहा है। जल्द ही कुछ और दवाएं आने वाली हैं।

ऊपर से नहीं मिल रहीं आयुष की दवाएं

आयुष अस्पताल की ओर से करीब तीन माह पूर्व दवाओं की मांग की गयी थी। लेकिन दवाएं नहीं मिलीं। जिसके बाद आयुर्वेदिक, होम्योपैथिक तथा यूनानी अस्पताल में स्थानीय स्तर पर दवा खरीदने को कहा गया था। कुछ दवाएं खरीदी गई थीं लेकिन अधिकांश दवाएं बाजार में उपलब्ध नहीं होने के कारण नहीं मिल सकीं। तीनों चिकित्सा पैथी में काम करने वाले डॉक्टरों का कहना है कि जब तक ऊपर से दवाएं नहीं आएंगी तब तक परेशानी बनी रहेगी।

अब ट्रांसफार्मरों पर स्मार्ट मीटर

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

अमृत विचार : बिजली विभाग अब अपने सभी ट्रांसफार्मरों पर स्मार्ट मीटर लगा रहा है। स्मार्ट मीटर से ट्रांसफार्मर का लोड विभाग के डैशबोर्ड पर अपलोड होता रहेगा। ऐसे में बिजली खर्च का डाटा भी विभाग के पास रहेगा। जिससे बिजली चोरी पकड़ी जाएगी। अभी तक 17 हजार डीटी मीटर लगाए जा चुके हैं।

गर्मी में हर साल बिजली का लोड बढ़ जाता है जिससे विभाग को आपूर्ति बनाए रखने में भारी दिक्कत होती है। विभाग द्वारा बिजली चोरी रोकने के प्रयास भी किए जाते हैं फिर भी चोरी पर अंकुश नहीं लग पाता है। इस बार पावर कॉर्पोरेशन के निर्देश पर बिजली विभाग ने अपने सभी ट्रांसफार्मरों पर स्मार्ट लगाने शुरू कर दिए हैं। ट्रांसफार्मर पर स्मार्ट मीटर लगा कर ट्रांसफार्मर से जाने वाली बिजली का लोड, उससे हर दिन होने वाली बिजली खपत स्मार्ट मीटर के माध्यम से विभाग के डैशबोर्ड पर अपलोड होती रहेगी। जिससे ट्रांसफार्मर वार खपत की जांच कर बिजली चोरी पकड़ी जा सकेगी। विभाग का कहना है कि यदि किसी ने अवैध रूप से कटिया डाल ली है तो उसका लोड भी विभाग के डैशबोर्ड पर लोड हो रहा है जिससे चोरी रोकने में मदद मिल रही है। अब तक करीब डेढ़ दर्जन से अधिक बिजली चोरों को पकड़ा जा चुका है। स्मार्ट मीटर लगने से बिजली की खपत हर दिन दर्ज की जा रही है। जिससे विभाग को बड़ी राहत मिली है। अधीक्षण अभियंता चंद्रशेखर कुमार ने बताया कि जनपद में कुल 46 हजार ट्रांसफार्मर हैं। जिनमें से 17 हजार पर डीटी लगाए जा चुके हैं। शेष पर जल्द ही लगा दिए जाएंगे। **साढ़े पांच हजार उपभोक्ताओं पर दो करोड़ बकाया :** जनपद में प्री पेड स्मार्ट मीटर लगाने के बाद 55 सौ उपभोक्ताओं पर करीब दो करोड़ का बिजली बिल बकाया है। जबकि 70 हजार उपभोक्ता अपने बिल जमा कर चुके हैं। बकायेदारों से बिल वसूली की जा रही है।

नीरज कुमार बने अधिशासी अभियंता प्रथम : विद्युत वितरण खंड प्रथम में रिक्त चल रहे अधिशासी अभियंता प्रथम के पद पर लखनऊ से आए नीरज कुमार ने पदभार ग्रहण कर लिया है। नीरज ने बताया कि अब वह बदायूं खंड में काम कर रहे हें। उनकी प्राथमिकता है कि बिजली चोरी पर अंकुश लगाया जाए और विभाग का राजस्व अधिकाधिक जमा कराया जाए।

अधीक्षण अभियंता चंद्रशेखर कुमार।

- **बिजली विभाग रखेगा लोड पर नजर, पकड़ी जाएगी बिजली चोरी**

साढ़े ग्यारह सौ प्री पेड स्मार्ट मीटर हटाए गए

जनपद में लोगों के घरों में करीब 70 हजार प्री पेड स्मार्ट मीटर लगाए गए थे जिन्हे विभाग द्वारा अब हटाया जा रहा है। अब तक करीब 1150 स्मार्ट मीटर हटाए जा चुके हैं। स्मार्ट मीटर हटने के बाद अब उपभोक्ताओं का रोष खत्म हो रहा है। स्मार्ट मीटर की जगह पोस्टपेड मीटर काम करेंगे। जून माह से पास्ट पेड मीटर से ही बिल दिए जाएंगे।

डीएम ने की विकास कार्यों की समीक्षा

कलेक्ट्रेट में विकास कार्यों की समीक्षा बैठक करते जिलाधिकारी • अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- **अटल बिहारी वाजपेयी सभागार में डीएम की अध्यक्षता में हुई बैठक**
- **निर्माण कार्यों में तेजी लाने और समय से काम को पूरा करने के निर्देश**

अमृत विचार : डीएम अवनीश राय ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट स्थित अटल बिहारी वाजपेयी सभागार में जिले के विकास कार्यों व 50 लाख रुपये की निर्माण परियोजनाओं की समीक्षा की। बैठक में अधिकारियों को निर्माण कार्यों में तेजी लाने और समय से कार्य पूरा करने के लिए निर्देशित किया।

मुख्यमंत्री डैशबोर्ड के कार्यों की समीक्षा करते हुए डीएम ने पाया कि अप्रैल 2026 में जिले को विकास कार्यों में 42वीं, राजस्व में 19 और संयुक्त रूप से 23वीं रैंक प्राप्त हुई है। इनमें से 53 कार्यों व परियोजनाओं में ए रैंकिंग, 4 में बी, एक में सी रैंकिंग के अलावा 3 में डी रैंक प्राप्त हुई है। 24 ऐसे कार्य व परियोजनाएं हैं जिसमें रैंकिंग नहीं की गई है। उन्होंने मुख्य प्रदर्शन घटक (केपीआई) को ध्यान में रखकर कार्य करने को निर्देशित किया। डीएम ने दहगवां के कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय छात्राओं के छात्रावास का निर्माण जल्द पूरा करने को कहा। चार नई वृहद गो संरक्षण केंद्रों का निर्माण कराया जा रहा है। जिसमें तेजी लाई जाएगी। ग्रामीण पाइप पेयजल योजना अंतर्गत पाया गया कि 130 परियोजनाओं में 90 प्रतिशत काम पूरा हो गया है। जिस पर जिलाधिकारी ने उपस्थित खंड विकास अधिकारियों को इसकी सूची प्राप्त कर चेक करने के लिए कहा। बताया गया कि 847 परियोजनाओं में से 312 का कार्य पूर्ण हो गया है।

डीएम ने कहा कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना, मुख्यमंत्री रोजगार योजना व अन्य लाभार्थीपरक योजनाओं में विभिन्न बैंकों का सहयोग कैसा रहा उसकी योजनावार सूची बनाई जाए। अग्रणी बैंकों की जिला स्तरीय बैठक में प्रतिभाग करने वाले आरबीआई के अधिकारियों को इसकी सूची देने के निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि फॉर्मर रजिस्ट्री के कार्यों में जिले को प्रदेश में 38वीं रैंक प्राप्त है। इसका 78 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो गया है। लगभग 115000 कार्य अभी लंबित है जिस पर कार्य किया जा रहा है। बैठक में सीडीओ गामिनी सिंगला व संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

गोल्ड न खरीदने की अपील पर पुनर्विचार करें प्रधानमंत्री

ऑल इंडिया ज्वेलर्स एसोसिएशन की बैठक में शामिल सर्राफा कारोबारी।

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- **ऑल इंडिया ज्वेलर्स एसोसिएशन की बैठक में उठाई गई मांग**

अमृत विचार : ऑल इंडिया ज्वेलर्स एसोसिएशन की बैठक मंगलवार को शहर के रघुवीर नगर स्थित जितेंद्र महाजन के आवास पर आयोजित की गई जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मांग की गई कि गोल्ड खरीद न करने की अपील पर एक बार फिर से पुनर्विचार किया जाए।

बैठक में जिला अध्यक्ष जितेंद्र महाजन ने स्वर्ण व्यापारियों की ओर से प्रधानमंत्री से अपील करते हुए कहा कि गोल्ड की खरीद को एक वर्ष तक रोकने जैसी अपील पर पुनर्विचार किया जाए। कहा कि देश में गोल्ड केवल इन्वेस्टमेंट नहीं बल्कि संस्कृति, परंपरा, बेटी की शादी,परिवार की सुरक्षा और कठिन समय की सुरक्षा और कठिन समय के लिए बचत का एक हिस्सा है। सदियों से भारतीय परिवारों के लिए सोना एक सुरक्षा कवच रहा है। सरकार गोल्ड खरीद रोकने के बजाय गोल्ड रीसाइक्लिंग मिशन चलाए क्योंकि आज भी भारत में बड़ी मात्रा में अनुपयोगी गोल्ड पड़ा हुआ है जिसके पुनः उपयोग से गोल्ड का आयात कम किया जा सकता है। नेताओं और अधिकारियों से अपील की कि दो साल तक घूसखोरी, रिश्वतखोरी बंद रखी जाए जिससे अर्थव्यवस्था पटरी पर आ सके।

अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस के अवसर पर शिखर इंस्टीट्यूट में हुआ प्रेरणादायक कार्यक्रम

स्वास्थ्य व्यवस्था की रीढ़ होती हैं नर्स, उपचार में उनकी भूमिका महत्वपूर्ण

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

कार्यक्रम के दौरान सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देतीं नर्सिंग छात्राएं। ● अमृत विचार

नर्स के जीवन पर छात्राओं के लघु नाटक को सभी ने सराहा। ● अमृत विचार

अमृत विचार : अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस के अवसर पर शिखर इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग संस्थान में ऑवर नर्सेस ऑवर फ्यूचर, इम्पावर्ड नर्सेस सेव लाइव्स थीम पर प्रेरणादायक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका उद्देश्य नर्सिंग पेशे से जुड़े स्वास्थ्य कर्मियों के समर्पण, सेवा भावना, अनुशासन एवं मानवता के प्रति उनके अमूल्य योगदान को सम्मानित करना रहा। संस्थान के छात्र-छात्राओं ने कार्यक्रम प्रस्तुत किए। संस्थान के अध्यक्ष डॉ. राजेश वर्मा ने कहा कि नर्स स्वास्थ्य व्यवस्था की रीढ़ होती हैं। किसी भी मरीज के उपचार में चिकित्सक के साथ नर्स की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। नर्स अपने समर्पण, धैर्य और सेवा भावना से मरीजों को नया जीवन देने का कार्य करती हैं।

मां सरस्वती के समक्ष दीप जलाने के साथ कार्यक्रम का आरंभ हुआ। छात्राओं ने सरस्वती वंदना करके वातावरण को भक्तिमय और सांस्कृतिक रंगों से भर दिया। छात्राओं ने नर्स के जीवन को लेकर विचार व्यक्त किए। नर्सिंग की छात्रा हिरा बी ने कहा कि नर्स केवल मरीजों की देखभाल ही नहीं करतीं, बल्कि कठिन परिस्थितियों में मरीजों और उनके परिवारों को मानसिक संबल भी देती हैं। छात्रा स्वाति, सुगंध, सुदेश, रिदा, इंशा, काजल और गायत्री ने कविता पाठ व प्रेरणादायक प्रस्तुतियां दीं। द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों का रोल प्ले एक्ट मुख्य आकर्षण रहा। इस प्रस्तुति में अस्पतालों में नर्सों की जिम्मेदारियों, सेवा भावना और मरीजों के प्रति उनके व्यवहार को प्रभावशाली तरीके से दर्शाया गया। प्रस्तुति ने सभी को भावुक कर दिया। नर्सिंग ट्यूटर प्रज्ञा सक्सेना ने फ़्लोरेंस नाइटिंगेल के जीवन, संघर्ष और नर्सिंग क्षेत्र में उनके योगदान पर पीपीटी के माध्यम से प्रस्तुति दी। बताया कि किस प्रकार फ्लोरेंस नाइटिंगेल ने आधुनिक नर्सिंग की नींव रखी और स्वास्थ्य सेवाओं को नई दिशा दी। फ्लोरेंस नाइटिंगेल के जीवन पर आधारित एक लघु वीडियो भी प्रदर्शित किया गया। द्वितीय वर्ष की छात्राओं द्वारा समूह नृत्य प्रस्तुत किया गया। वहीं प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों द्वारा कोविड-19 महामारी पर आधारित विशेष समूह नृत्य और अभिनय किया गया। जिसमें कोरोना काल के दौरान नर्स एवं स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा निभाई गई महत्वपूर्ण भूमिका को दर्शाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संस्थान के डायरेक्टर राजन मेंहदीरत्ता, अध्यक्ष डॉ. राजेश कुमार वर्मा और कादरचौक ब्लॉक प्रमुख वीरेंद्र राजपूत ने जिला महिला अस्पताल की ट्रेनिंग इंचार्ज मरियम चरन, जिला पुरुष अस्पताल की मैट्रन रीता सरन, ऊषा पाल, अनु सिंह, वंदना रानी, राजेश द्विवेदी, मानसी अग्रवाल, ज्योति, उझानी सीएचसी की विनी नोरिन टर्नर, ज्योति राजपूत, इंस्टीट्यूट की नर्सिंग ऑफिसर पिंकी यादव, मानसी शर्मा को सेवाओं और नर्सिंग क्षेत्र में किए जा रहे उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया। संस्थान अध्यक्ष ने छात्र-छात्राओं को मेहनत, अनुशासन और सेवा भावना के साथ अपने लक्ष्य की ओर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। डायरेक्टर ने कहा कि नर्सिंग केवल एक पेशा नहीं, बल्कि मानव सेवा का सर्वश्रेष्ठ माध्यम है। नर्स हर परिस्थिति में मरीजों की सेवा के लिए तत्पर रहती हैं और समाज में उनका योगदान सदैव सम्माननीय रहेगा। सभी को नर्स दिवस की शुभकामनाएं देते हुए उनकी समर्पण, सेवा भाव, मानवता के लिए योगदान पर आभार व्यक्त किया गया। मंच का संचालन नर्सिंग ट्यूटर राधा गौर और नर्सिंग छात्रा भूमि ने किया।

अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस पर सीएचसी पर नर्सों का किया गया सम्मान

नर्सों के साथ चर्चा करते चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अनिल कुमार गुप्ता। ● अमृत विचार

बिल्सी, अमृत विचार : बिल्सी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस के अवसर पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अनिल कुमार गुप्ता ने दीप प्रज्ज्वलित करके कार्यक्रम का आरंभ किया व स्वास्थ्य सेवाओं में नर्स की भूमिका के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि चिकित्सक मरीज का उपचार करते हैं लेकिन उसकी चौबीसों घंटे सेवा और देखभाल की जिम्मेदारी नर्सों पर होती है। नर्सों को स्वास्थ्य व्यवस्था की रीढ़ बताते हुए उनके निस्वार्थ सेवा भाव, धैर्य और समर्पण की सराहना की। फ्लोरेंस नाइटिंगेल के योगदान को याद करते हुए कहा कि नर्सें सेवा और मानवता की सच्ची प्रतिमूर्ति हैं। अस्पताल में बेहतर कार्यशैली और मरीजों के प्रति उत्कृष्ट सेवा भाव रखने वाली कई नर्सों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में नर्स साक्षी सक्सेना, सपना सक्सेना, प्रतीक्षा भारद्वाज, अमृता सिंह, सुकृति त्रिपाठी, पूजा, लता सक्सेना, साधना सिंह, नाजनीन, संगीता शाक्य, उर्मिला आदि उपस्थित रहे।

न्यूज ब्रीफ

आंधी, बारिश के चलते बिजली आपूर्ति ठप

कुंवरगांव। मंगलवार दोपहर आई तेज आंधी और हल्की बारिश ने बिजली व्यवस्था ध्वस्त कर दी। कस्बे से लेकर देहात तक लाइनों में फाल्ट होने से सप्लाई ठप हो गई। लोग गर्मी में घंटों बेहाल रहे। मंगलवार को आंधी के दौरान पेड़ों की टहनियां टूटकर बिजली लाइनों पर गिर गईं, जिससे कई फीडरों की आपूर्ति बाधित हो गई। घरों में लगे इनवर्टर भी कुछ ही देर में जवाब दे गए। पानी की किल्लत से लेकर रोजमर्रा के काम प्रभावित हो गए। देर शाम तक सप्लाई ठीक नहीं हो सकी। इमलिया, कैली, हसनपुर, दुगरैया, गंज, हरहरपुर, मोहनपुर, वनगढ़, यूसुफ नगर, सिगोई और बर्खिन सहित कई गांव अंधेरे में डूबे रहे।

परीक्षा में श्रेष्ठ स्थान पाने वाले होंगे सम्मानित

बदायूं। गायत्री शक्तिपीठ एवं आध्यात्मिक चेतना केंद्र पर भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में श्रेष्ठ स्थान पाने वाले हर विद्यालय के दो छात्र-छात्राओं, एक अध्यापक और प्रधानाचार्य को सम्मानित किया जाएगा। भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा के संयोजक प्रेमचंद शर्मा ने बताया कि यह परीक्षा 21 अक्टूबर 2025 को जिलेभर में हुई थी। जिसमें 6300 से अधिक बच्चों ने प्रतिभाग किया था। शांतिकुंज हरिद्वार से प्राप्त प्रमाण पत्र विद्यालयों में पहुंचा दिए गए हैं। सम्मानित होने वाले छात्र-छात्रा, अध्यापक प्रमाण पत्र साथ लेकर 15 मई को प्रातः 10 बजे वहेड़ी मोड़ स्थित गायत्री शक्तिपीठ एवं आध्यात्मिक चेतना केंद्र बदायूं पर पहुंचें।

किशोरी से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

उसावां। सोमवार रात छत पर सो रही दलित किशोरी के साथ दुष्कर्म करने व अन्य लोगों के साथ मारपीट करने के आरोपी शुभम को पुलिस ने 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार करके जेल भेज दिया। थाना उसावां क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने तहरीर देकर बताया था कि सोमवार रात लगभग दो बजे वह पत्नी और बच्चों के साथ छत पर सो रहे थे। वार्ड पांच निवासी शुभम उनके घर में घुस आया। शोर सुनकर बेटी छत से नीचे उतरकर गई। जहां शुभम उनकी 14 साल की छोटी बेटी के साथ दुष्कर्म कर रहा था। शोर सुनकर परिजन पहुंचे और आरोपी को पकड़ने का प्रयास किया तो मारपीट की और भाग गया।

तेज आंधी में झुके बिजली के खंभे, गिरे पेड़, आवागमन प्रभावित

मंगलवार सुबह 11 बजे अचानक आई तेज आंधी से हुई परेशानी, राहगीरों का चलना हुआ दुश्वार, शाम तक यातायात व्यवस्था में हुआ सुधार

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

आंधी में झुका खंभा, टूटे बिजली के तार।

तेज अंधड़ में उड़ रही धूल, झूल रहे पेड़। ● अमृत विचार

अमृत विचार : मंगलवार पूर्वान्ह 11 बजे आई तेज आंधी ने पूरा सिस्टम हिला कर रख दिया। आंधी में बिजली के खंभे झुक गए। सड़कों पर पेड़ गिर गए, जिससे यातायात बाधित हो गया। लोगों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ा। शाम चार बजे तक यातायात सुचारू हो सका।

मंगलवार को सुबह से मौसम सामान्य था, लेकिन पूर्वान्ह 11 बजे अचानक आसमान में काले बादल छा गए तभी तेज आंधी ने जनमानस को हिला कर रख दिया। तेज आंधी में बिजली के खंभे झुक गए। कई जगह बिजली की लाइन क्षतिग्रस्त हो गई। सड़कों पर बड़े पेड़ गिर गए जिससे यातायात बाधित हो गया। दातागंज रोड स्थित नई सड़क पर पेड़ गिर गया जिससे काफी देर तक यातायात ठप रहा। वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंच कर गिरे पेड़ काट कर हटाए जिसके बाद शाम चार बजे तक यातायात सुचारू हो सका।

उधर शहर के निकटवर्ती ग्राम पड़ौआ में बिजली की लाइन टूट गई, बिजली के खंभे झुक गए। जिससे पूरे इलाके की बिजली गुल हो गई। तार टूटने की जानकारी ग्रामीणों ने बिजली विभाग को दी तो बिजली विभाग के कर्मचारियों ने झुके खंभों को ठीक करने का कार्य शुरू किया। लेकिन शाम तक सप्लाई शुरू नहीं हो सकी। उधर बिसौली क्षेत्र में वजीरगंज के निकट कुछ पेड़ उखड़ गए। जिससे लोगों को दिक्कत हुई। उझानी से सहवान रोड पर कई जगह पेड़ टूट कर सड़क पर जा गिरे।

तेज आंधी के चलते करीब आधा घंटे तक कुछ नहीं दिखा। भारी अंधड़ ने लोगों को इधर-उधर छिपने को मजबूर कर दिया। कुछ देर बाद जब आंधी नरम पड़ी तो लोग घरों से निकल कर बाहर आए।

आंधी के बाद चार घंटे गुल रही पूरे जिले की बिजली : मंगलवार सुबह आई तेज आंधी के बाद जिले भर में चार घंटे तक बिजली गुल रही। जिससे जिला अस्पतालों में भी काम ठप रहा। एक्स रे मशीन और पैथोलॉजी में लैब बंद रही। शाम चार बजे के बाद बिजली सप्लाई शुरू होने पर लोगों ने राहत की सांस ली।

आज पूर्वान्ह 11 बजे अचानक आंधी ने सभी को हिला कर रख दिया। आंधी शुरू होते ही बिजली गुल हो गयी। पूर्वान्ह 11 से चार बजे तक जिले भर की बिजली गुल रही। जिला अस्पताल में बिजली गुल होने से सभी काम ठप हो गए। एक्स रे रूम में मरीजों की भीड़ परेशान रही। दो बजे तक बिजली सुचारू नहीं होने पर मरीज लौट गए। उधर पैथोलॉजी लैब में रजिस्ट्रेशन कराने वाले मरीजों की लंबी लाइन लगी रही। बिजली गुल होने से लैब का काम बंद हो गया। दो बजे तक इंतजार करने के बाद मरीज लौट गए। जिला महिला अस्पताल में भी मरीजों को भारी दिक्कत हुई। कुछ देर तक जनरेटर चलाया गया मगर फिर से बंद कर दिया गया। जिससे प्रसव कक्ष में अंधकार बना रहा। कलेक्ट्रेट में बिजली गुल होने से कामकाज ठप रहा। रजिस्ट्री कार्यालय में कम्प्यूटर बंद होने से लोग परेशान रहे। उधर ग्राम कुलचौरा, उनौला, बीबीपुर, बूचा नगला और मल्लाहपुर में आने वाली बिजली की लाइन क्षतिग्रस्त हो गई।

कुछ स्थानों पर बिजली के खंभे झुक गए जिससे तार टूट गए। ढाक वाली जियारत से जाने वाली लाइन ककराला रोड पर दो जगहों पर क्षतिग्रस्त हुई जिससे सप्लाई ठप रही। सहसवान नाधा, मुजरिया, वजीरगंज, बिल्सी दहगवां, उसावां और दातागंज क्षेत्र में बिजली गुल होने से लोगों को भारी दिक्कत हुई।

"तेज आंधी के चलते कुछ स्थानों पर बिजली की लाइनें क्षतिग्रस्त हुई जबकि कुछ जगहों पर लाइन पर पेड़ टूट कर गिर गए जिससे बिजली आपूर्ति बाधित रही। लाइनें ठीक कराकर सप्लाई दी जा रही है। कुछ स्थानों पर काम चल रहा है।"
-नीरज- अधिशासी अभियंता प्रथम।

तेज आंधी से पेड़ गिरा, बिजली का पोल टूटा

बिल्सी, अमृत विचार : नगर बिल्सी व ग्रामीण क्षेत्रों में मंगलवार सुबह करीब 10 बजे तेज आंधी से कई स्थानों पर पेड़ टूटकर गिर पड़े। रफीनगर से खिरौरा जाने वाले मार्ग पर एक पुराना पेड़ सड़क पर गिर जाने से काफी देर तक आवागमन बाधित रहा। पेड़ की चपेट में आने से बिजली पोल और लाइनें भी क्षतिग्रस्त हो गईं, जिसके कारण इलाके की बिजली आपूर्ति ठप हो गई। राहगीरों ने बिजली विभाग को सूचना देकर सप्लाई बंद कराई। स्थानीय निवासी राकेश ने बताया कि लोगों ने काफी मशक्कत के बाद पेड़ को सड़क से हटाया। तब यातायात सुचारु हो सका।

बिसौली में आंधी में गिरे पेड़, एक घायल

बिसौली, अमृत विचार : नगर के कुढ़ौली मोड़ पर सुबह तेज हवा से अलग-अलग स्थानों पर तीन पेड़ गिर गए जिससे लोगों को भारी नुकसान हुआ। जबकि एक व्यक्ति घायल हो गया। मंगलवार सुबह हल्की बारिश और आंधी में एक दुकान के पास पुराना सूखा हुआ पेड़ गिर गया। सूखे पेड़ ने दुकान के आगे का टीन शेड, एक बाइक, और रिक्शा को क्षतिग्रस्त कर दिया। निकट ही एक पेड़ की टहनी गिरने से रोड से गुजरने वाली इको गाड़ी क्षतिग्रस्त हो गई। वहां से गुजरने वाला एक बाइक सवार 18 वर्षीय अंशुल पुत्र छुटकन निवासी निजरा भी गंभीर रूप से घायल हो गया, रामपयारी के घर के निकट एक पेड़ गिरने से उनके मकान की टंकी और बिजली लाइन को छति पहुंची। सूचना पर वन विभाग की टीम ने इन गिरे पेड़ों को हटवाया।

सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता के विजेताओं का सम्मान

प्रतियोगिता में विजेता बच्चों को सम्मानित करते स्कूल प्रबंधन के लोग। ● अमृत विचार

नूरपुर पिनौनी, अमृत विचार : कस्बा नूरपुर पिनौनी स्थित टीजीआई स्कूल में छात्र-छात्राओं की सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में कराई गई। आकाश चौहान ने 100 में शत प्रतिशत अंक हासिल करके पहला स्थान प्राप्त किया। रिषभ पाठक और किशन राणा 99-99 अंक अर्जित करके दूसरा और कौशन रानी, दिव्यांशी ने तीसरा स्थान हासिल किया। स्कूल के प्रबंधक पुष्पेंद्र और प्रधानाचार्य विमल कुमार ने विजेता बच्चों को सम्मानित किया। कहा कि बच्चों को हर प्रतियोगिता में प्रतिभाग करना चाहिए।

अदब, इल्म और पत्रकारिता का चमकता सितारा बुझा

● सैय्यद एसएनआर नकवी के इंतकाल से नगर में शोक की लहर

सहसवान, अमृत विचार : सहसवान के मशहूर शायर, वरिष्ठ पत्रकार व अधिवक्ता सैय्यद एसएनआर नकवी उर्फ सिब्तेन अखगर का लंबी बीमारी के बाद दिल्ली में इंतकाल हो गया। उनके निधन से नगर में शोक की लहर दौड़ गई। कोट स्थित कब्रिस्तान में उन्हें सुपुर्द ए खाक किया गया।

एसएनआर नकवी।

लोगों का कहना है कि वह सिर्फ एक नाम नहीं बल्कि अदब, तहजीब और इंसानियत की मिसाल थे। उन्होंने अपनी पूरी जिंदगी सच, ईमान और मोहब्बत के रास्ते पर चलकर गुजारी। वरिष्ठ अधिवक्ता होने के बावजूद उनके भीतर का शायर हमेशा जिंदा रहा और वही उनकी पहचान बन गया। उनकी शायरी में समाज का दर्द, इंसानियत की खुशबू, मोहब्बत की नर्मी और वक्त की तल्ख हकीकत साफ दिखाई देती थी। उनकी कलम चलती थी तो वह पढ़े नहीं बल्कि महसूस भी किए जाते थे। उनकी गजलें और नज्म आज भी लोगों की जुबान पर हैं। पत्रकारिता में भी उन्होंने अलग पहचान बनाई। उन्होंने दबे कुचले लोगो की आवाज उठाई। वह सहसवान में बतौर अधिवक्ता सेवाएं देते रहे। अधिवक्ताओं ने दो मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

न्यूज डायरी

उझानी के भूड़ वाली दरगाह पर शुरू हुआ सालाना उर्स

उझानी, अमृत विचार : उझानी कस्बा स्थित प्रसिद्ध भूड़ वाली दरगाह पर सालाना उर्स को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। दरगाह परिसर को आकर्षक रोशनी और रंग-बिरंगी सजावट से सजाया गया है। आयोजन समिति द्वारा जायरीनों के ठहरने, पेयजल, साफ-सफाई और वाहनों की पार्किंग की विशेष व्यवस्था की गई है। उर्स मंगलवार से शुरू हो गया। बड़ी संख्या में जायरीन पहुंचने लगे हैं। उर्स के दौरान कव्वाली, चादरपोशी और फातिहा का आयोजन होगा। जिसमें दूर-दराज से आने वाले अकीदतमंद शामिल होंगे। दरगाह के सदर जमील अल्वी ने बताया प्राचीन भूड़ वाली दरगाह पर लगभग 46 साल से उर्स कव्वालियों का आयोजन लगातार किया जा रहा है। जायरीन जो भी मनोकामना मांगते हैं वह पूरी होती है। उन्होंने बताया कि सुबह में कुरान ख्वानी व रात को जलसा का कार्यक्रम होगा। 13 व 14 मई को कव्वाली का मुकाबला होगा।

खनन माफिया हावी, संबंधित विभाग मौन, लोग परेशान

उझानी, अमृत विचार : क्षेत्र में खनन माफिया काफी समय से सक्रिय हैं। संबंधित विभाग की लापरवाही के चलते खनन माफिया के हौसले बुलंद हैं जिससे वह लोग बालू भरे ट्रैक्टर ट्राली भरे बाजार से निकाल कर ले जाते हैं। जिससे आम लोगों को भारी परेशानी होती है। इस इलाके में कुछ दबंग खनन माफिया संबंधित विभाग की चेतावनी के बाद भी काम कर रहे हैं। दिन में बीच बाजार से होकर बालू भरे ट्रैक्टर निकल रहे हैं जिससे तेज हवा में बालू उड़ती है जो लोगों की आंखों पर गिरती है। दुकानदारों का कहना है कि खनन के कारण दुकानों पर बैठना मुश्किल हो गया है। इस पर न तो पुलिस लगाम रही है और न ही खनन विभाग कार्यवाही कर रहा है जिससे अवैध खनन लोगों की मुसीबत बना हुआ है।

जिला महिला अस्पताल में दिया गया गोल्डन मिनट का प्रशिक्षण

बदायूं, अमृत विचार : राष्ट्रीय एनआरपी दिवस के अवसर पर मंगलवार को जिला महिला अस्पताल में नवजात शिशुओं की जान बचाने के उद्देश्य से एक प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की गई। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य प्रसव के तुरंत बाद न रोने वाले नवजात शिशुओं को गोल्डन मिनट (जीवन का पहला सुनहरा मिनट) में आवश्यक सहायता प्रदान कर उनकी जान बचाना था। कार्यशाला में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों के डॉक्टरों और नर्सों सहित 100 लोगों को दो बैचों में राष्ट्रीय एनआरपी का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। यह प्रशिक्षण जिला महिला अस्पताल के बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. संदीप वार्ष्णेय और चिकित्सा अधिकारी डॉ आशीष कुमार द्वारा संयुक्त रूप से दिया गया।

महेश नवमी महोत्सव की तैयारियां शुरू, दीपक चुने गए कमेटी के अध्यक्ष

बिल्सी, अमृत विचार : महेश नवमी महोत्सव की तैयारियों को लेकर माहेश्वरी धर्मशाला में माहेश्वरी समाज की एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में समाज के अनेक लोगों ने सहभागिता करते हुए आगामी महोत्सव की रूपरेखा पर चर्चा की। बैठक में सर्वसम्मति से दीपक माहेश्वरी उर्फ बाबा को महेश नवमी महोत्सव 2026 का अध्यक्ष चुना गया। उनके चयन पर लोगों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर राकेश माहेश्वरी, मुकुल मालपानी, आदित्य माहेश्वरी, हर्षित सोमानी, अवधेश लड्ढा, अखिल मालपानी, प्रफुल्ल मालपानी सहित समाज के कई सदस्य मौजूद रहे। बैठक में निर्णय लिया गया कि युवा टीम के सहयोग से इस वर्ष महेश नवमी महोत्सव को बड़े उत्साह, भव्यता और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ मनाया जाएगा। समाज के वरिष्ठ जनों ने कहा कि महेश नवमी महोत्सव समाज की एकता, संस्कृति और परंपराओं का प्रतीक है।

प्रदर्शन

सपा सांसद आवास के पास महिलाओं का क्रमिक प्रदर्शन जारी

महिला आरक्षण विरोध के पीछे विपक्ष की गलत सोच

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

सांसद के आवास के पास प्रदर्शन करतीं भाजपा की पदाधिकारी व कार्यकर्ता।

अमृत विचार : नारी शक्ति वंदन अधिनियम - 2023 के अंतर्गत लोकसभा व विधानसभाओं में 33 प्रतिशत महिला आरक्षण लागू करने के लिए केंद्र सरकार द्वारा संसद में पेश विधेयक का सपा, कांग्रेस सहित अन्य विपक्षी दलों ने विरोध किया जिससे विधेयक पारित नहीं हो सका। भाजपा से जुड़ी महिलाओं ने इसे नारी अधिकारों व सम्मान के प्रति नकारात्मक मानसिकता बताया है।

जिसके अंतर्गत महिला जन-आक्रोश अभियान शुरू किया गया। जिसके तहत सपा सांसद आदित्य यादव के आवास के पास बिसौली विधानसभा की भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को भी प्रदर्शन किया, सपा के खिलाफ नारेबाजी की।

भाजपा की जिला उपाध्यक्ष सरिता वार्ष्णेय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए लगातार ऐतिहासिक निर्णय ले रही है। महिला आरक्षण विधेयक महिलाओं को राजनीति में समान भागीदारी देने वाला ऐतिहासिक कदम है, लेकिन विपक्षी दलों ने इसका विरोध कर अपनी महिला विरोधी सोच को उजागर किया है। सीमा राठौर ने कहा भाजपा सरकार महिलाओं को सम्मान, सुरक्षा और अवसर देने के लिए प्रतिबद्ध है। आज महिलाएं हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं, लेकिन विपक्ष को महिलाओं का बढ़ता सम्मान और सशक्तिकरण स्वीकार नहीं हो रहा है। जिलाध्यक्ष महिला मोर्चा अमिता उपाध्याय ने कहा लोकसभा और विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने का निर्णय देश की मातृशक्ति को मजबूत करने वाला कदम है। कहा कि महिलाएं विपक्ष की नकारात्मक राजनीति का लोकतांत्रिक तरीके से जवाब दे रही हैं। जिला मंत्री रचना शंखधर ने कहा कि महिला जन-आक्रोश अभियान सिर्फ एक प्रदर्शन नहीं बल्कि महिलाओं के अधिकारों और सम्मान की आवाज है। देश की महिलाएं अब महिला विरोधी मानसिकता रखने वाले दलों को लोकतांत्रिक तरीके से जवाब देने के लिए तैयार हैं।

मंडल अध्यक्ष महिला मोर्चा रीना राघव, मंडल उपाध्यक्ष रेनू अग्रवाल, अनीता शंखधार, प्रवेश सिन्हा, संगीता रस्तोगी, कृष्ण गुप्ता, सुलक्षणा पाठक, विनीता पाठक, प्रवेश नन्हीं, रुक्मिन, सीमा, कौशल्या, सीमा, अम्सवती, मैना, राजरानी, प्रीति, सुरना देवी, आरती, धनदेवी, रामप्यारी, सुशीला कपूर, अनीता मिश्रा, देवकी, नीता शर्मा, सर्वेश शर्मा, मंजू पाराशरी, राजकुमारी आदि प्रदर्शन में शामिल रहीं।

प्रो. प्रशांत फिर बने दास पीजी कॉलेज के प्राचार्य

बदायूं, अमृत विचार : नेहरू मेमोरियल शिव नारायण दास पीजी कॉलेज में मंगलवार को प्रोफेसर प्रशांत कोहली ने दोबारा से प्राचार्य पद का कार्यभार ग्रहण कर लिया है। इससे पहले वह जून 2021 से अगस्त 2022 तक प्राचार्य पद का दायित्व निभा चुके हैं। वर्तमान में वह महाविद्यालय के भौतिक विज्ञान विभाग में एसोसिएट प्रोफेसर हैं। महाविद्यालय प्रबंधन ने आशा जताई कि उनके नेतृत्व में महाविद्यालय की प्रशासनिक और शैक्षणिक गतिविधियां और अधिक सुदृढ़ व प्रभावी होंगी। एक समारोह में प्रोफेसर आशीष कुमार सक्सेना ने उन्हें कार्यभार सौंपा।

प्रो. प्रशांत कोहली।

न्यूज ब्रीफ

पेट्रोल पंप पर खड़ी कैंटर से डीजल चोरी

बिल्सी। कछला-शाहबाद हाईवे पर स्थित दिधौनी पेट्रोल पंप पर खड़ी एक कैंटर से चोर करीब 330 लीटर डीजल चोरी कर ले गए। चोरी गए डीजल की कीमत लगभग 26 हजार रुपये बताई जा रही है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी है। अनवर मलिक पुत्र अबरार मलिक अपनी कैंटर गाड़ी लेकर दिधौनी पेट्रोल पंप पर रुके थे। देर रात अज्ञात चोरों ने गाड़ी की टंकी का ताला या पाइप खोलकर उसमें भरा सारा डीजल निकाल लिया। सुबह जब अनवर मलिक ने गाड़ी देखी तो डीजल चोरी होने की जानकारी हुई। इसके बाद उन्होंने डायल 112 पर पुलिस को सूचना दी। पुलिस टीम मौके पर पहुंची और मौका मुआयना किया। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए पेट्रोल पंप पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालनी शुरू कर दी है, ताकि चोरों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार किया जा सके।

बाबाओं ने दंपती से की पांच हजार की ठगी

बिसौली। कोतवाली बिसौली क्षेत्र के गांव धिमरपुरा निवासी तेजपाल नगर के टीकाराम अस्पताल में पत्नी के साथ दवाई लेने आ रहे थे। रास्ते में कुछ बाबा ने बेवकूफ बनाते हुए पांच हजार ठग लिए। मंगलवार दोपहर तेजपाल अपनी साली के साथ पत्नी राजकुमारी को एक अस्पताल से दवा दिलाने आ रहे थे कि गांव हत्सा के पास में दो बाबा मिले। जिन्होंने उनकी बाइक रोकी और एक रुपये की मांग की। छुट्टा नहीं होने की बात कहने पर एक बाबा ने उसकी पत्नी का पर्स देखने को कहा और खुद देखने लगा, फिर पर्स लौटा दिया। तेजपाल ने बिसौली आकर देखा तो पर्स में रुपये नहीं थे। बताया कि उनके साथ पांच हजार रुपये की ठगी हुई है।

रास्ते में बालिका को गलत नीयत से पकड़ा

विजय नगला। थाना बिनावर क्षेत्र के एक गांव की महिला ने पुलिस को तहरीर दी कि 7 अप्रैल की रात गांव में बारात आई थी। उसकी 11 साल की बेटी बारात देखकर लौट रही थी, तभी गांव के पूर्व प्रधान ने अपने साथियों के साथ उसे पकड़ लिया। वह किसी तरह उनके चुंगल से छूटकर भागी तो वे लोग पीछा करते हुए घर में घुस आए और मारपीट की। शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी।

एआरटीओ कार्यालय में अवैध वसूली, भाकियू नाराज

किसानों ने धरना-प्रदर्शन कर अवैध वसूली कर रहे प्राइवेट कर्मचारियों को कार्यालय से बाहर करने की मांग उठाई

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

एआरटीओ कार्यालय पर धरने पर बैठे भाकियू के पदाधिकारी व अन्य किसान। ● अमृत विचार

सिटी मजिस्ट्रेट सुरेश पाल को ज्ञापन सौंपते संगठन के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

अमृत विचार : भारतीय किसान यूनियन असली गैर राजनैतिक संगठन ने एआरटीओ कार्यालय पर धरना प्रदर्शन किया। कार्यालय में भ्रष्टाचार और अनियमितता का आरोप लगाते हुए प्रदर्शन किया। कर्मचारियों पर तानाशाही रवैया का आरोप लगाया और सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपा। कर्मचारियों पर अवैध वसूली का आरोप लगाया। साथ ही प्राइवेट कर्मचारियों को कार्यालय से बाहर करने की मांग की। 10 दिन में मांग पूरी न होने पर अनिश्चितकालीन आंदोलन की चेतावनी दी।

संगठन के जिला उपाध्यक्ष हरीश पटेल ने कहा कि एआरटीओ कार्यालय में 10 से 12 प्राइवेट लोग काम कर रहे हैं। यह भी नहीं बताया जाता है कि वह किस अधिकारी की अनुमति से काम पर लगे हैं। इन प्राइवेट लोगों का मानदेय किस मद से निकाला जाता है। कार्यालय में काम करने वालों में सरकारी व प्राइवेट कर्मचारियों की पहचान नहीं हो पाती। इसी का फायदा उठाकर यह प्राइवेट कर्मचारी लोगों से धन उगाही करते हैं। कहा कि इसे रोकने के लिए सरकारी कर्मचारियों को आईकार्ड पहनने की अनिवार्यता की जाए। जिससे पता चल सकेगा और लोग इन प्राइवेट कर्मचारियों को रुपये नहीं देंगे। जिला कोषाध्यक्ष हरवंश पटेल ने कहा कि कार से लेकर ई-रिक्शा के पंजीकरण पर मोटा पैसा वसूल किया जाता है।

एजेंट कार्यालय की खिड़की से न जाकर सीधे कार्यालय में प्राइवेट कर्मचारियों से संपर्क करते हैं। रुपये देने पर उनका काम तुरंत हो जाता है। जिससे लाइन में खड़े लोगों को खासा परेशानी का सामना करना पड़ता है। जिला अध्यक्ष केपीएस राठौर ने कहा कि जो लोग अपने ड्राइविंग लाइसेंस का रिन्यूवल कराने आते हैं। उनकी फीस ऑनलाइन कटती है। उसके बाद फोटो का काम होता है। जिसके बाद अप्रूवल लिया जाता है। अप्रूवल 850 रुपये देने पर ही होता है, जो रुपये नहीं देते उन्हें एआरटीओ के पास भेज दिया जाता है कि एआरटीओ टेस्ट लेंगे और आवेदक फेल हो जाएगा।

आरोप लगाया कि वाहनों का समय बढ़ाने, फिटनेस के लिए चेसिस सील होने पर भी 100 से 200 रुपये तक देने पड़ते हैं। फाइल पर दूसरे दिन साइन करा दिए जाते हैं। एक प्राइवेट कर्मचारी के पास एआरटीओ की आईडी रहती है। वह इसी आईडी से अप्रूवल करता है। मुजरिया चौराहे से दो किमी दूर उझानी मार्ग स्थित एक ढाबे के पास जिले में एंट्री के नाम पर हर डंपर से 7000 रुपये लिए जाते हैं। जो नहीं देता उसका चालान कर दिया जाता है या गाड़ी सीज कर दी जाती है। संगठन का आरोपह है कि विभाग की सांठगांठ से स्लीपर बसें दूसरे राज्यों तक संचालित कराई जा रही हैं। जिसमें अवैध सामान ढोया जा रहा है। धरने का संचालन युवा जिलाध्यक्ष जसवीर सिंह यादव और अध्यक्षता सूरजपाल सिंह ने की।

राजपाल सिंह, प्रताप सिंह, हरीश पटेल, अशोक पटेल, पूनम गुप्ता, विपिन माहेश्वरी, मोहम्मद वसीम, अरुण शर्मा, कमल गुप्ता, अरविंद सिंह, महेश सागर, अशोक कुमार, एसके गौतम, खान बहादुर आदि उपस्थित रहे।

छेड़छाड़ के विरोध पर छत से धकेला अस्पताल में मौत

बदायूं। बेटी के साथ छेड़छाड़ करने का विरोध करने पर युवक ने उसके पिता को छत से नीचे धकेल दिया। बुजुर्ग को बरेली के अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां इलाज के दौरान बुजुर्ग ने मंगलवार को दम तोड़ दिया। मामला कोतवाली सिविल लाइन क्षेत्र के एक गांव में 9 मई का है।

मृतक की पत्नी ने एसएसपी को पत्र देकर बताया कि 9 मई की शाम उनके पति और बेटियां छत पर खाना खा रहे थे। इसी दौरान पड़ोस का युवक छत पर आ गया और बेटियों से छेड़छाड़ करने लगा। पति ने विरोध किया तो युवक ने गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडों से मारपीट की। शोर सुनकर परिवार के लोग पहुंचे। युवक ने उनके पति को छत से धक्का दे दिया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजन उन्हें जिला अस्पताल ले गए। हालत गंभीर होने पर चिकित्सक ने रेफर कर दिया तो उनको बरेली के अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां इलाज के दौरान मौत हो गई।

एसडीएम ने सिसरका गांव में रुकवाया अवैध निर्माण

संवाददाता, ओरछी

● ग्रामीणों की शिकायत पर गांव पहुंची थी तहसील की टीम

अमृत विचार : थाना फैजगंज बेहटा क्षेत्र के गांव सिसरका में सरकारी जमीन पर किए जा रहे अवैध निर्माण की शिकायत पर तहसील प्रशासन की टीम ने मौके पर पहुंच कर अवैध निर्माण रुकवा दिया। साथ ही चेतावनी दी कि दुबारा निर्माण किया गया तो कार्यवाही की जाएगी।

सिसरका गांव के लोगों ने एसडीएम से शिकायत की थी कि गांव का एक युवक आंगनबाड़ी केंद्र की जमीन पर निर्माण कार्य करा रहा है। उक्त शिकायत को गंभीरता से लेते हुए एसडीएम बिसौली साईं आश्रित सारवामुरी, नायब तहसीलदार आनंद राज और कानूनगो शादाब अली नकवी गांव पहुंचे। टीम ने विवादित गाटा संख्या 1339 का मौका मुआयना किया। कहा सरकारी संपत्ति पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। ग्रामीणों ने बताया कि गाटा संख्या 1339 के एक भाग में आंगनबाड़ी केंद्र बना हुआ है, जबकि खाली पड़ी शेष जमीन का उपयोग गांव के लोग दसवां संस्कार के लिए करते हैं। आरोप है कि वहां रह रहे एक युवक ने सरकारी भूमि पर कब्जा करना शुरू कर दिया था। मंगलवार को प्रशासनिक अमले की मुस्तैदी से फिलहाल अवैध निर्माण पर रोक लगा दी गई है। हल्का लेखपाल अनुज वार्ष्णेय ने बताया ग्रामीणों की शिकायत पर मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया, खाली जगह कब्जा मुक्त कर दी है।

तेज रफ्तार डंपर ने बंदर को कुचला ग्रामीणों में रोष

इस्लामनगर। थाना इस्लामनगर क्षेत्र के गांव राजथल रोड पर महरौला गांव के पास मंगलवार को मिट्टी से भरे एक तेज रफ्तार डंपर ने बंदर को कुचल दिया जिससे बंदर की मौत हो गई। घटना से ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। लोगों ने डंपरों पर कार्रवाई की मांग की है।

ग्रामीणों के अनुसार क्षेत्र में बड़े पैमाने पर मिट्टी खनन का कार्य चल रहा है। डंपर और जेसीबी मशीनों के जरिए किसानों के खेतों से मिट्टी निकालकर ईंट भट्ठों तक पहुंचा रहे हैं। कई किसान उपजाऊ कृषि भूमि से मिट्टी खुदवाकर भट्ठा संचालकों को बेच रहे हैं। कई महीनों से क्षेत्र के विभिन्न गांवों में जेसीबी से खुदाई कर मिट्टी डंपरों के माध्यम से भट्ठों पर पहुंचाई जाती है। ग्रामीणों का कहना है कि मिट्टी से भरे भारी वाहन गांव की सड़कों पर तेज गति से दौड़ते हैं।

हनुमान मंदिर में विशाल भंडारा, पहुंचे साधु-संत

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

श्रीमद्भागवत कथा के बाद भंडारे में प्रसाद ग्रहण करते लोग। ● अमृत विचार

● इस अवसर पर मेधावियों को किया गया सम्मानित

अमृत विचार : उझानी के श्री ओम प्रकाश शर्मा इंटर कॉलेज परिसर स्थित बड़ा हनुमान मंदिर प्रांगण में श्रीमद्भगवत कथा के बाद मंगलवार को विशाल भंडारा हुआ जिसमें दूरदराज से आए साधु-संतों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर विद्यालय प्रबंधन की ओर वसे मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया।

कथा व्यास रामचंद्राचार्य ने हाईस्कूल परीक्षा में जिले की टॉप टेन सूची में नौवां स्थान प्राप्त कर स्कूल टॉपर बनी छात्रा मुस्कान साहू को विशेष रूप से सम्मानित किया। वहीं इंटरमीडिएट परीक्षा में विद्यालय टॉपर रहे छात्र गौरव साहू को साइकिल देकर सम्मानित किया। स्कूल संस्थापक ओम प्रकाश शर्मा ने प्रतिभाशाली बच्चों को साइकिलें भेंट कीं। रामचंद्राचार्य ने कहा कि शिक्षा ही जीवन का वास्तविक प्रकाश है। मेहनत, अनुशासन और संस्कारों के बल पर विद्यार्थी समाज और राष्ट्र का नाम रोशन कर सकते हैं। आज की युवा पीढ़ी यदि स्पष्ट लक्ष्य निर्धारित कर निरंतर परिश्रम करे तो कोई भी सफलता असंभव नहीं है। प्रबंधक धर्मेंद्र कुमार शर्मा ने कहा कि विद्यालय हमेशा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है। इस मौके पर धर्मेंद्र कुमार शर्मा, ममता शर्मा, कमलाकांत, राजीव लोचन, प्रधानाचार्य राजेंद्र सिंह, मुकेश तोमर, राजा बाबू सिंह, प्रमोद कुमार, आनंद मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

शहर में आईपीएल का सट्टा करा रहा हिस्ट्रीशीटर, निशाने पर युवा

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

● सीएम को पत्र भेजकर शिकायत रिपोर्ट दर्ज कराने की मांग

अमृत विचार : जब से आईपीएल शुरू हुआ तब से सट्टेबाज हावी है। सट्टेबाज युवाओं के साथ हर वर्ग को निशाना बना रहे हैं। पुलिस ने पिछले दिनों कुछ सट्टेबाजों पर कार्रवाई की लेकिन शहर के सट्टेबाज पुलिस की पकड़ से दूर हैं। इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि दो लोगों ने मुख्यमंत्री को शिकायती पत्र भेजा है। जिसमें बताया गया है सदर कोतवाली क्षेत्र निवासी हिस्ट्रीशीटर अपने साले के साथ मिलकर गिरोह चला रहा है और आईपीएल सट्टा कराने के साथ जुए का अड्डा चला रहा है। वह स्मैक भी सप्लाई करता है।

शहर के मीरा सराय और कछला निवासी दो युवकों ने मुख्यमंत्री को शिकायती पत्र भेजकर बताया कि घंटाघर के पास में रहने वाला एक युवक हिस्ट्रीशीटर है। उस पर गैंगस्टर के तहत कार्रवाई हो चुकी है। साल 2017 में पुलिस ने उसे स्मैक के साथ पकड़ा था। वह छह महीने जेल में रहा। बाहर आने के बाद सट्टा, जुआ, स्मैक का काम करने लगा है। वह अपने साले के साथ गिरोह बनाकर अवैध काम कर रहा है। उसके घर पर जिले के आपराधिक प्रवृत्ति के लोगों का आना जाना रहता है। वह अपने घर में जुआ का अड्डा चलाता है। शिकायती पत्र के अनुसार उसके गिरोह में पुलिसकर्मी से लेकर एसओजी के सिपाही भी शामिल हैं। अगर पुलिस उसके ठिकाने पर दबिश देने जाती है तो गिरोह में शामिल पुलिसकर्मी पहले ही सूचना दे देते हैं। उसके आपराधिक प्रवृत्ति का होने की वजह से लोग उसकी शिकायत नहीं करते। वह खुलेआम कहता है कि वह पुलिस को महीना देता है। नेताओं तक पैसा पहुंचाता है।

बताया कि वह सत्ताधारी नेताओं के साथ फोटो लगा बैनर, होर्डिंग लगवाता है। वह राजनैतिक कार्यक्रमों में मोटा चंदा देता है। वह खुद को सपा में और अपने साले को भाजपा में बताता है। शिकायतकर्ताओं ने रिपोर्ट दर्ज करके अवैध कारोबार बंद कराने की मांग की। एसएसपी अंकिता शर्मा ने कहा कि अवैध काम किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पुलिस लगातार ऐसे लोगों पर कार्रवाई कर रही है।

पुलिस ने बेटियों को दिया आत्मरक्षा का संदेश

स्कूल में बच्चों को जागरूक करतीं पुलिसकर्मी। ● अमृत विचार

संवाददाता, बिल्सी

अमृत विचार : विकासखंड अंबियापुर क्षेत्र के गांव पिंडोल के स्कूल में मंगलवार को मिशन शक्ति के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें बालिकाओं को सुरक्षा, आत्मनिर्भरता और सरकारी योजनाओं की जानकारी देकर जागरूक किया गया। मिशन शक्ति केंद्र प्रभारी रचना देशवाल के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में पुलिस टीम ने छात्राओं को विभिन्न हेल्पलाइन नंबर 112, 1090, 181, 1930 और 1098 की जानकारी दी। साथ ही बताया कि किसी भी आपातकाल की स्थिति में इन सेवाओं का तुरंत उपयोग किया जा सकता है। महिला कांस्टेबल प्रियंशी तोमर, सोनिया ने घरेलू हिंसा, साइबर अपराध, छेड़छाड़ और उत्पीड़न जैसी समस्याओं से बचाव के उपाय समझाए। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को आत्मविश्वास बढ़ाना तथा उन्हें सुरक्षा के प्रति जागरूक करना रहा।

पालिका ने ठीक कराई पाइप लाइन

खबर का असर

संवाददाता, बिसौली

अमृत विचार : बिसौली के मुख्य मार्ग के फुटपाथ पर नगर पालिका की पानी की मुख्य पाइप लाइन टूटने की वजह से काफी समय से पानी बह रहा था। वहां गहरा गड्ढा बन गया था। जिसकी वजह से हादसे की आशंका बनी हुई थी। साथ ही जमीन के नीचे इस लाइन के साथ ही 11 हजार वोल्टेज की लाइन भी गुजर रही थी।

जिससे आसपास के दुकानदार भयभीत थे। दुकानदार इस बावत विद्युत और पालिका विभाग को कई बार अवगत करा चुके थे लेकिन दोनों विभाग आपसी पचड़ार में उलझे रहे। दोनों विभाग समस्या निस्तारण को इस स्थान पर एक साथ नहीं आ पा रहे थे। गुरुवार 14 मई को अमृत विचार में खबर छपने पर संबंधित विभागों ने गंभीरता दिखाई। नगर पालिका चेयरमैन अबरार अहमद और विद्युत विभाग के जेई जसवीर सिंह की उपस्थिति में पाइपलाइन सही करा दी गई।

पाइप लाइन सही कराते नगर पालिका चेयरमैन अबरार अहमद। ● अमृत विचार

घर में घुसकर की छेड़छाड़ विरोध पर बुजुर्ग पर हमला

संवाददाता, कुंवरगांव

अमृत विचार : थाना कुंवरगांव क्षेत्र के एक गांव में मंगलवार दोपहर एक युवक ने घर में घुसकर छेड़छाड़ की। विरोध करने पर युवक ने बुजुर्ग पर हमला कर दिया। आरोप है कि तमंचे की बट से मारकर लहूलुहान कर दिया। एक गांव निवासी बुजुर्ग के घर में दोपहर लगभग एक बजे एक युवक घुस गया और मौजूद बुजुर्ग की पुत्रवधू का हाथ पकड़कर छेड़छाड़ करने लगा।

थाने पर मौजूद पीड़ित बुजुर्ग।

पुत्रवधु चिल्लाई तो बुजुर्ग मौके पर पहुंचे और युवक का विरोध किया। युवक ने तमंचा निकालकर बुजुर्ग के कंधे पर बट से मार दिया जिससे वह घायल होकर जमीन पर गिर गए। बताया जा रहा है कि युवक घर के बाहर खड़ा था जिसके पास चाकू था। गांव में चर्चा है कि युवक ने फायरिंग भी हुई थी। गोली की आवाज सुनकर ग्रामीण दौड़े तो उन्हें देखकर युवक भाग गया। सूचना मिलने पर कुंवरगांव थाना और डायल 112 पुलिस पहुंची। घायल को जिला अस्पताल भेजा। थाना प्रभारी राजेश कौशिक ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

बालू खनन माफिया हावी, संबंधित विभाग बना मौन

उझानी, अमृत विचार : क्षेत्र में खनन माफिया काफी समय से सक्रिय हैं। संबंधित विभाग की लापरवाही के चलते खनन माफिया के हौसले बुलंद हैं जिससे वे बालू भरे ट्रैक्टर-ट्राली भरे बाजार से निकाल कर ले जाते हैं। जिससे आम लोगों को भारी परेशानी होती है।

इस इलाके में खनन का कारोबार धड़ल्ले से हो रहा है। कुछ दबंग खनन माफिया संबंधित विभाग की चेतावनी के बाद भी काम कर रहे हैं। दिन में बीच बाजार से होकर बालू भरे ट्रैक्टर निकल रहे हैं जिससे तेज हवा में बालू उड़ती है जो लोगों की आंखों पर गिरती है। दुकानदारों का कहना है कि खनन के कारण दुकानों पर बैठना मुश्किल हो गया है। इस पर न तो पुलिस लगाम रही है और न ही खनन विभाग कार्यवाही कर रहा है जिससे अवैध खनन लोगों को मुसीबत बना हुआ है।

कांशीराम कॉलोनी के आवास में मिला बुजुर्ग महिला का कंकाल

संवाददाता, बिसौली

महिला का शव मिलने पर मौके पर मौजूद पुलिसकर्मी। ● अमृत विचार

● पति की मौत के बाद घर में अकेली रहती थी महिला

अमृत विचार : कोतवाली बिसौली क्षेत्र की कांशीराम कॉलोनी के एक आवास में बुजुर्ग महिला का कंकाल मिला। दुर्गंध आने पर पड़ोसियों की सूचना पर पुलिस पहुंची। कंकाल को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

मंगलवार दोपहर कॉलोनी निवासी युवक ने पुलिस को सूचना दी कि पास के आवास से दुर्गंध आ रही है। जहां एक कंकाल है। दुर्गंध से बहुत ज्यादा परेशानी हो रही है। बिसौली कोतवाली पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। आवास का दरवाजा तोड़ा गया तो भीतर कंकाल पड़ा था। लोगों ने बताया कि कस्बा मुड़िया निवासी रामनिवास और उसकी पत्नी पतंग देवी क्वार्टर नंबर सात में पिछले दस साल से रह रहे थे। चार साल पहले रामनिवास की मौत हो गई थी। तब से पतंग देवी कभी कभार आकर इस मकान में रुक जाती थीं। मुहल्ले वालों ने बताया कि दस दिनों से पतंग देवी घर से बाहर नहीं देखी गई थीं। दो-तीन दिन से बहुत दुर्गंध आ रही थी। मंगलवार को एक बच्चे ने दरवाजे से झांका तो पतंग देवी का कंकाल पड़ा था।

मॉडल और नाटक प्रतियोगिता में छात्राओं का दिखा हुनर

संवाददाता, बिसौली

● कंपोजिट विद्यालय हर्रायपुर में आयोजित हुईं प्रतियोगिताएं
● वार्ष्णेय महिला उत्थान समिति ने बच्चों को किया पुरस्कृत

अमृत विचार : वार्ष्णेय महिला उत्थान समिति की ओर से विकास क्षेत्र कंपोजिट विद्यालय हर्रायपुर में छात्र-छात्राओं की मॉडल प्रतियोगिता और स्वच्छता संबंधी नाटक प्रतियोगिता कराई गई। जिसमें विजेताओं और प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया।

मॉडल प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने विज्ञान व गणित के मॉडल प्रस्तुत किए। कक्षा सात के पीयूष यादव ने ज्वालामुखी मॉडल के बारे में बेहतर प्रस्तुति देकर पहला स्थान हासिल किया। इसी कक्षा की अंजलि ने स्टर फिश की जानकारी दी। उन्हें दूसरा स्थान मिला। गणित विषय में कोणों का मॉडल बनाने पर कक्षा छह के दिव्यांशु को तीसरा स्थान हासिल हुआ। वहीं स्वच्छता विषय के पर हुए नुक्कड़ नाटक में प्रतिभाग करने और सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले छात्र-छात्राओं के अलावा विद्यालय की रसोइया व अन्य स्टाफ को पुरस्कृत किया। समिति अध्यक्ष आशु वार्ष्णेय ने प्रसन्नता व्यक्त की। स्कूल प्रधानाध्यापक व राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त शिक्षक कुंवरसेन ने समिति के सदस्यों का आभार जताया। इस मौके पर समिति की निर्मला कुमारी, मधु वार्ष्णेय, निर्मला वार्ष्णेय, राजेश वार्ष्णेय, साधना वार्ष्णेय, आशु वार्ष्णेय, प्रतिमा वार्ष्णेय, रेखा के साथ स्कूल की चित्रा, उमेश चंद्र, हिमानी वार्ष्णेय, हेमलता, अंजुम बुशरा, विकास कुमार आदि उपस्थित रहे।

आदेश बेअसर: स्टेशन पर धीमी गति से हो रहा एफओबी, स्वचालित सीढ़ियों का निर्माण कार्य

रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म पर उड़कर आ रही धूल, यात्री परेशान, 2026 में कार्य पूरा होने पर संदेह

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

अधूरा पड़ा स्वचालित सीढ़ियों का कार्य। ● अमृत विचार

अमृत विचार : रेलवे के जीएम, कैबिनेट मंत्री और सांसद के निर्देश के बाद भी स्टेशन पर फुट ओवर ब्रिज, स्वचालित सीढ़ियों और सर्कुलेटिंग एरिया में निर्माण कार्य काफी धीमी गति से हो रहा है। इधर एक सप्ताह से कार्य बंद पड़ा है। सर्कुलेटिंग एरिया में भवन को तोड़कर मलवा छोड़ दिया और तेज हवा में धूल प्लेटफार्म पर आती है। सवाल उठ रहा है कि वर्ष 2026 में कार्य कैसे पूरा होगा।

रेलवे के जीएम, कैबिनेट मंत्री और सांसद ने फुट ओवर ब्रिज, स्वचालित सीढ़ियों और सर्कुलेटिंग एरिया में निर्माण कार्य की धीमी गति को लेकर नाराजगी जताई थी। जीएम, कैबिनेट मंत्री और सांसद ने डीआरएम और संबंधित अधिकारी को निर्देश दिए थे कि अमृत भारत योजना के तहत कार्यों में तेजी लाई जाए। डीआरएम ने कहा था कि फुट ओवरब्रिज और स्वचालित सीढ़ियों का निर्माण कार्य 2026 तक में पूरा हो जाएगा। अब सवाल उठ रहा है कि दोनों के निर्माण कार्य काफी धीमी गति से चल रहा है।

फुट ओवरब्रिज की सीढ़ियां प्लेटफार्म पर अभी तक नहीं बनी है, इसी प्रकार स्वचालित सीढ़ियों का फ्रेम भी प्लेटफार्म पर नहीं बना है। दोनों का सिर्फ ढांचा खड़ा कर दिया है। इसी प्रकार प्लेटफार्म एक पर पार्सल घर और शौचालय का भवन बनाकर खड़ा कर दिया है, लेकिन उनके सामने प्लेटफार्म को तोड़ दिया है तथा तोड़ गए प्लेटफार्म की मरम्मत नहीं कराई है।

इसी प्लेटफार्म एक पर पुराना डाकघर और पुराना जीआरपी थाना का भवन तोड़ दिया है और मलवा प्लेटफार्म एक के किनारे पड़ा है। लोगों ने प्लेटफार्म एक पर आने का रास्ता बना लिया है। हवा चलने पर मलबे की धूल प्लेटफार्म एक पर आकर यात्रियों को परेशान करती है। यात्रियों को काफी दिक्कत हो रही है। इधर एक सप्ताह से फुट ओवरब्रिज और स्वचालित सीढ़ियों का निर्माण कार्य बंद पड़ा है। ठेकेदार की लेबर दूसरे जिले में गयी है। अब सवाल उठ रहा है कि वर्ष 2026 में स्वचालित सीढ़ियों, फुटओवर ब्रिज तथा सर्कुलेटिंग एरिया का काम कैसे पूरा होगा। रेल अधिकारियों ने बताया कि निर्माण कार्य चल रहा है।

रेलवे फाटक पर हो रहा कछुआ गति से कार्य

शाहजहांपुर अमृत विचार : रोडवेज रेलवे फाटक पर रेलवे लाइन पर कछुआ गति से कार्य हो रहा है। रेलवे फाटक बंद होने से लोगों को करीब एक किमी दूर टाउन हाल पुल होकर जाना पड़ता था। रेलवे ट्रैक का मरम्मत का कार्य 09 मई तक पूरा होना था। रेलवे रोडवेज फाटक संख्या 323 पर रेल ट्रैक पर मरम्मत का कार्य होना था। पीडब्लूआई ने रेलवे फाटक पर चस्पा किया था कि रेलवे फाटक पर रेल ट्रैक का मरम्मत का कार्य 07 से 9 मई तक होगा। रेलवे ट्रैक पर मरम्मत के कार्य को लेकर रेलवे फाटक बंद कर दिया गया है। डाउन और अप लाइन के बीच पत्थर को खोदकर डाल दिया है। जबकि कार्य 09 मई तक पूरा हो जाना चाहिए था। रेलवे फाटक कार्य कछुआ गति से हो रहा है। लोगों को स्टेशन आने के लिए डेढ़ किलोमीटर घूमकर टाउन हाल पुल होकर साइकिल, बाइक और चार पहिया वाहन लेकर आना पड़ता था। इधर, रेलवे फाटक के पास सब्जी ठेले वालों ने रेलवे की जमीन पर अनाधिकृत रूप से ठेले खड़े कर रखे हैं। रेलवे फाटक न खुलने से लोगों को दिक्कत हो रही है।

न्यूज डायरी

द्वितीय बड़े मंगल पर लगाया प्याऊं

खुटार, अमृत विचार : तेज गर्मी और भीषण तपिश से राहत दिलाने के लिए मंगलवार को शर्बत का प्याऊं लगाकर राहगीरों को बांटा। जेठ के दूसरे बड़े मंगल पर चना, हलुआ व शरबत का भंडारा किया। बाला जी सेवा समिति द्वारा पूरनपुर रोड स्थित श्रीराम किराना स्टोर के सामने आयोजित भंडारे में चना, हलुआ, व शरबत वितरित किया गया। शरबत पीकर राहगीरों ने भीषण गर्मी में राहत की सांस ली। भंडारा में पवन पाण्डेय, अनुपम शुक्ला, सतीश तिवारी, सुबोध त्रिवेदी, रिशु त्रिवेदी, गौतम पाण्डेय सहित तमाम सेवादार सेवा करते रहे। उधर खुटार के प्रसिद्ध श्री प्राचीन बालाजी धाम बुढ़िया व श्रीराम जानकी बालाजी धाम पर पूरे दिन भंडारे का आयोजन चलता रहा।

थाने से तीन सौ मीटर की दूरी पर दुकान से बैट्रा चोरी

खुटार अमृत विचार : बीती रात थाने से तीन सौ मीटर की दूरी पर मैन रोड की दुकान से अज्ञात चोर बैट्रा चोरी कर ले गए। सुबह दुकान पर पहुंचे दुकानदार को चोरी की जानकारी हुई। इससे पहले भी 2 मई की रात को कोहर मार्केट के पीछे खड़े ट्रैक्टर से बैटरी चोरी हो गई थी। इससे पुलिस की गश्त पर सवाल खड़े हो रहे हैं। नगर के मोहल्ला बजरिया निवासी सुरजीत ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि उसकी मेन रोड पर टीवीएस बाइक एजेंसी के सामने रुद्रपुर टायर के नाम से दुकान है। सोमवार रात वह दुकान बंद करके घर चला गया। सुबह दुकान खोलने आया तो दुकान से बड़ा बैट्रा और उसकी लीड गायब थी। अज्ञात चोरों ने दुकान पर रखे मोटर खोलने का भी प्रयास किया। लेकिन वह सफल नहीं हो सके। इससे पूर्व भी 2 मई की रात को कोहर मार्केट के पीछे खड़े ट्रैक्टर से कस्बा के मोहल्ला बजरिया के मुकीम की बैटरी चोरी हो गई थी। जिसका अभी तक पता नहीं चल सका है। मेन रोड पर हो रही चोरी से पुलिस की रात्रि गश्त पर सवाल खड़े हो रहे है। सुरजीत ने अज्ञात चोर के विरुद्ध तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। थाना प्रभारी खुटार अरविंद कुमार ने बताया कि बैट्रा चोरी होने की जानकारी नहीं है। यदि तहरीर मिलती है तो जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

मिलावट के संदेह में राइस ब्रान आयल से भरी पिकअप सीज

कलान, अमृत विचार : मिलावट के संदेह में पुलिस ने राइस ब्रान आयल से भरी एक पिकअप को सीज कर दिया। पिकअप में करीब दो लाख 24 हजार 852 रुपए कीमत का तेल भरा हुआ था। कार्रवाई के बाद क्षेत्र के स्पेलर चक्की मालिकों और अन्य दुकानदारों में हड़कंप मच गया। रविवार को पुलिस और खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने रुकनपुर स्थित अशोक गुप्ता की दुकान पर कार्रवाई करते हुए 35 प्लास्टिक की केन सील कर दीं। टीम ने यहां से चार सैंपल भी लिए। इसके अलावा जनता रोड पर पप्पू गुप्ता और परौर रोड पर आशीष गुप्ता की दुकानों से सरसों तेल के नमूने लिए गए। जानकारी मिलते ही क्षेत्र के स्पेलर चक्की मालिकों और अन्य दुकानदारों में अफरा-तफरी मच गई। सोमवार को अधिकांश दुकानें बंद रहीं, लेकिन मंगलवार को स्पेलर चक्की मालिकों और अन्य दुकानदारों ने प्रतिष्ठान खोल लिए और कामकाज शुरू कर दिया। कई स्थानों पर सीओ जलालाबाद अजय राय के निर्देश पर पुलिस ने स्पेलर चक्कियों पर पहरा भी दिया। पुलिस ने संदिग्ध हालत में पकड़ी गई पिकअप को सीज कर दिया है। उधर, खाद्य सुरक्षा विभाग की ओर से लिए सैंपल जांच के लिए प्रयोगशाला भेज दिए गए हैं।

युवती को अगवा करने की रिपोर्ट

शाहजहांपुर, अमृत विचार : कांट थाना क्षेत्र के एक गांव के व्यक्ति ने थाने में दी तहरीर में बताया कि 02 मई की रात 11 बजे 20 वर्षीया पुत्री को गांव का गोविंद को अगवा करके ले गया। उसकी पुत्री घर में रखे 50 हजार रुपये लेकर चली गयी है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली ह। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है।

तीन मेधावी छात्रों को वितरित कीं साइकिलें

शाहजहांपुर, अमृत विचार : बहुजन एकता सेवा संगठन की ओर से मंगलवार को तहसील पुवायां में ग्राम महमदपुर सैजनिया में सामान्य ज्ञान परीक्षा में सफल प्रतियोगियों को साइकिल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

समारोह में सामान्य ज्ञान परीक्षा में सफल प्रतियोगी छात्रों अनूप कुमार-प्रथम, आदित्य कुमार-द्वितीय, प्रिया कुमारी-तृतीय को साइकिलें दी गईं। मुख्य अतिथि बहुजन एकता सेवा संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष रमेश चंद्र एडवोकेट, विशिष्ट अतिथि राष्ट्रीय उपाध्यक्ष शिवम कुमार गौतम ने छात्रों को साइकिल वितरण किया। उन्होंने मेधावी छात्रों को बधाई दी। राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य बृजेश कुमार एडवोकेट, प्रदेश अध्यक्ष पवनदीप कठेरिया एडवोकेट, प्रदेश सचिव जसवंत कुमार, प्रदेश कोषाध्यक्ष श्री कृष्ण वर्मा एडवोकेट, मंडल सचिव बरेली प्रभात कठेरिया, छविनाथ गौतम एडवोकेट, रंजीत गौतम, अनीत कुमार भारती, कपिल गौतम, विमलेश कुमार भारती आदि मौजूद रहे।

न्यूज ब्रीफ

हनुमान दल के जिलाध्यक्ष की हत्या से शोक

करियामई, अमृत विचार : राष्ट्रीय हनुमान दल के हापुड़ के जिलाध्यक्ष अनूप तोमर की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। संगठन और स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश और शोक व्याप्त है। उधैती के सोरहा स्थित संकट मोचन धाम और श्री श्याम मंदिर पर शोक सभा हुई। सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। दो मिनट का मौन रखकर आत्मा की शांति की कामना की गई। राष्ट्रीय हनुमान दल युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष स्वतंत्र सक्सेना ने हमलावरों की जल्द गिरफ्तारी की मांग की। राहुल शर्मा, अंशुल गुप्ता, अजय चौधरी, वैभव सक्सेना, गोलू ठाकुर, मोहित ठाकुर, हरेंद्र ठाकुर, प्रवीण गुप्ता, मोनू ठाकुर आदि मौजूद रहे।

ब्लैकमेल करने का आरोप

शाहजहांपुर, अमृत विचार : सदर बाजार थाना क्षेत्र के एक मोहल्ले की महिला ने थाने में दी तहरीर में बताया कि वह आठ माह की गर्भवती है। अज्ञात महिला और व्यक्ति इंस्टाग्राम पर कॉल कर उसकी निजी तस्वीरों को अश्लील कर वायरल करने की धमकी देकर 20 हजार रुपये के लिए ब्लैकमेल कर रहे है। मोबाइल हैक कर तस्वीरें चोरी कर ली है। पैसे देने से मना करने पर आरोपियों ने 25 अप्रैल को तस्वीरों को वायरल कर दी। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि अज्ञात पुरुष व अज्ञात महिला के खिलाफ विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

लिपिक को दी धमकी

निगोही, अमृत विचार : नगर पंचायत निगोही के लिपिक ने थाने में दी तहरीर में बताया कि पूर्व में नगर पंचायत में आउटसोर्सिंग के कर्मचारियों ने हड़ताल की थी। जिसकी जांच 12 मई को एसडीएम तिलहर द्वारा की जा रही थी। जांच से संतुष्ट न होकर आउटसोर्सिंग सफाई कर्मचारी भड़क गए और नेता रामनिवास के साथ ज्ञापन देने पहुंचे। सफाई कर्मचारियों ने धमकी देते हुए कहा कि सभी कर्मचारियों की पिटाई करो। नामित सदस्य नरेश वर्मा निवासी हमजापुर ने उसे धमकी दी कि काम खत्म होने के बाद कार्यालय के बाहर देख लेगें। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि जांच की जा रही है।

17.50 लाख रुपये से बनेगी 600 मीटर की सड़क

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- **राजाराम इंटर कॉलेज से शहबाजपुर चौक तक होगा कार्य**

अमृत विचार : शहर में बुनियादी ढांचे को सुदृढ़ करने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण पहल हुई है। राजाराम इंटर कॉलेज से पार्वती देवी इंटर कॉलेज से शहबाजपुर चौक तक की जर्जर हो चुकी सड़क का निर्माण कराया जाएगा। सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता के प्रयास से विधायक निधि के अंतर्गत 600 मीटर की दूरी की इस सड़क का लगभग 17.50 लाख रुपये से निर्माण कार्य होगा। यह कार्य पीसी कार्य के रूप में किया जाएगा। जिससे सड़क की गुणवत्ता और मजबूती सुनिश्चित होगी।

महेश चंद्र, विधायक।

यह सड़क लंबे समय से अत्यंत खराब स्थिति में है। स्थानीय नागरिकों के साथ विशेष रूप से छात्राओं को परेशानी होती है। इस मार्ग पर राजाराम इंटर कॉलेज और पार्वती देवी इंटर कॉलेज जैसे प्रमुख शिक्षण संस्थान स्थित हैं। जहां रोज बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं आवागमन करते हैं। सड़क की जर्जर हालत के कारण उन्हें असुविधा, देरी और दुर्घटनाओं के खतरे का सामना करना पड़ता था। बरसात के मौसम में स्थिति और भी विकट हो जाती थी, जिससे विद्यालय पहुंचना दुष्कर हो जाता था। लोगों ने सदर विधायक से सड़क निर्माण की मांग की थी। विधायक ने इस सड़क को प्राथमिकता में शामिल किया। सड़क निर्माण की स्वीकृति मिलने के बाद क्षेत्र में खुशी का माहौल है। सड़क के निर्माण से न केवल क्षेत्र की कनेक्टिविटी बेहतर होगी, बल्कि स्थानीय नागरिकों और छात्र-छात्राओं को सुरक्षित, सुगम आवागमन की सुविधा भी प्राप्त होगी। विधायक ने कहा कि शहर का सर्वांगीण विकास उनकी प्राथमिकता है। आमजन के के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है।

शहबाजपुर चौक जाने वाला जर्जर मार्ग।

मासिक धर्म और स्वच्छता के प्रति किया जागरूक

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- **नगर पालिका इंटर कॉलेज में विशेष कार्यक्रम आयोजित**
- **होप्यूनिटी हेल्पिंग वेलफेयर फाउंडेशन ने दिया सहयोग**

अमृत विचार : होप्यूनिटी हेल्पिंग वेलफेयर फाउंडेशन के पीरियड पाठशाला 0.2 अभियान के अंतर्गत नगर पालिका इंटर कॉलेज में किशोरियों के लिए एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शिक्षिका डॉ. प्रज्ञा पांडेय की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में छात्राओं को मासिक धर्म, स्वच्छता, पोषण और स्वास्थ्य संबंधी जानकारी दी गई।

कार्यक्रम में संस्था की निदेशक डॉ. कृष्णा सिंह ने किशोरियों को मासिक धर्म से जुड़ी जानकारियां देते हुए पहली बार पीरियड्स आने पर बरती जाने वाली सावधानियों, स्वच्छता प्रबंधन, संतुलित आहार और मानसिक स्वास्थ्य के महत्व के बारे में अवगत कराया। छात्राओं को झिझक और भ्रांतियों को दूर कर खुलकर संवाद करने के लिए प्रेरित किया। मासिक धर्म से जुड़े सामाजिक अंधविश्वास एवं मिथकों पर भी चर्चा करने के साथ वैज्ञानिक दृष्टिकोण से समझाते हुए जागरूकता का संदेश दिया गया। वहीं स्वास्थ्य विभाग से किशोर स्वास्थ्य परामर्शदाता मोहित कुमार ने पीरियड्स की उपयोगिता, स्वच्छता प्रबंधन, संक्रमण से बचाव और गर्भाशय ग्रीवा कैंसर (सर्वाइकल कैंसर) से संबंधित जानकारी दी। छात्राओं को स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने और समय-समय पर स्वास्थ्य संबंधी परामर्श लेने के लिए प्रेरित किया।

इस दौरान छात्राओं की जिज्ञासा का समाधान भी किया गया। निदेशक ने कहा कि जागरूकता अभियान पूरे मई महीने में लगातार चलेगा। जिसका उद्देश्य अधिक से अधिक किशोरियों तक पहुंचकर उन्हें स्वास्थ्य के प्रति जागरूक, आत्मनिर्भर एवं सशक्त बनाना है।

खादी ग्रामोद्योग बोर्ड देगा निःशुल्क टूल किट्स, आवेदन शुरू

शाहजहांपुर, अमृत विचार: जिला खादी ग्रामोद्योग अधिकारी ने बताया कि उत्तर प्रदेश खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड की ओर से वित्तीय वर्ष 2026-27 में परंपरागत स्वरोजगार में रुचि रखने वाले कारीगरों को निःशुल्क टूल किट्स वितरित की जाएंगी। योजना के तहत आठ मोटराइज्ड दोना पत्तल मेकिंग मशीन और भुर्जी समाज के कारीगरों के लिए आठ पॉपकार्न मेकिंग मशीन उपलब्ध कराई जाएंगी।

योजना के तहत आवेदन करने वाले लाभार्थियों को सरकार की ओर से टूल किट्स उपलब्ध कराई जाएंगी। आवेदन के साथ फोटो, आधार, जाति, निवास समेत जरूरी दस्तावेज अनिवार्य होंगे। आवेदक ग्रामीण क्षेत्र का निवासी होना चाहिए और उसकी आयु 18 से 50 वर्ष के बीच होनी चाहिए। अधिक जानकारी जिला ग्रामोद्योग कार्यालय, मोहल्ला सुभाषनगर तिराहा, डायमंड मैरिज लॉन के निकट, शाहजहांपुर से प्राप्त की जा सकती है। आवेदन ऑनलाइन प्राप्त और जमा करने की अंतिम तिथि 25 मई निर्धारित की गई है।

कार्यकर्ताओं का अनुभव संगठन के लिए अमूल्य धरोहर

अभाविप की बैठक में तैयारियों पर चर्चा करते पदाधिकारी। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- **अभाविप की बैठक में अभ्यास वर्ग की तैयारियों पर चर्चा**

अमृत विचार : अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की मंगलवार को एनटीआई कॉलेज लोदीपुर में पूर्व कार्यकर्ता बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मुख्य रूप से क्षेत्रीय सह संगठन मंत्री विपिन गुप्ता का प्रवास रहा।

उन्होंने 13, 14, 15 व 16 जून 2026 को प्रस्तावित प्रांत अभ्यास वर्ग की तैयारियों पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं का अनुभव संगठन के लिए अमूल्य धरोहर है।

बैठक में प्रांत अभ्यास वर्ग की व्यवस्था, कार्यकर्ता सहभागिता एवं संगठन विस्तार जैसे विषयों पर गहन मंथन हुआ। इस अवसर पर राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य आकाश मैसी, विभाग प्रमुख मचकेंद्र सिंह, विभाग संगठन मंत्री राहुल गंगवार, जिला प्रमुख बृजेश मिश्रा, जिला संगठन मंत्री संदीप सागर, महानगर मंत्री आयुष श्रीवास्तव, महानगर महामंत्री सहित जिले के अनेक पूर्व कार्यकर्ता एवं वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

परामर्श केंद्र पर एक दंपती का समझौता

शाहजहांपुर, अमृत विचार : पुलिस लाइन परिसर में महिला परामर्श केंद्र पर 14 पत्रावलियों पर सुनवाई की गयी तथा 01 दंपती को सकुशल विदा किया गया।

बंडा क्षेत्र के एक दंपती का विवाह करीब 05 वर्ष पूर्व हुआ था। पत्नी 8 माह से मायके में रह रही थी। उसने बताया कि पति शराब आदि का नशा करता है। पति ने जेवर गिरवी रख दिए थे और उसके साथ मारपीट की थी, जिससे विवाद था। दोनों पक्षों को परिवार परामर्श केंद्र बुलाकर वार्ता कराई गयी। दोनों पक्ष एक साथ रहने को तैयार हो गए।

इस मौके पर परामर्श केंद्र प्रभारी मधु यादव, महिला मुख्य आरक्षी चंद्रकांता शर्मा, सिपाही मोनिका कुमारी, मोनिका रानी, निशा मिश्रा व साकेत आदि मौजूद रहे।

व अदालत श्रीमान कमिश्नर महोदय, बरेली
अपील/निगरानी नम्बर C2008120000747
शमीम खां आदि बनाम पप्पू आदि रेस्पान्डेन्ट 1. शमीम खां 2. मोमीन खां 3. अमीर खां पुत्रगण वफेदार खां 4. महसीम खां पुत्र हनीक खां 5. अहमद शेर निवासीगण घनश्याम दास खुर्द मुसलमान पर. पुवायां जिला शाहजहांपुर अपील/निगरानी वनाराजी फैसला व डिग्री मुकदमा माल मुकाम मुकदमा नं. सन् मुबर्खा माह सन बनाम 1. पप्पू पुत्र राम भजन 2. विजय पाल पुत्र बुद्दा लाल 3. दयाराम पुत्र श्रीपाल 4. रोहन लाल पुत्र बहादुर 5. राजेन्द्र कुमार पुत्र चेतराम 6. जयचन्द्र पुत्र जयलाल 7. कामता प्रसाद पुत्र नन्कू 8. रामेश्वर पुत्र गंगा राम 9. श्रीमती कलावती पत्नी सूरजपाल 10. राम कुमार पुत्र सूरजपाल 11. श्रीमती जाहिरा बेगम पत्नी इवरार खां 12. इस्तियाक पुत्र मुख्त्यार खां 13. सुरेश पुत्र मक्खन 14. वव्वन खां पुत्र हनीक खां 15. असद पुत्र आशिक अली 16. सगीर खां पुत्र आशिक अली 17. श्रीमी मुनीशा बेगम पत्नी शराफत अली समस्त निवासीगण हरना ज. नगला पर. व तह. पुवायां जिला शाहजहांपुर। 18. ब्रजेश पुत्र मोती 19. प्रहलाद पुत्र गोधन 20. विनोद पुत्र राम सरन 21. मेंहदी हसन पुत्र नवी बक्श समस्त निवासीगण घनश्याम दास खुर्द मुसलमान पर. पुवायां जिला शाहजहांपुर 22. असर पुत्र सफेदार 23. इसरार खां पुत्र अवरार खां 24. अच्छन खां पुत्र हवीव खां 25. आशिफ खां पुत्र मो. हनीक खां 26. मुन्नी बेगम पत्नी अनीस खां 27. रहीस खां पुत्र हनीक खां समस्त निवासीगण हरना ज.नगला पर. व तह. पुवायां जिला शाहजहांपुर 28. LMC घनश्याम दास खुर्द द्वारा चेयरमैन पर. पुवायां जिला शाहजहांपुर 29. सरकार उत्तर प्रदेश राज्य सरकार द्वारा जिलाधिकारी शाहजहांपुर मुत्तला हो कि अपील निगरानी वनाराजी डिग्री व फैसला तारीख मुकदमा वाला में अपीलान्ट/निगरानीकर्ता ने पेश की है जिसमें तारीख 28.05.2026 वास्ते समाअत अपील/निगरानी मुकर्रर की है अगर आप तारीख पर हाजिर अदालत न होंगे तो आपकी गैरहाजिरी में समाअत अपील/निगरानी तय की जावेगी। आज तारीख 07.05.2026 मेरे हस्तखत व मोहर अदालत से जारी किया गया।
अदालत कमिश्नर, बरेली

किसान सहकारी चीनी मिल्स लि०, सम्पूर्णानगर, जिला-खीरी
जेम-निविदा सूचना
मिल समिति में वर्ष 2026-27 में डी.जी. सेट रिपेयर एवं स्पेयर्स की आपूर्ति से सम्बन्धित निविदा जेम पोर्टल पर बिड संख्या GEM/2026/B/7526175 दिनांक 11.05.2026 के माध्यम से दिनांक 26.05.2026 को सायंकाल 5:00 बजे तक आमंत्रित की गयी है। उक्त निविदा gem.gov.in पर देखी जा सकती है।
प्रधान प्रबन्धक

शासन से मिला लक्ष्य, जिले में रोपे जाएंगे 50 लाख पौधे

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

अमृत विचार : शासन स्तर से वन विभाग को पौधरोपण का लक्ष्य निर्धारित कर दिया गया है। साथ ही जनपद के अन्य विभागों को भी अलग-अलग लक्ष्य दिया गया है। जिले में कुल 50 लाख पौधे रोपे जाएंगे। इसके लिए जगह-जगह गड्ढे खोदकर तैयार किए गए हैं। उझानी के दहेमू में दस हेक्टेयर भूमि पर गड्ढे खोदे गए हैं। वन विभाग ने पौधरोपण की तैयारी बड़े पैमाने पर की है।

जुलाई महीने से शुरू होने वाले वृहद पौधरोपण अभियान के लिए वन विभाग ने तैयारी शुरू कर दी है। इस बार वन विभाग को 14 लाख पौधे लगाने का लक्ष्य दिया गया है जबकि अन्य विभाग 36 लाख पौधे लगाएंगे।

इस तरह 50 लाख पौधे लगाकर जनपद को हरा-भरा किया जाएगा। पर्यावरण संरक्षण के लिए बनाई गई कार्ययोजना पर वन विभाग ने काम करना शुरू कर दिया है। वन विभाग की ओर से बताया गया है कि इस बार उझानी क्षेत्र के ग्राम दहेमू में करीब दस हेक्टेयर रकबा में पौधरोपण किया जाएगा।

रोपण के लिए नर्सरी में तैयार हो रही पौध। ● अमृत विचार

- **विभिन्न वन क्षेत्र में 14 लाख पौधों का रोपण करेगा वन विभाग**
- **तैयारी तेज, दहेमू वन क्षेत्र में खोदे गए दस हजार से ज्यादा गड्ढे**

इसके लिए करीब दस हजार गड्ढे खोदे गए हैं। इसके अतिरिक्त कादरचौक क्षेत्र के आगे गंगा किनारे खाली पड़ी जमीन को पौध रोपण के लिए चिन्हित किया गया है। उसहैत क्षेत्र से लेकर चंदनपुर हुसैनपुर बांध के आसपास खाली जमीन पर पौधरोपण किया जाएगा। जबकि सहसवान में वन विभाग की करीब सौ हेक्टेयर से अधिक वन भूमि है जो पूरा वन क्षेत्र है।

> इस बार पौधरोपण अभियान बड़े स्तर पर चलाया जाएगा। वन विभाग को शासन से लक्ष्य मिल चुका है। लक्ष्य के अनुसार जनपद में 50 लाख पौधे रोपित किए जाएंगे जिसमें 14 लाख वन विभाग लगाएगा। सभी विभागों से कार्य योजना मांगी गई है। जिससे उन्हें सुविधाजनक तरीके से पौध उपलब्ध कराई जा सके।
> **-निधि चौहान**-डीएफओ।

इस वन क्षेत्र में पौधरोपण किया जाएगा। वन विभाग ने सभी विभागों को अपनी-अपनी कार्य योजना बनाकर देने को कहा है।

जिससे उन्हें समय पर पौध उपलब्ध कराया जा सके। वन विभाग का कहना है कि जून माह से पहले सभी विभागों की कार्य योजना मिल जाएगी उसके हिसाब से पौधे आवंटित किए जाएंगे।

उझानी के दहेमू में रोपण को खोदे गए गड्ढे। ● अमृत विचार

नीम, बरगद के साथ रोपी जाएगी आम की पौध

वन विभाग की जनपद में 22 नर्सरी हैं जिनमें करीब 72 हजार पौधे तैयार किए गए हैं। यह पौधे लगभग पूरी तरह तैयार हैं। इनमें आम की पौध को इस बार विशेष तवज्जो दी गई है। जबकि अमरूद, जामुन, सागौन, शीशम, नीम, बरगद, और बड़ी संख्या में फलदार पौध तैयार की गई है। उक्त सभी पौधशालाओं का निरीक्षण किया जा चुका है। गर्मी में पौध को तेज धूप और लू से बचाने को बाड़ लगाई गई है।

ग्राम प्रधान पर होगी पौध सुरक्षा की जिम्मेदारी

ग्राम पंचायतों में लगाए जाने वाले पौधों की सुरक्षा ग्राम प्रधान के हवाले की जाएगी। ग्राम पंचायत में कहां-कहां पौधे लगाए गए हैं वहां का पूरा ब्यौरा विभाग के पास रहेगा जिससे उक्त स्थान पर लगाए गए पौधे देखे जा सकें। ग्राम प्रधान अपने स्तर से ग्रामीणों के सहयोग से पौधों की सुरक्षा सुनिश्चित करेंगे। वन विभाग ने ग्राम पंचायतों के जिम्मेदारों को स्थान चिन्हित करने को कहा है जिससे वहां पर पौध पहुंचाई जा सके। हालांकि ग्राम प्रधान स्वयं नियत नर्सरी से पौध मंगवाकर अपने क्षेत्र में रोपित कराएंगे।

कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता
बरेली वृत,लो0नि0वि0,बरेली

पत्रांक : 4438/413सी0(ई0टेण्डर)-3/26-27 दिनांक 07.05.2026

ऑन-लाइन निविदा आमंत्रण सूचना (तृतीय वार)

1-महामहिम राज्यपाल, उ0प्र0 की ओर से अधीक्षण अभियन्ता, बरेली वृत, लो0नि0वि0, बरेली के द्वारा प्रान्तीय खण्ड लो0नि0वि0, बरेली के कार्यक्षेत्र के अन्तर्गत निम्न तालिका में अंकित विवरण के अनुसार लो0नि0वि0 में पंजीकृत ठेकेदारों/फर्मो से मदवार दरों पर ई-निविदा दिनांक 14.05.2026 से दिनांक 19.05..2026 की मध्यान्ह 12.00 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं। निविदा की तकनीकी बिड दिनांक 19.05.2026 को अपरान्ह 12.30 बजे ऑन-लाइन खोला जाना प्रस्तावित किया गया है:-

क्र0 सं0.	कार्य का नाम	खण्ड का नाम	अनुमानित लागत (रू0 लाख में)	धरोहर धनराशि (रू0 लाख में)	कार्य पूर्ण करने अवधि	निविदा प्रपत्र का मूल्य (निविदा शुल्क+ स्टेशनरी+ जी0एस0टी0)	ठेकेदारो की पात्रता श्रेणी
1	2	3	4	5	6	7	8
01	जनपद बरेली के विकास खण्ड दमखोदा में ग्राम खिरना में दमखोदा नदी पर लघु सेतु, पहुँच मार्ग, सुरक्षात्मक एवं अतिरिक्त पहुँच मार्ग का निर्माण कार्य।	प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0,बरेली	512.50	10.25	12 माह	2725.00	ए (सेतु कार्य)
02	वित्तीय वर्ष 2025-26 में जनपद बरेली के विकास खण्ड बिथरी चौनपुर के ग्राम अधकटा बुनियादी बेगम म्यूडी रानी मेवा कुंवर के मध्य छोटी बहगुल नदी पर लघु सेतु, एवं पहुँच मार्ग का निर्माण कार्य।	प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0,बरेली	576.50	11.53	12 माह	2725.00	ए (सेतु कार्य)

2- निविदा दस्तावेज एवं निविदा हेतु आमंत्रण के विस्तृत नियम एवं शर्तों हेतु वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर लॉग ऑन किया जा सकता है।

(भगत सिंह)
अधिशासी अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड ,लो0नि0वि0,बरेली

(प्रकाश चन्द्र)
अधीक्षण अभियन्ता
बरेली वृत, लो0नि0वि0,बरेली

UP-251048 दिनांक 11.05.2026 विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।

न्यूज ब्रीफ

डीजीपी ने भरा स्व गणना का फार्म

अमृत विचार, लखनऊ : भारत की जनगणना 2027 के प्रथम चरण के कार्य स्व-गणना को लेकर पुलिस महानिदेशक की ओर से जनगणना पोर्टल के माध्यम से स्व-गणना का फॉर्म ऑनलाइन भरा गया। इस मौके पर पुलिस महानिदेशक राजीव कृष्ण ने समस्त विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों को स्वयं से जनगणना की सूचना भरने के संबंध में संदेश दिया।

तंबाकू नियंत्रण कार्यशालाा शुरू

अमृत विचार,लखनऊ : पुलिस प्रशिक्षण निदेशालय की ओर से मंगलवार को आयोजित टोबेको कंट्रोल ट्रेनिंग कार्यशाला की शुरुआत करते हुए अपर पुलिस महानिदेशक प्रशिक्षण बीडी पॉल्सन ने कहा कि तंबाकू नियंत्रण केवल स्वास्थ्य का विषय नहीं बल्कि सामाजिक जागरुकता एवं प्रभावी कानून प्रवर्तन से भी जुड़ा महत्वपूर्ण दायित्व है, जिसमें पुलिस की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है।

एक हफ्ते में चार बदमाश ढेर

अमृत विचार,लखनऊ : यूपी पुलिस अपराधियों को ढूढ़-ढूढ़ कर एनकाउंटर कर रही है। विभिन्न जिलों में विगत एक हफ्ते दिनों में दो दर्जन से अधिक एनकाउंटर हो चुके हैं, जिसमें चार अपराधी ढेर हो चुके हैं, जबकि कई का अस्पतालों में इलाज चल रहा है। बताया जा रहा है कि एनकाउंटर का सिलसिला अभी थमेगा नहीं। विगत हफ्ते हरदोई में बच्चे के अपहरण के बाद उसकी हत्या करने के आरोप में हुए एनकाउंटर में एक अपराधी ढेर हो गया। उसी दिन कन्नौज में भी एनकाउंटर हुआ, जिसमें 10 से अधिक अपराधी घायल हो गए, जिनका अस्पतालों में इलाज चल रहा है। दूसरे दिन मथुरा में हुए एनकाउंटर में दो अपराधी ढेर हो गए। इस एनकाउंटर में तीन अपराधियों के अलावा पुलिस कर्मी भी घायल हुए थे। वहीं सोमवार की देर रात चंदौली में साइको किलर गुरप्रत सिंह को एनकाउंटर में ढेर किया गया।

वैश्विक संकट के बीच गरीबों को राहत दें

अमृत विचार,लखनऊ : बसपा प्रमुख मायावती ने अमेरिका और इजराइल द्वारा ईरान के खिलाफ जारी युद्ध की अनिश्चितता को लेकर चिंता जताते हुए केंद्र और राज्य सरकारों से गरीब एवं मेहनतकश परिवारों को राहत देने की मांग की है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देशवासियों से संयम बरतने की अपील यह संकेत देती है कि देश के सामने केवल पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस ही नहीं, बल्कि आर्थिक संकट भी गहरा सकता है। बसपा प्रमुख ने सोशल मीडिया पर जारी बयान में कहा कि वैश्विक परिस्थितियों का असर करोड़ों भारतीयों के जीवन पर पड़ रहा है और इसके लंबे समय तक जारी रहने की आशंका भी है। उन्होंने कहा कि कोरोना काल की मार झेल चुकी बड़ी आबादी पहले से ही रोजी-रोटी के संकट से जूझ रही है। ऐसे में आम लोगों के पास बचत और खाने-पीने के संसाधन भी सीमित रह गए हैं। मायावती ने कहा कि इस स्थिति में केंद्र और राज्य सरकारों को गरीब व मेहनतकश परिवारों को राहत देने के लिए ठोस कदम उठाने चाहिए।

भाजपा राज में नौजवानों का भविष्य सुरक्षित नहीं

अमृत विचार,लखनऊ : आम आदमी पार्टी के यूपी प्रभारी व राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने मंगलवार को नीट परीक्षा पेपर लीक मामले को लेकर भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला। आरोप लगाया कि भाजपा शिक्षा माफिया को संरक्षण देकर देश के नौजवानों का भविष्य बर्बाद कर रही है। संजय सिंह ने कहा कि नीट परीक्षा का पेपर पहली बार लीक नहीं हुआ है, बल्कि इससे पहले वर्ष 2024 में भी ऐसी घटना सामने आ चुकी है। सांसद संजय सिंह ने दावा किया कि तीन मई को हुई परीक्षा में 180 में से 135 सवाल लीक होने का मामला सामने आया है, जिससे लाखों छात्र-छात्राओं और उनके परिवारों पर असर पड़ा है। उनका कहना था कि भाजपा से जुड़े लोग शिक्षा माफिया के पूरे नेटवर्क को संरक्षण दे रहे हैं, जिसकी वजह से बार-बार पेपर लीक की घटनाएं हो रही हैं। आप सांसद ने कहा कि देश के लाखों युवा कठिन मेहनत से प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करते हैं, लेकिन भ्रष्ट तंत्र और सरकार की विफलता उनके सपनों को तोड़ रही है। उन्होंने मांग की कि पेपर लीक गिरोह से जुड़े लोगों और उनके राजनीतिक संरक्षण की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए।

जलशक्ति राज्य मंत्री ने एस्कॉर्ट लौटाई, सुरक्षा घटाई, बाइक से करेंगे दौरा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- लंबी दूरी की सरकारी यात्राओं में करेंगे ट्रेन का उपयोग

अमृत विचार: प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ईंधन बचत और संसाधनों के संयमित उपयोग की अपील पर जहां विपक्ष लगातार हमलावर है, वहीं प्रदेश में भाजपा के एक मंत्री ने इसे व्यवहार में उतारकर नई राजनीतिक चर्चा छेड़ दी है। प्रदेश के जलशक्ति राज्यमंत्री दिनेश खटिक ने अपनी एस्कॉर्ट गाड़ियों की सुविधा स्वेच्छा से वापस कर दी है। उन्होंने यह भी घोषणा की है कि अब वह जिला भ्रमण बाइक से करेंगे और लंबी दूरी की सरकारी यात्राओं में ट्रेन का उपयोग करेंगे।

मंत्री के इस फैसले को भाजपा के भीतर "व्यवहारिक संदेश" के तौर पर देखा जा रहा है। राजनीतिक हलकों में चर्चा है कि इसका असर आने वाले दिनों में दूसरे मंत्रियों, जनप्रतिनिधियों और संगठन पदाधिकारियों पर भी दिखाई दे सकता है।

सूत्रों के मुताबिक भाजपा संगठन भी कार्यकर्ताओं के बीच सादगी और संसाधन संरक्षण का संदेश ले जाने की रणनीति पर काम कर रहा है। दिनेश खटीक ने मंगलवार सुबह अपनी एस्कॉर्ट सुविधा वापस करने की जानकारी संबंधित अधिकारियों को दी। उन्होंने अपने आवास की सुरक्षा व्यवस्था भी कम कर दी है। अब उनके आवास पर केवल एक गनर तैनात रहेगा। मंत्री ने समर्थकों और कार्यकर्ताओं से भी अनावश्यक वाहन उपयोग कम करने की अपील की है। दरअसल, पश्चिम एशिया में जारी तनाव और कच्चे तेल की कीमतों में तेजी के बीच प्रधानमंत्री मोदी ने हाल में देशवासियों से ईंधन बचत, गैरजरूरी खर्चों में संयम और संसाधनों के विवेकपूर्ण उपयोग की अपील की थी। भाजपा इसे राष्ट्रीय हित और आर्थिक अनुशासन से जोड़कर देख रही है, जबकि विपक्ष ने इसे मुद्दा बनाते हुए सरकार पर निशाना साधा है।

मंत्री कपिल देव ने किया मेट्रो रेल से सफर

- **अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता विभाग के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने मंगलवार को नई दिल्ली से मेरठ तक की यात्रा मेट्रो और नमो भारत ट्रेन (रैपिड रेल) से कर ऊर्जा संरक्षण का संदेश दिया। मंत्री कपिल देव अग्रवाल इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट, टर्मिनल-3 पहुंचने के बाद निजी वाहन का उपयोग करने के बजाय सीधे मेट्रो स्टेशन पहुंचे। वहां से मेट्रो के जरिए सराय काले खां पहुंचे और फिर नमो भारत ट्रेन से मेरठ रवाना हुए। रात में वह मोदीपुरम स्टेशन पहुंचे। मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की सोच केवल ईंधन बचत तक सीमित नहीं, बल्कि पर्यावरण संरक्षण और भविष्य की पीढ़ियों के लिए संसाधनों को सुरक्षित रखने का अभियान है।

मेट्रो ट्रेन में यात्रा करते मंत्री कपिल देव अग्रवाल व अन्य।

प्रधानमंत्री की अपील पर सपा हमलावर

- समाजवादी पार्टी के नेताओं ने प्रधानमंत्री की अपील को लेकर तीखी प्रतिक्रियाएं दी हैं। इसी बीच कन्नौज से जुड़े एक सपा सांसद के कथित अभद्र बयान को लेकर मुकदमा दर्ज होने के बाद सियासी विवाद और बढ़ गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से लेकर भाजपा के कई वरिष्ठ नेताओं ने विपक्ष की भाषा और रवैये की आलोचना की है।

पीएम पर टिप्पणी के विरोध में भाजपा का प्रदर्शन आज

अमृत विचार, लखनऊ : भाजपा ने समाजवादी पार्टी के एक सांसद द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर की गई कथित अमर्यादित टिप्पणी के विरोध में बुधवार को प्रदेशभर में प्रदर्शन करने का फैसला किया है। पार्टी सभी जिला मुख्यालयों पर कलेक्ट्रेट परिसर में विरोध प्रदर्शन करेगी। भाजपा के प्रदेश महामंत्री संजय राय ने बताया कि प्रदर्शन में महिला पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा मातृशक्ति के साथ प्रदेशभर में विरोध दर्ज कराएगी। संजय राय ने आरोप लगाया कि समाजवादी पार्टी राजनीतिक विरोध की आड़ में व्यक्तिगत स्तर पर अभद्र भाषा का प्रयोग कर रही है, जो भारतीय राजनीति की स्वस्थ परंपराओं के खिलाफ है।

सरकार का प्राथमिक से तकनीकी शिक्षा को मजबूत करने पर जोर

भाषा-गणित में दक्ष होंगे परिषदीय के बच्चे, तकनीकी विद्यार्थी को कराएंगे औद्योगिक विजिट

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: योगी सरकार प्राथमिक से लेकर तकनीकी शिक्षा को मजबूत करने पर जोर दे रही है। इसके लिए जहां परिषदीय विद्यालयों के बच्चों की भाषा व गणितीय क्षमता को मजबूत बनाने के लिए शिक्षकों और अकादमिक सहयोगियों को विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा वहीं प्रत्येक तकनीकी विद्यार्थी के लिए दो इंडस्ट्रियल विजिट अनिवार्य करने की तैयारी है।

निपुण भारत मिशन के अंतर्गत प्रदेश के चयनित जिलों के एआरपी और डायट मेंटर्स का पांच दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण 16 से 20 मई तक राज्य ग्राम्य विकास संस्थान, लखनऊ में होगा। सरकार का फोकस अब केवल स्कूलों में नामांकन बढ़ाने तक सीमित नहीं है, बल्कि बच्चों की वास्तविक सीखने की क्षमता को बेहतर बनाने पर भी है। इसी रणनीति के तहत एफएलएन (फाउंडेशनल लिटरेसी एंड न्यूमेरेसी) आधारित शिक्षण, गतिविधि आधारित पढ़ाई और आधुनिक कक्षा संचालन को जमीनी स्तर तक मजबूत किया जा रहा है। अधिकारियों के अनुसार प्रशिक्षण में हिंदी, गणित और अंग्रेजी विषयों की समझ, कक्षा संचालन, गतिविधि आधारित शिक्षण और बच्चों की सीखने की गति को समझने पर विशेष जोर रहेगा। सरकार का मानना है कि प्रशिक्षित शिक्षक ही बच्चों की भाषा दक्षता, पढ़ने-समझने की क्षमता और गणितीय सोच को बेहतर ढंग से विकसित कर सकते हैं। शिक्षा विभाग का कहना है कि शिक्षक प्रशिक्षण और अकादमिक मॉनिटरिंग को मजबूत कर परिषदीय विद्यालयों में सीखने के स्तर को और बेहतर बनाया जाएगा। आधुनिक शिक्षण तकनीकों और सहभागिता आधारित पढ़ाई का सीधा लाभ बच्चों की बुनियादी साक्षरता और गणितीय समझ पर दिखाई देगा।

इन जिलों के प्रतिभागी लेंगे प्रशिक्षण

- प्रशिक्षण में आगरा, आजमगढ़, बलिया, बाराबंकी, बरेली, बुलंदशहर, देवरिया, गाजीपुर, गोंडा, गोरखपुर, हरदोई, जौनपुर, लखीमपुर खीरी, प्रतापगढ़, प्रयागराज, रायबरेली, शाहजहांपुर, सीतापुर और उन्नाव समेत कई जिलों के प्रतिभागी शामिल होंगे। प्रत्येक जनपद से चार संदर्भदाताओं का चयन किया जाएगा, जिनमें दो एसआरजी और दो डायट मेंटर्स शामिल होंगे। संदर्भदाता अपने जिलों में शिक्षकों और शिक्षामित्रों को एफएलएन और एनसीईआरटी आधारित शिक्षण का प्रशिक्षण देंगे।

गतिविधि आधारित पढ़ाई को बढ़ावा

- सरकार अब केवल पाठ्यपुस्तक आधारित पढ़ाई तक सीमित नहीं रहना चाहती। बच्चों को खेल, गतिविधियों और सहभागिता आधारित तरीकों से सीखने के लिए तैयार किया जा रहा है, ताकि भाषा और गणित की बुनियादी समझ मजबूत हो सके।

दो इंडस्ट्रियल विजिट करेगा हर तकनीकी विद्यार्थी

- **अमृत विचार, लखनऊ :** तकनीकी शिक्षा विभाग की योजनाओं और नवाचारों की समीक्षा बैठक में इंजीनियरिंग छात्रों के लिए इंडस्ट्रियल विजिट और इंडस्ट्रियल ट्रेनिंग को अनिवार्य बनाने पर विशेष जोर दिया गया। मंत्री आशीष पटेल ने कहा कि सिविल इंजीनियरिंग के छात्रों को एक्सप्रेसवे, टनल और डैम निर्माण स्थलों का भ्रमण कराया जाए, जबकि मैकेनिकल और इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग के विद्यार्थियों को ईवी निर्माण इकाइयों और औद्योगिक प्रतिष्ठानों का व्यावहारिक अनुभव दिया जाए। इसके लिए प्रत्येक छात्र के लिए कम से कम दो इंडस्ट्रियल विजिट अनिवार्य करने का प्रस्ताव तैयार किया जा रहा है।विधानसभा स्थित कार्यालय में मंगलवार को हुई बैठक में प्राविधिक शिक्षा मंत्री आशीष पटेल ने कहा कि उत्तर प्रदेश को वन ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था बनाने में तकनीकी संस्थानों की बड़ी भूमिका होगी। उन्होंने कहा कि छात्रों को रोजगारपरक और व्यावहारिक शिक्षा उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है। बैठक में प्लेसमेंट पोर्टल, एआई इंटीग्रेशन, नैक और एनआईआरएफ रैंकिंग, इंडस्ट्रियल विजिट, इंडस्ट्री पार्टनरशिप और विभिन्न एमओयू की प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक में डिलाइट के प्रतिनिधि और विभागीय अधिकारी भी मौजूद रहे। बैठक में बताया गया कि विभाग के प्लेसमेंट पोर्टल पर आठ हजार से अधिक छात्र ऑनबोर्ड हो चुके हैं। साथ ही नौकरीडॉटकाम के सहयोग से उत्तर प्रदेश के विद्यार्थियों के लिए विशेष लैंडिंग पेज तैयार किया जा रहा है, जिससे युवाओं को स्थानीय स्तर पर रोजगार के अधिक अवसर मिल सकेंगे।बैठक में तकनीकी संस्थानों की नैक, एनआईआरएफ और एसआईआरएफ रैंकिंग सुधारने पर भी चर्चा हुई। फैकल्टी भर्ती, गुणवत्ता सुधार और बेहतर प्लेसमेंट पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए। प्रदेश में तेजी से विकसित हो रहे एक्सप्रेसवे, डिफेंस कॉरिडोर, डेटा सेंटर और ईवी सेक्टर को देखते हुए तकनीकी संस्थानों को उद्योगों की जरूरतों के अनुरूप तैयार किया जा रहा है। सरकार चाहती है कि छात्रों को पढ़ाई के दौरान ही वास्तविक इंडस्ट्री अनुभव मिल सके। सरकार अब तकनीकी शिक्षा को केवल पाठ्यक्रम तक सीमित नहीं रखना चाहती। एआई आधारित कोर्स, डिजिटल प्लेसमेंट पोर्टल और उद्योग साझेदारी के जरिए युवाओं को सीधे रोजगार से जोड़ने का मॉडल विकसित किया जा रहा है।

स्मार्ट क्लास, योग और नैतिक शिक्षा से तैयार हो रही नई पीढ़ी

- **अमृत विचार, लखनऊ :** अमृत विचार, लखनऊ : जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय अब केवल पढ़ाई तक सीमित नहीं रह गए हैं, बल्कि आधुनिक शिक्षा और भारतीय संस्कारों के समन्वय वाले मॉडल स्कूल के रूप में विकसित हो रहे हैं। नई शिक्षा नीति-2020 के अनुरूप इन विद्यालयों में बच्चों के बौद्धिक, शारीरिक और नैतिक विकास पर विशेष जोर दिया जा रहा है। प्रदेश में इस समय 103 जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय संचालित हैं, जहां हजारों छात्र-छात्राएं शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। वहीं मथुरा, गोंडा, कानपुर देहात और बलिया समेत विभिन्न जिलों में 20 नए विद्यालय निर्माणाधीन हैं। सर्वोदय विद्यालयों में योग और ध्यान को भी विशेष महत्व दिया गया है। सुबह की प्रार्थना सभा में विद्यार्थियों को नियमित योगाभ्यास कराया जाता है, जिससे उनमें अनुशासन, मानसिक संतुलन और सकारात्मक सोच विकसित हो रही है।

आज से 19 तक 'भारतीय भाषा ग्रीष्मकालीन शिविर'

अमृत विचार, लखनऊ : प्रदेश के परिषदीय और कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में बुधवार से 'भारतीय भाषा ग्रीष्मकालीन शिविर-2026' शुरू हो रहा है। शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देश पर आयोजित यह शिविर 19 मई तक चलेगा। शिविर का शुभारंभ केंद्रीय शिक्षा मंत्री करेंगे। महानिदेशक स्कूल शिक्षा मोनिका रानी ने सभी डायट प्राचार्यों, बेसिक शिक्षा अधिकारियों, खंड शिक्षा अधिकारियों और जिला समन्वयकों को शिविर का प्रभावी संचालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। शिविर के दौरान विद्यार्थियों को भारतीय भाषाओं, लोक संस्कृति, कहानी, कविता, गीत, संवाद, नाटक और रचनात्मक गतिविधियों से जोड़ा जाएगा। बेसिक शिक्षा विभाग ने गतिविधियों की सुझावात्मक सूची जारी की है। साथ ही स्थानीय स्वयंसेवी संस्थाओं के सहयोग से कार्यक्रमों को अधिक आकर्षक बनाने के निर्देश दिए गए हैं। शिविर का खर्च विद्यालयों की कंपोजिट ग्रांट से किया जाएगा। विभाग का उद्देश्य बच्चों में भाषाई कौशल, रचनात्मकता और भारतीय सांस्कृतिक विरासत के प्रति जुड़ाव विकसित करना है।

प्रवक्ता परीक्षा की प्रोविजनल उत्तरकुंजी जारी

अमृत विचार, लखनऊ: शिक्षा सेवा चयन आयोग के अध्यक्ष डॉ. प्रशांत कुमार ने बताया है कि आयोग द्वारा आयोजित प्रवक्ता संवर्ग की लिखित परीक्षा, जो 09 एवं 10 मई 2026 को सम्पन्न हुई थी, उसके सभी विषयों की मास्टर सेट की प्रोविजनल उत्तरकुंजी अभ्यर्थियों के अवलोकनार्थ 12 मई 2026 को आयोग की आधिकारिक वेबसाइट https://upessc.up.gov.in पर प्रकाशित कर दी गई है।

अध्यक्ष डॉ. प्रशांत कुमार ने बताया कि भौतिक विज्ञान, जीव विज्ञान, गणित, इतिहास, शिक्षा, अंग्रेजी, कृषि, वाणिज्य, समाजशास्त्र, नागरिक शास्त्र, गृह विज्ञान, अर्थशास्त्र, संस्कृत, मनोविज्ञान, रसायन विज्ञान, भूगोल, हिन्दी एवं कला सहित सभी विषयों की प्रोविजनल उत्तरकुंजी वेबसाइट पर उपलब्ध करा दी गई है।

मामला गुण-दोष पर निर्णीत करने के लिए एकल पीठ को लौटाया

विधि संवाददाता,लखनऊ

- आरओ/एआरओ परीक्षा आरक्षण विवाद में अग्रिम नियुक्तियों पर लगी रहेगी अंतरिम रोक

अमृत विचार: हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने आरओ/एआरओ भर्ती परीक्षा-2023 में आरक्षण लागू किए जाने को लेकर विवाद मामले में मंगलवार को सुनवाई हुई। कोर्ट ने मामले को एकल पीठ को वापस गुण-दोष पर सुनवाई के लिए भेज दिया है। इसके साथ ही कोर्ट ने उक्त पदों पर नई नियुक्तियां किए जाने पर लगाई गई अंतरिम रोक को जारी रखने का भी आदेश दिया है।

उक्त आदेश न्यायमूर्ति राजन रॉय व न्यायमूर्ति मंजीव शुक्ला की खंडपीठ ने विवेक यादव व अन्य की ओर से दाखिल विशेष अपील पर सुनवाई के बाद निस्तारित करते हुए पारित किया है। उक्त अपील में एकल पीठ के एक फरवरी 2026 के उस आदेश को चुनौती दी गई है, जिसमें अपीलार्थियों की याचिका पर उन्हें अंतरिम राहत देने से इनकार कर दिया गया था। अपीलार्थियों की ओर से अधिवक्ता आलोक मिश्रा ने कोर्ट को बताया कि अपीलार्थी ओबीसी वर्ग से हैं जिन्हें प्रारम्भिक परीक्षा में जो मार्क्स मिले, वे सामान्य श्रेणी से मुख्य परीक्षा के लिए चयनित कम से कम 25 अभ्यर्थियों से अधिक थे। बावजूद इसके अपीलार्थियों को प्रारम्भिक परीक्षा में असफल घोषित कर दिया गया। वहीं याचिका का विरोध करते हुए, राज्य सरकार व यूपी लोक सेवा आयोग ने कोर्ट को बताया कि उक्त भर्ती परीक्षा के तहत अधिकांश सफल अभ्यर्थियों को नियुक्तियां मिल चुकी हैं। कोर्ट ने पाया कि चूंकि याचिका मूल रूप से एकल पीठ के समक्ष विचाराधीन है लिहाजा उसी को इसके गुण दोष के आधार पर फैसला करना चाहिए।

युवाओं को केवल डिग्री नहीं, रोजगार देने वाला हुनर समय की जरूरत :मंत्री

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/गोरखपुर

- गोरखपुर में 'संवाद' कार्यक्रम में सरकार, उद्योग और प्रशिक्षण संस्थानों ने तैयार किया रोडमैप
- एआई, ड्रोन, रोबोटिक्स और अप्रेंटिसशिप के जरिए युवाओं को रोजगार से जोड़ने पर जोर

अमृत विचार: व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता विभाग के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत की मजबूत नींव कौशल विकास संस्थान हैं और युवाओं को केवल डिग्री नहीं, बल्कि रोजगार देने वाला हुनर उपलब्ध कराना समय की सबसे बड़ी जरूरत है।

मंत्री मंगलवार को गोरखपुर के होटल रमाडा में उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन की ओर से आयोजित 'संवाद' कार्यक्रम में बोल रहे थे। इस कार्यक्रम में सरकार, उद्योग जगत, निजी आईटीआई संचालकों और प्रशिक्षण संस्थानों के प्रतिनिधियों ने कौशल विकास के भविष्य को लेकर मंथन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए मंत्री ने बताया कि प्रदेश सरकार ने टाटा टेक्नोलाजी के साथ एमओयू कर 150 सरकारी आईटीआई को आधुनिक तकनीकों से अपग्रेड किया है। यहां एआई, ड्रोन टेक्नोलॉजी, रोबोटिक्स, एडवांस डिजाइनिंग और अत्याधुनिक मैन्युफैक्चरिंग जैसे कोर्स संचालित किए जा रहे हैं। जल्द ही 62 और आईटीआई को इस परियोजना से जोड़ा जाएगा। प्रमुख सचिव डॉ. हरिओम, मिशन निदेशक पुलकित खरे ने भी जानकारी दी।

दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत करते मंत्री कपिल देव अग्रवाल व अन्य।

एआई और ड्रोन टेक्नोलॉजी पर खास फोकस

- सरकार तकनीकी शिक्षा को भविष्य की जरूरतों से जोड़ने के लिए एआई, ड्रोन, रोबोटिक्स और एडवांस मैन्युफैक्चरिंग जैसे कोर्स शुरू कर रही है। आधुनिक लैब और उद्योग आधारित प्रशिक्षण मॉडल से युवाओं को वैश्विक स्तर की स्किलिंग देने की तैयारी है। उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन ने प्रशिक्षण साझेदारों को चरणबद्ध भुगतान प्रणाली से जोड़ा है, ताकि संस्थानों का फोकस केवल प्रशिक्षण नहीं, बल्कि युवाओं के प्लेसमेंट पर भी रहे। सरकार का दावा है कि इससे रोजगार आधारित प्रशिक्षण मॉडल को मजबूती मिलेगी।

मंथन | प्रदेश संगठन बैठक में बूथ, शक्तिकेंद्र और मंडल संरचना मजबूत करने पर जोर

भाजपा ने तय किया वर्ष 2027 में 2017 से बड़ी जीत का लक्ष्य

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष व केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने कार्यकर्ताओं को विधानसभा चुनाव 2027 के लिए अभी से पूरी ताकत के साथ जुटने का संदेश देते हुए कहा कि पार्टी को वर्ष 2017 से भी बड़ी जीत का लक्ष्य लेकर बूथ स्तर तक योजनाबद्ध तरीके से काम करना होगा। कहा, भाजपा की सबसे बड़ी ताकत उसका मजबूत संगठन व बूथ नेटवर्क है, इसलिए हर बूथ को 'जीत का बूथ' बनाने की रणनीति पर काम किया जाए।

मंगलवार को भाजपा प्रदेश मुख्यालय पर आयोजित संगठनात्मक बैठक में प्रदेश पदाधिकारियों, क्षेत्रीय अध्यक्षों, जिलाध्यक्षों और जिला प्रभारियों के साथ जिला समितियों, मंडल समितियों, शक्ति केंद्रों और बूथ समितियों की समीक्षा के बाद पंकज चौधरी ने कहा कि जिन बूथों पर भाजपा को पिछले चुनावों में बढ़त मिली थी, वहां जीत का अंतर और बढ़ाने पर काम किया जाए, जबकि अपेक्षाकृत कमजोर बूथों पर विशेष रणनीति और अधिक मेहनत की जरूरत है। उन्होंने कहा कि बूथ स्तर पर कार्यकर्ताओं की क्षमता का बेहतर उपयोग, सामूहिकता, समन्वय और प्रभावी रणनीति ही 2027 की जीत का आधार बनेगी। उन्होंने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि विपक्ष मुद्दाविहीन हो चुका है। उसके पास न कोई नीति है, न कार्यक्रम और न ही जनहित के लिए कोई स्पष्ट विजन। ऐसे में भाजपा कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी बढ़ जाती है कि वे घर-घर जाकर विपक्ष के दुष्प्रचार की सच्चाई बताएं।

जिला, मंडल, शक्तिकेंद्र और बूथ समितियों की नियमित होंगी बैठकें

बैठक में संगठनात्मक ढांचे को और सक्रिय करने पर भी जोर दिया गया। प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने कहा कि जिला, मंडल, शक्तिकेंद्र और बूथ समितियों की नियमित बैठकें सुनिश्चित की जाएं। उन्होंने निर्देश दिए कि जिला समितियों की बैठकें हर माह एक से 15 तारीख के बीच हों, मंडल समितियों की बैठकें प्रथम सप्ताह, शक्तिकेंद्र की बैठकें तृतीय सप्ताह और बूथ समितियों की बैठकें 'मन की बात' कार्यक्रम के साथ अंतिम सप्ताह में आयोजित की जाएं।

अनुभवी कार्यकर्ताओं को दोबारा करें सक्रिय : धर्मपाल

धर्मपाल सिंह ने कहा कि बूथ समितियों के सत्यापन का कार्य लगभग पूरा हो चुका है। अब संगठनात्मक अभियानों में
परिश्रमी और सक्रिय कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी सौंपी जाएगी। उन्होंने पुराने और अनुभवी कार्यकर्ताओं की सूची तैयार कर उन्हें दोबारा सक्रिय करने के निर्देश भी दिए। साथ ही पार्टी की विचारधारा से जुड़े नए लोगों को संगठन से जोड़ने पर भी जोर दिया गया।

प. बंगाल फतह के बाद यूपी में चुनावी मोड में भाजपा

लखनऊ : पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के लिए केंद्रीय नेतृत्व की सक्रियता और बूथ स्तर तक संगठन मजबूत करने की रणनीति के बीच अब भाजपा ने उत्तर प्रदेश में भी चुनावी मशीनरी को पूरी तरह सक्रिय करना शुरू कर दिया है। विधानसभा चुनाव 2027 में अभी समय भले हो, लेकिन पार्टी संगठन ने बूथ से लेकर शक्तिकेंद्र और मंडल स्तर तक कार्यकर्ताओं को सक्रिय रखने की तैयारी तेज कर दी है। प्रदेश मुख्यालय पर मंगलवार को हुई संगठनात्मक बैठक में साफ संकेत मिले कि भाजपा इस बार भी बूथ मैनेजमेंट को सबसे बड़ा चुनावी हथियार बनाने जा रही है।

पार्टी का फोकस केवल बड़े राजनीतिक अभियानों पर नहीं, बल्कि संगठन की जमीनी संरचना को लगातार सक्रिय और गतिशील बनाए रखने पर है। भाजपा नेतृत्व मानता है कि पिछले लोकसभा और विधानसभा चुनावों में उसकी सफलता के पीछे मजबूत बूथ नेटवर्क सबसे बड़ी ताकत रहा है।

जल जीवन की परियोजनाएं सौर उर्जा से जोड़ेंगे

अमृत विचार, लखनऊ : योगी सरकार ने जल जीवन मिशन के तहत ग्रामीण जलापूर्ति योजनाओं को सौर ऊर्जा से जोड़कर ऊर्जा बचत और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। प्रदेश में 67 हजार से अधिक गांवों में संचालित 33 हजार से अधिक ग्रामीण जलापूर्ति परियोजनाएं अब सौर ऊर्जा आधारित मॉडल पर चल रही हैं। इससे दो करोड़ से अधिक परिवारों को लाभ मिल रहा है। उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण) के प्रबंध निदेशक राजशेखर ने बताया कि सौर ऊर्जा संचालित पंपिंग सिस्टम स्थापित होने से अब तक 900 मेगावाट बिजली की बचत हुई है। सौर ऊर्जा मॉडल से बिजली की समस्या काफी हद तक समाप्त हो गई है। परियोजनाओं को 30 वर्षों के लिए डिजाइन किया गया है।

साहस के बगैर आप कोई अच्छा काम नहीं कर सकते हैं।
-इंदिरा गांधी, पूर्व प्रधानमंत्री

संकल्प और संकेत

प्रधानमंत्री का यह कहना कि 'दुनिया की कोई भी ताकत भारत को झुका नहीं सकती' केवल एक राजनीतिक नारा नहीं, बल्कि वर्तमान वैश्विक परिस्थितियों में राष्ट्रीय मनोबल को मजबूत करने वाला सशक्त संदेश भी है। यह वक्तव्य ऐसे समय आया है जब पश्चिम एशिया में युद्ध की आशंकाएं, वैश्विक ऊर्जा संकट, भू-राजनीतिक अस्थिरता और आर्थिक अनिश्चितता विश्व राजनीति को प्रभावित कर रही हैं, इसलिए प्रधानमंत्री के हालिया भाषणों को केवल घरेलू राजनीति के संदर्भ में नहीं, बल्कि व्यापक राष्ट्रीय मनोविज्ञान और अंतर्राष्ट्रीय परिस्थितियों के संदर्भ में भी समझना होगा।

भारत आज ऐसे वैश्विक दौर में खड़ा है, जहां बड़ी शक्तियों के बीच प्रतिस्पर्धा तीव्र हो चुकी है। चीन सीमा और रणनीतिक प्रभाव के स्तर पर चुनौती बना हुआ है। पाकिस्तान लगातार अस्थिरता और आतंकवाद के माध्यम से दबाव बनाने की कोशिश करता रहा है। पश्चिमी शक्तियां कभी-कभी व्यापार, मानवाधिकार, प्रतिबंधों या भू-राजनीतिक अपेक्षाओं के माध्यम से दबाव बनाती दिखाई देती हैं। ऊर्जा बाजार, डॉलर आधारित वित्तीय व्यवस्था और वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाएं भी आधुनिक दौर में रणनीतिक दबाव के औजार बन चुकी हैं। ऐसे में प्रधानमंत्री का संदेश वस्तुतः यह था कि भारत बाहरी दबावों के बावजूद अपनी स्वतंत्र नीति और राष्ट्रीय हितों से समझौता नहीं करेगा। सोमनाथ अमृत महोत्सव को 'प्रेरणा पर्व' बताने के पीछे भी यही सोच दिखाई देती है। सोमनाथ मंदिर केवल धार्मिक आस्था का केंद्र नहीं, बल्कि भारतीय सभ्यता की पुनर्स्थापना और आत्मविश्वास का प्रतीक भी माना जाता है। इतिहास में अनेक आक्रमणों और विध्वंस के बाद भी उसका पुनर्निर्माण भारतीय समाज की सांस्कृतिक जिजीविषा का प्रतीक बना। प्रधानमंत्री इस प्रतीक को आधुनिक भारत की आत्मनिर्भरता और पुनरुत्थान की कथा से जोड़ते दिखाई देते हैं। यही कारण है कि उन्होंने इस अवसर पर परमाणु परीक्षणों और चंद्रयान-3 के 'शिवशक्ति' नामकरण का भी उल्लेख किया। इसका निहितार्थ स्पष्ट है— भारत अपनी वैज्ञानिक उपलब्धियों और सांस्कृतिक विरासत को विरोधाभासी नहीं, बल्कि पूरक मानता है। वास्तव में पिछले कुछ वर्षों में सरकार 'विकास और विरासत' को साथ लेकर चलने का राजनीतिक-सांस्कृतिक विमर्श गढ़ रही है। एक ओर हाईवे, सेमीकंडक्टर, डिजिटल इंडिया और अंतरिक्ष कार्यक्रम की चर्चा होती है, दूसरी ओर काशी, अयोध्या, महाकाल और सोमनाथ जैसे सांस्कृतिक प्रतीकों को राष्ट्रीय चेतना से जोड़ा जाता है। यह भाजपा की व्यापक वैचारिक राजनीति का भी हिस्सा है।

प्रधानमंत्री के हालिया भाषणों का एक महत्वपूर्ण पहलू यह भी है कि वे संकट की आशंकाओं के बीच जनमानस को भयभीत होने से रोकना चाहते हैं। पश्चिम एशिया में युद्ध की आशंकाएं, ट्रंप द्वारा ईरान के प्रस्ताव को खारिज करने के बाद युद्धविराम के वेंटीलेटर पर होने जैसा कठोर बयान, ईरान-संबंधी तनाव और तेल बाजार की अनिश्चितता स्वाभाविक रूप से भारत जैसी ऊर्जा आयातक देश की अर्थव्यवस्था को प्रभावित कर सकती है।

प्रसंगवश

उच्च शिक्षा में प्रासंगिक होता 'मार्केट फॉर लेमन्स'

भारत में उच्च शिक्षा का तीव्र विस्तार अवसरों के साथ-साथ गंभीर चुनौतियां भी लेकर आया है। एक ओर विश्वविद्यालयों, महाविद्यालयों और निजी शिक्षण संस्थानों की संख्या तेजी से बढ़ी है, वहीं दूसरी ओर गुणवत्ता, पारदर्शिता और विश्वसनीयता पर लगातार प्रश्न उठ रहे हैं। ऐसे समय में अर्थशास्त्री जॉर्ज अकेलॉफ का 'मार्केट फॉर लेमंस' सिद्धांत अत्यंत प्रासंगिक दिखाई देता है। इस सिद्धांत के अनुसार जब उपभोक्ता को किसी वस्तु की वास्तविक गुणवत्ता की सही जानकारी नहीं होती, तब निम्न गुणवत्ता वाले उत्पाद बाजार पर हावी हो जाते हैं और अच्छे उत्पाद पीछे हट जाते हैं। उच्च शिक्षा के क्षेत्र में विद्यार्थी उपभोक्ता हैं और संस्थान सेवा प्रदाता। जब विद्यार्थियों को संस्थानों की वास्तविक स्थिति, शिक्षकों की गुणवत्ता, रोजगार संभावनाओं, शोध कार्य और आधारभूत सुविधाओं की सही जानकारी नहीं मिलती, तब वे कमज़ोर संस्थानों में प्रवेश लेने को विवश हो जाते हैं।

डॉ. प्रियंका सौरभ
शिक्षिका

भारत में उच्च शिक्षा का विस्तार मुख्य रूप से नीतिगत प्रयासों के कारण हुआ है। नई शिक्षा नीति ने उच्च शिक्षा में नामांकन बढ़ाने, दूरस्थ शिक्षा को प्रोत्साहन देने, ऑनलाइन शिक्षण को बढ़ावा देने और निजी निवेश को आकर्षित करने पर बल दिया। इससे शिक्षा तक पहुंच बढ़ी और अधिक विद्यार्थियों को अवसर मिला, परंतु संस्थानों की गुणवत्ता उसी गति से विकसित नहीं हो सकी। अनेक निजी संस्थान आकर्षक विज्ञापन, भव्य परिसर और बड़े-बड़े दावे करके विद्यार्थियों को अपनी ओर खींचते हैं, जबकि वास्तविकता में वहां योग्य शिक्षक, शोध वातावरण और रोजगारपरक शिक्षा का अभाव होता है। सरकारी आंकड़े भी अक्सर विलंब से आते हैं या सामान्य लोगों की समझ से परे जटिल रूप में उपलब्ध होते हैं। परिणामस्वरूप विद्यार्थी और अभिभावक सही निर्णय नहीं ले पाते। यही स्थिति निम्न गुणवत्ता वाले शिक्षा बाजार को जन्म देती है।

इसी समस्या को दूर करने के लिए भारत सरकार ने राष्ट्रीय संस्थागत रैंकिंग व्यवस्था प्रारंभ की। इसका उद्देश्य देश के उच्च शिक्षण संस्थानों का मूल्यांकन निश्चित मानकों के आधार पर करना है। इसमें शिक्षण व्यवस्था, संसाधन, शोध कार्य, स्नातक परिणाम, समावेशन और प्रतिष्ठा जैसे पहलुओं को देखा जाता है। इस व्यवस्था ने पहली बार विद्यार्थियों को एक ऐसा मंच दिया, जहां वे विभिन्न संस्थानों की तुलनात्मक स्थिति जान सकते हैं। इससे संस्थानों के बीच स्वस्थ प्रतिस्पर्धा बढ़ी और अनेक कॉलेजों तथा विश्वविद्यालयों ने शिक्षकों की नियुक्ति, शोध प्रकाशनों, रोजगार सहायता केंद्रों और आधारभूत सुविधाओं में सुधार करना प्रारंभ किया।

इस रैंकिंग व्यवस्था की सबसे बड़ी उपलब्धि यह रही कि उसने उच्च शिक्षा क्षेत्र में गुणवत्ता के संकेत उपलब्ध कराए। अब विद्यार्थी केवल विज्ञापनों या प्रचार सामग्री पर निर्भर नहीं रहते, बल्कि संस्थान की स्थिति, शोध प्रदर्शन, परीक्षा परिणाम और समावेशन जैसी जानकारियों को देखकर निर्णय ले सकते हैं। इससे सूचना के अभाव की समस्या में कुछ कमी आई है। सरकार के लिए भी यह एक महत्त्वपूर्ण नीति उपकरण सिद्ध हुआ है, जिसके माध्यम से विभिन्न संस्थानों की स्थिति का तुलनात्मक अध्ययन संभव हुआ है। फिर भी यह व्यवस्था पूर्ण समाधान नहीं है। इसकी सबसे बड़ी सीमा यह है कि यह काफी हद तक संस्थानों द्वारा स्वयं दिए गए आंकड़ों पर आधारित रहती है। यदि कोई संस्थान गलत या बढ़ा-चढ़ाकर जानकारी दे, तो रैंकिंग की विश्वसनीयता प्रभावित होती है।

(ये लेखिका के निजी विचार हैं।)

बंगाल में राजनीतिक प्रारब्ध और सत्ता ध्रुवीकरण की प्रक्रिया



रनबीर सिंह
वरिष्ठ पत्रकार

पश्चिम बंगाल की पॉलिटिकल सोशियोलॉजी का करीब से अध्ययन किया जाए तो मालूम होता है कि बीजेपी का सत्ता में आना एक बुनियादी बदलाव का संकेत है। केंद्रित राजनीति से हटकर राष्ट्रवादी और दक्षिणपंथी विचारधारा की ओर राज्य के राजनीतिक परिदृश्य को ममता ने काफी बदला, लेकिन उनका क्षेत्रीयवाद किसी को सुहाया नहीं। अबकी बार कई पार्टियों के बीच मुकाबले की जगह मुख्य रूप से दो पार्टियों के बीच सीधा मुकाबला हुआ, जिसके परिदृश्य के मुख्य नए बदलावों में अन्य पिछड़ा वर्ग और दलितों को सामाजिक रूप से शामिल करने पर ज़ोर, सांस्कृतिक ध्रुवीकरण में तेज़ी और चुनाव के बाद होने वाली हिंसा में बढ़ोतरी शामिल है।

एशियाई जर्नल ऑफ़ कंपरेटिव पॉलिटिक्स के छह मई सन् 2022 के अंक में प्रकाशित एक शोधपत्र 'रीथिंकिंग रीजनल पॉलिटिक्सः बियोंड द 2021 वेस्ट बंगाल इलेक्शन्स' में समीक्षक विपिन कुमार चिरकरा ने कहा कि बंगाल और अन्य प्रांतों में क्षेत्रीय पार्टियों की आइडियोलॉजी बहुत स्पष्ट और अद्वितीय नहीं है, बल्कि सत्ता में बदलाव सिर्फ व्यक्तियों का बदलाव मात्र है। बंगाल अब मार्क्सवादी/क्षेत्रीय वर्चस्व से हटकर मुखर राष्ट्रवाद की ओर बढ़ रहा है; यह चुनिंदा धर्मनिरपेक्षता से हटकर 'बंगाली हिंदू सभ्यता' पर ध्यान केंद्रित कर रहा है।

> बंगाल और अन्य प्रांतों में क्षेत्रीय पार्टियों की आइडियोलॉजी बहुत स्पष्ट और अद्वितीय नहीं है, बल्कि सत्ता में बदलाव सिर्फ व्यक्तियों का बदलाव मात्र है। बंगाल अब क्षेत्रीय वर्चस्व से हटकर मुखर राष्ट्रवाद की ओर बढ़ रहा है।

सन् 2022 में आकलन करते समय चिरकरा ने कहा, 'बीजेपी ने वामपंथी/कांग्रेस की जगह मुख्य विपक्षी दल का स्थान ले लिया है, जिससे चुनाव अब तृणमूल कांग्रेस के खिलाफ सीधी लड़ाई बन गए हैं।' बीजेपी ने ओबीसी, दलितों और आदिवासियों, विशेष रूप से उत्तरी बंगाल और जंगल महल में, को अपने पक्ष में करने पर ध्यान केंद्रित किया है, जिससे पारंपरिक, अभिजात वर्ग-संचालित राजनीतिक ढांचे टूट रहे हैं। अगर हमें इसे बहुत अच्छे से समझना है, तो हमें सन् 1891 में हर्बर्ट रिज्ली द्वारा प्रकाशित पुस्तक 'ट्राइब्स एंड कास्ट्स ऑफ़ बंगाल' के अलावा दो और महत्वपूर्ण स्रोतों जैसे कि आशुतोष मित्र की 1953 में प्रकाशित किताब 'द ट्राइब्स एंड कास्ट्स ऑफ़ बंगाल' एवं बंगाल के विभाजन से पहले के जो जिला गज़ेटीयर्स सन् 1905 से 1910 के बीच में तैयार किए गए और जिलों की सेटलमेंट रिपोर्ट्स को देखना होगा।

बंगाल में सवर्णों, पिछड़ा वर्ग, अनुसूचित जातियों के सामाजिक-धार्मिक व्यवहार, फिरोजशाह तुगलक के ज़माने से बंगाल में मुसलमानों का आगमन और सरदारों को जागीरें देने से स्थानीय हिंदुओं का अवसान, सन् 1947 का विभाजन और पोस्ट-कॉलोनियल पॉलिटिक्स के अलावा बंगाल में अंग्रेजों के समय की जागीरदारी प्रथा और किसानों के जबरदस्त शोषण के इतिहास में सन् 2000 और 2026 के बीच के पॉलिटिकल बदलावों को समझना होगा। विदेशियों और विधर्मियों की आधीनता के अलावा शोषण के लंबे इतिहास ने यहां वाम को उभारा, लेकिन वामदलों को राजनीति से बाहर करने के लिए ममता ने जो पॉलिटिक्स की, उसकी डायनामिक्स को समझे बिना बीजेपी के सत्तासीन होने की डायनामिक्स को भी नहीं समझा जा सकता।

ममता के विद्रोही तेवर किसी गहन आर्थिक-सामाजिक बदलाव का द्योतक नहीं थे, बल्कि एक प्रकार के खतरनाक क्षेत्रीयवाद का परिचायक रहे। इस लंबे दौर में बंगाल की बौद्धिकों की भूमिका बंगाल के आवाम की बहबूदी के लिए नहीं रही, बल्कि अंग्रेजों को प्रभावित करने, कॉलोनियल लिगेसी को बनाए रखने और एक अलग इलीट वर्ग के उदय से जुड़ी रही। कम्युनिस्टों के शासन काल में बंगाल के इंडस्ट्रियल परिदृश्य को मजदूरों के अराजक आंदोलनों ने ध्वस्त कर दिया। मुर्शिदाबाद से संचालित नबाबी संस्कृति को कलकत्ता की कॉलोनियल चकाचौंध ने फीका कर दिया और वे स्थल सिर्फ एक टूरिस्ट अट्रैक्शन बन कर रह गए।

सन् 1947 के बाद से बंगाल के पहाड़ी क्षेत्रों (दार्जिलिंग) को सिर्फ मनोरंजन स्थल समझा गया और वहां विकास के नाम कलकत्ता की सरकारों ने कुछ न किया। परिणाम स्वरुप सुभाष घीसिंग के नेतृत्व में हिंसक आंदोलन हुए, जिन्हें सेंट्रल गवर्नमेंट ने ही कंट्रोल किया, लेकिन दार्जिलिंग हिल्स ऑटोनोमस काउंसिल बनाने की कीमत पर।

हिंदू सांस्कृतिक पहचान पर बढ़ा हुआ ज़ोर सिर्फ ममता की राजनीतिक अदूरदर्शिता का परिणाम है, जिसकी जड़ में मुस्लिम समाज को सामान अवसर और सामान विकास से परे हटकर स्टेट फंड्स से भारी उपकार राशि आवंटित की गई और दक्षिण-पश्चिम के जिलों के किसानों की तरक्की के लिए जो पैसा खर्च होना था, उसे डाइवर्ट कर दिया गया। इससे क्षेत्रीय धार्मिक इर्ष्या को बढ़ावा मिला। धार्मिक अभिव्यक्तियों का संभावित सामान्यीकरण किया जाना सही नहीं था।

बंगाल के सामने लंबे समय से चले आ रहे औद्योगिक ठहराव को हल करने की चुनौती है, साथ ही बीजेपी को बंगाल में अब एक विरोध-आधारित आंदोलन से हटकर एक सत्ताधारी पार्टी के रूप में काम करना सीखना है। अतीत के राजनीतिक ठहराव को समाप्त करते हुए तीव्र सांस्कृतिक और राजनीतिक बदलावों पर अब एक पब्लिक डिस्कोर्स की जरूरत है, जोकि बंगाल की यूनिवर्सिटीज़ और शांति निकेतन के बौद्धिकों को सोचना है।

ममता बनर्जी ने जिस तरह से पंद्रह सालों में बंगाल को 'मेरा बंगाल' कहकर पीड़ित बताया, वह बंगाल की जनता के साथ एक भावात्मक धोखे से अधिक नहीं निकला। भारत में इस समय एक तरह की राजनीतिक आक्रामकता देखने को मिल रही है, और इसके साथ ही एक 'पुनर्सांस्कृतिकरण' की प्रक्रिया भी बड़ी ही सूक्ष्मता से सामाजिक रीति-रिवाजों को बदल रही है। राजनीतिक परिदृश्य में बढ़ती अराजकता की इस प्रचंडता को काबू कर पाना व्यवहारिक राजनीति का अभिन्न अंग है, जिसके लिए हर बार केंद्रीय सिक्यूरिटी फोर्सेज का बढ़ता इस्तेमाल एक तीव्र सूचक के तौर से हमारे सामने है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

आमने सामने

मोदी जी ने कल जनता से त्याग मांगे- सोना मत खरीदो, विदेश मत जाओ, पेट्रोल कम जलाओ, खाद और खाने का तेल कम करो, मेट्रो में चलो, घर से काम करो। ये उपदेश नहीं- ये नाकामी के सबूत हैं। हर बार जिम्मेदारी जनता पर डाल देते हैं, ताकि खुद जवाबदेही से बच निकलें।

-राहुल गांधी
नेता प्रतिपक्ष

मैं राहुल गांधी से पूछना चाहता हूं कि क्या जवाहरलाल नेहरू 1962 में चीन के साथ युद्ध के दौरान असफल थे। उस समय लोगों से सोना दान करने के लिए कहा गया था। पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री ने भी इसी तरह की अपील की थी।

-सुधांशु त्रिवेदी
भाजपा प्रवक्ता

एआई के जिन्न पर मस्क की चेतावनी के निहितार्थ

डॉ. शिवम भारद्वाज
एसोसिएट प्रोफेसर

आधुनिक दुनिया में साइबर सुरक्षा अब केवल तकनीकी विषय नहीं रह गई है। यह राष्ट्रीय सुरक्षा, आर्थिक स्थिरता और लोकतांत्रिक व्यवस्था से सीधे जुड़ा प्रश्न बन चुकी है। जिस तरह दुनिया का बड़ा हिस्सा डिजिटल ढांचों पर निर्भर होता जा रहा है, उसी अनुपात में साइबर खतरों का दायरा भी बढ़ रहा है। ऐसे समय में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को एक ऐसे औजार के रूप में देखा जा रहा है, जो इन खतरों से निपटने की क्षमता को कई गुना बढ़ा सकता है, लेकिन यही वह बिंदु भी है, जहां उम्मीद और आशंका साथ-साथ खड़ी दिखाई देती हैं।

मशहूर टेक कारोबारी एलन मस्क और ओपनए आई के बीच चल रहा अदालती विवाद इसी बड़े द्वंद्व को सामने लाता है। मस्क का आरोप है कि ओपन एआई की स्थापना सुरक्षित और मानव-हितैषी एआई विकास के जिस उद्देश्य से हुई थी, वह अब भारी निवेश और व्यावसायिक प्रतिस्पर्धा के दबाव में एक अलग दिशा में बढ़ रही है। इस विवाद को केवल निजी या कारोबारी टकराव मानकर खारिज करना आसान होगा, लेकिन इससे उठने वाला सवाल कहीं अधिक गंभीर है। क्या इतनी शक्तिशाली तकनीक को पूरी तरह बाजार की ताकतों के भरोसे छोड़ा जा सकता है?

> एलन मस्क और ओपन एआई के बीच चल रहा अदालती विवाद बड़े द्वंद्व को सामने लाता है। क्या इतनी शक्तिशाली तकनीक को पूरी तरह बाजार की ताकतों के भरोसे छोड़ा जा सकता है?

मस्क यह चेतावनी भी दे चुके हैं कि आने वाले वर्षों में एआई इंसानी निर्णय क्षमता से आगे निकल सकती है, मनमानी कर सकती है। उनकी आशंकाओं को लेकर मतभेद हो सकते हैं, लेकिन यह सच है कि एआई अब केवल निर्देश मानने वाली प्रणाली नहीं रह गई है। वह पैटर्न पहचानती है, प्राथमिकताएं तय करती है और कई बार इंसान से तेज फैसले लेने लगती है। यही कारण है कि एआई को लेकर बहस अब तकनीकी सुविधा की नहीं, बल्कि नियंत्रण और जवाबदेही की बन चुकी है।

एंथ्रोपिक जैसी कंपनियां ऐसे उन्नत एआई मॉडल विकसित कर रही हैं, जिनका उद्देश्य दुनिया के डिजिटल ढांचों— नेटवर्क, सॉफ्टवेयर और साइबर प्रणालियों की कमजोरियों को पहले से पहचानना है। दावा यह है कि ये मॉडल लाखों पंक्तियों के कोड और नेटवर्क गतिविधियों का विश्लेषण कर उन खामियों को भी खोज सकते हैं, जिन्हें इंसानी विशेषज्ञ वर्षों तक नहीं पकड़ पाते। इस संदर्भ में 'प्रोजेक्ट ग्लासविंग' जैसी पहलें महत्वपूर्ण हो जाती हैं। पहली नजर में यह तकनीक साइबर सुरक्षा के क्षेत्र में एक बड़ी उपलब्धि लगती है। दुनिया भर में सरकारें, बैंकिंग प्रणाली, ऊर्जा संयंत्र, अस्पताल और रक्षा संस्थान लगातार साइबर हमलों के खतरे से जूझ रहे हैं। ऐसे में यदि एआई संभावित हमलों का पहले से पता लगा सके और सुरक्षा तंत्र को मजबूत बना सके, तो यह स्वाभाविक रूप से उपयोगी प्रतीत होता है।

समस्या यहीं से शुरू होती है। अगर कोई उन्नत एआई मॉडल नेटवर्क की कमजोरियां असाधारण गति से खोज सकता है, तो वही क्षमता किसी साइबर अपराधी या शत्रुतापूर्ण संगठन के हाथों में हमले का औजार भी बन सकती है। यही वजह है कि कुछ कंपनियां अपने सबसे शक्तिशाली मॉडलों को सार्वजनिक रूप से जारी करने से हिचक रही हैं और उन्होंने इन्हें अभी केवल चुनिंदा टेक कंपनियों और सुरक्षा संस्थानों के साथ सीमित दायरे में साझा किया है।

दुनिया में पहले ही ऐसे उदाहरण सामने आ चुके हैं, जहां एआई आधारित प्रणालियों ने गंभीर गलतियां कीं। स्वास्थ्य सेवाओं में इस्तेमाल किए गए कुछ एल्गोरिद्म ने जरूरतमंद मरीजों को कम प्राथमिकता दी, क्योंकि वे पक्षपाती आंकड़ों पर आधारित थे। रियल-एस्टेट क्षेत्र में एल्गोरिद्मिक मॉडल बाजार की जटिलता को समझ नहीं पाए और भारी आर्थिक नुकसान हुआ। कुछ बॉट्स ने संवेदनशील मानसिक स्थिति वाले लोगों को संतुलित करने के बजाय उनके भ्रम को और मजबूत किया। इन घटनाओं ने यह स्पष्ट कर दिया कि मशीनें तार्किक दिख सकती हैं, लेकिन उनका तर्क हमेशा मानवीय संदर्भ नहीं समझता।

मस्क की चिंता भी मोटे तौर पर इसी दिशा में है। उनका कहना है कि यदि एआई का विकास केवल मुनाफ़े और प्रतिस्पर्धा की मानसिकता के साथ आगे बढ़ा, तो सुरक्षा और नैतिकता पीछे छूट जाएंगी। यह डर पूरी तरह निराधार नहीं लगता, क्योंकि एआई विकास की वर्तमान दौड़ में अरबों डॉलर का निवेश और 'पहले बाजार में पहुंचने' की होड़ शामिल है। ऐसे माहौल में स्वैच्छिक संयम लंबे समय तक टिक पाना कठिन है।

इसका असर केवल कारोबार या साइबर सुरक्षा तक सीमित नहीं रहेगा। लोकतंत्र भी इससे अछूते नहीं हैं। डीपफेक, फर्जी सूचनाएं और लक्षित डिजिटल प्रचार पहले ही सार्वजनिक विमर्श को प्रभावित कर रहे हैं। एआई की मदद से सच और झूठ के बीच की रेखा और धुंधली होती जा रही है। यही वजह है कि कई विशेषज्ञ अब एआई को केवल तकनीकी नहीं, बल्कि राजनीतिक और सामाजिक चुनौती भी मानने लगे हैं। यहीं से नीति और शासन का प्रश्न केंद्रीय हो जाता है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

सोशल फोरम

कहानी 'कॉव' की

ब्रिटेन की महारानी एलिजाबेथ द्वितीय सन् 1961 में भारत आईं। एक रिसेप्शन पार्टी के दौरान एक गुलदस्ता उनपर फेंका गया, जिसे उछलकर बीच में ही किसी ने कैच कर लिया, उस समय महारानी ने चौंककर उन्हें देखा और मुस्कुरा कर कहा 'गुड क्रिकेट'। वो शख्स कोई और नहीं, बल्कि तत्कालीन आईबी के सहायक निदेशक आरएन कॉव थे, जो बाद में 'रॉ' चीफ बने।

रश्मि त्रिपाठी
ब्लॉगर

जब इंदिरा जी सत्ता में आईं, तो उन्हें देश के लिए विदेशी खुफिया जानकारियां जुटाने के लिए एक खुफिया एजेंसी की जरूरत महसूस हुई और उन्होंने आईबी के अच्छे आफिसरों को लेकर 'रॉ' यानी Research and Analysis Wings का गठन किया। रॉ की कमान संभालने के बाद उन्होंने इसे प्रोफेशनल खुफिया एजेंसी के तौर पर बनाया, ब्लूप्रिंट सरकार को दिया, पर खुद ही रॉ के लिए ढाई सौ एजेंट चुने। उनका प्रभाव इतना था कि सभी रॉ एजेंटों को 'कॉवब्यायज' ही कहा जाता था। आरएन कॉव वाराणसी से थे, उनका जन्म 10 मई 1918 को और मृत्यु 20 जनवरी 2002 को हुई, उन्होंने पंडित नेहरू से लेकर राजीव गांधी तक के साथ काम किया। आजाद भारत में वे आईबी के सहायक निदेशक बने। इस दौरान उन्हें पंडित नेहरु की सुरक्षा का जिम्मा सौंपा गया।

कॉव जब आईबी के सहायक निदेशक थे, उस समय उन्हें एक खुफिया ऑपरेशन करने का मौका मिला था, एअर इंडिया का एक विमान जिसका नाम था 'कश्मीर प्रिंसेस'। वो हांगकांग से जकार्ता के लिए जाने वाला था और उसमें चीन के प्रधानमंत्री यूएन लाई वाडुंग जाने वाले थे। अंतिम समय में स्वास्थ्य कारणों से वे नहीं जा पाए और विमान इंडोनेशिया के तट पर जाकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया, तब कॉव साहब को इसकी जांच की जिम्मेदारी सौंपी गई। उन्होंने जांच करके बताया कि इसमें ताइवान की खुफिया एजेंसी का हाथ है, चीनी प्रधानमंत्री उनसे इतने प्रभावित हुए कि उन्हें व्यक्तिगत तौर पर बुलाकर सम्मानित किया।

इस जांच के लिए उस समय आईबी चीफ भोलानाथ मलिक ने स्पेशली उनका नाम नेहरु जी को भेजा था, क्योंकि ये बेहद संवेदनशील थी, इसमें पांच देशों की प्रतिष्ठा दांव पर लगी थी। पहली तो भारत जिसका विमान था, दूसरी वो विमान अमेरिका में बना था। तीसरी चीन के प्रधानमंत्री उसमें जाने वाले थे, चौथी विमान हांगकांग से उड़ा था और इंडोनेशिया की सीमा पर गिरा था।

-फेसबुक वॉल से

सामयिकी

ओपेक से यूएई के अलग होने का वैश्विक प्रभाव

संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) ने ओपेक और ओपेक प्लस की अपनी लगभग 59 साल पुरानी सदस्यता आधिकारिक रूप से समाप्त कर दी। यूएई के इस अलगाव की चर्चाओं ने अंतर्राष्ट्रीय बाजार में हलचल पैदा कर दी है, क्योंकि इस निर्णय का तेल की कीमतों, आपूर्ति-प्रणाली और वैश्विक आर्थिक संतुलन पर व्यापक प्रभाव स्पष्ट रूप से दिखाई देगा। यूएई की ओपेक में लगभग 12 प्रतिशत की हिस्सेदारी है और यह इस समूह का लगभग तीसरा बड़ा उत्पादक है।

ओपेक की स्थापना सितंबर 1960 में हुई थी। यह तेल उत्पादक देशों के बीच एक समन्वयक संस्था के रूप में कार्य कर रहा है। ओपेक का कार्य तेल उत्पादन को नियंत्रित करके कीमतों में स्थिरता बनाए रखना है। यूएई जैसे महत्वपूर्ण भागीदार के इस संगठन से अलग होने से ओपेक की एकजुटता प्रत्यक्ष रूप से प्रभावित होगी और वैश्विक ऊर्जा बाजार में संतुलन भी बदल सकता है।

प्रो. एचसी पुरोहित
दून यूनिवर्सिटी

यूएई के इस निर्णय का सीधा प्रभाव तेल की कीमतों पर पड़ सकता है। ओपेक की ताकत उसके सदस्य देशों के बीच उत्पादन को नियंत्रित करने की सामूहिक क्षमता में निहित है। यूएई इस व्यवस्था से बाहर आकर स्वतंत्र रूप से उत्पादन बढ़ाता है, तो वैश्विक बाजार में तेल की आपूर्ति बढ़ सकती है, जिससे कीमतों में गिरावट आ सकती है, हालांकि यह गिरावट स्थायी नहीं होगी, लेकिन यह वैश्विक बाजार को काफी हद तक अस्थिर करने में निर्णायक सिद्ध होगी। दीर्घकाल में, जब ओपेक में समन्वय कमजोर होगा, तब बाजार में अस्थिरता बढ़ सकती है, जिससे तेल कीमतों में अचानक उतार-चढ़ाव हो सकता है।

यूएई के अलग होने से स्पष्ट है कि ओपेक के भीतर मतभेद बढ़ रहे हैं। इससे अन्य सदस्य देश, जैसे सऊदी अरब, कुवैत, इराक, लीबिया, इंडोनेशिया आदि भी अपने राष्ट्रीय हितों के अनुसार स्वतंत्र नीति अपनाने के लिए प्रेरित हो सकते हैं। इस प्रकार, वैश्विक ऊर्जा शासन में विखंडन की प्रवृत्ति बढ़ेगी, जिससे ओपेक के अस्तित्व पर भी प्रश्न खड़े हो सकते हैं।

यूएई का निर्णय वैश्विक आर्थिक स्थिरता की दृष्टि से महत्वपूर्ण है, क्योंकि यदि कीमतें गिरती हैं, तो परिवहन और उत्पादन लागत में कमी आएगी, जिससे महंगाई पर नियंत्रण संभव होगा। इसके विपरीत, यदि कीमतों में अस्थिरता बढ़ती है, तो यह आपूर्ति-श्रृंखला को प्रभावित कर सकती है, जिससे महंगाई बढ़ सकती है। तेल के सस्ता होने से नवीकरणीय ऊर्जा, सौर और पवन ऊर्जा में निवेश की गति भी धीमी हो सकती है, जो 'ग्रीन ट्रांजिशन' की दिशा को प्रभावित करेगा और दीर्घकाल में नेट जीरो का लक्ष्य भी प्रभावित होगा।

भारत पर इसके प्रभाव बहुआयामी होंगे, क्योंकि भारत विश्व का तीसरा सबसे बड़ा तेल आयातक देश है। हम अपनी ऊर्जा आवश्यकताओं का लगभग 85 प्रतिशत आयात करते हैं। ऐसे में तेल की कीमतों में कोई भी परिवर्तन सीधे भारत की अर्थव्यवस्था को प्रभावित करता है। यूएई द्वारा तेल का उत्पादन बढ़ाने से तेल की कीमतों में गिरावट होना स्वाभाविक है और यह स्थिति भारत के लिए लाभकारी अवसर के रूप में उभरेगी। भारत सस्ते तेल का लाभ उठाकर अपने रणनीतिक पेट्रोलियम भंडार को बढ़ा सकता है, जिससे किसी एक क्षेत्र पर निर्भरता कम होगी। यूएई के इस कदम से स्थानीय मुद्रा में व्यापार को बढ़ावा मिल सकता है। भारत और यूएई रुपये और दरहम में तेल भुगतान से अमेरिकी डॉलर पर निर्भरता घटेगी।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, स्थानीय संपादक- नवीन गुप्ता*** 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल- editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

चर्चित ब्रितानी कलाकार बैंक्सी का नवीनतम मूर्तिशिल्प, जिसे मध्य लंदन के वॉटरलू पैलेस में स्थापित किया गया है। समकालीन कला के उस हस्तक्षेपकारी स्वभाव को और तीव्रता से रेखांकित करती है, जहां कला केवल रूप–सौंदर्य तक सीमित नहीं रहती, बल्कि सत्ता, विचारधारा और सार्वजनिक चेतना के बीच सक्रिय संवाद स्थापित करती है। यह कृति, जिसमें एक सूटधारी राजनेता अपने ही झंडे से अंधा होकर शून्य की ओर अग्रसर है। समकालीन राजनीतिक विवेक के उस संकट का रूपक बन जाती है, जिसकी झलक आज दुनियाभर के कई देशों में स्पष्ट हो चुकी है।

बैंक्सी की वाटरलू मूर्ति

वैश्विक प्रतिक्रियाएं और समकालीन कला



बैंक्सी की निजता अभी तक एक रहस्य ही है, किंतु इस बार उनके द्वारा या उनके नाम से स्थापित यह मूर्तिशिल्प कुछ नए सवाल भी उठाते हैं। यहां यह प्रश्न इसलिए महत्वपूर्ण हो जाता है कि इस बार बैंक्सी की कृति एक प्रमुख शहरी स्थल पर 'स्थापित' होती है, न कि पारंपरिक ग्राफिटी की तरह किसी 'अवैध हस्तक्षेप' के रूप में।

जाहिर है ऐसे में यह परिवर्तन समकालीन कला की संस्थागत स्वीकृति की ओर संकेत करता है। पहले जहां बैंक्सी की कला 'विरोध' के रूप में दीवारों पर उभरती थी, वहीं अब वही कला शहर के दृश्य-परिदृश्य का अधिकृत हिस्सा बनती दिखती है।

सुमन कुमार सिंह
कलाकार/कला लेखक

यहां एक द्वंद्व उत्पन्न होता है कि क्या यह अब भी प्रतिरोध की कला है या वह धीरे-धीरे सत्ता-संरचना द्वारा स्वीकृत हो रही है? या कहें कि घुलमिल रही है। वैश्विक कला आलोचना में यह बहस नई नहीं है, क्योंकि इससे पहले भी जीन-मिशेल बास्किया और कीथ हेरिंग जैसे कलाकारों के साथ भी यही हुआ, जहां उनकी कलाकृतियां पहले तो सड़क की विद्रोही कला के तौर पर सामने आई किंतु अंततः उनकी कृतियां कला दीर्घाओं और कला बाजार का हिस्सा बन गईं।

बहरहाल इस मूर्ति पर विश्वभर में मिली प्रतिक्रियाओं को मुख्यतः तीन श्रेणी में रखकर समझा जा सकता है, जिसमें पहली है राजनीतिक प्रतिक्रिया, जिसके तहत कई विश्लेषकों ने इसे दक्षिणपंथी राष्ट्रवाद और अधिनायकवाद की तीखी आलोचना के रूप में देखा है। यूरोप, अमेरिका और एशिया के संदर्भों में यह कृति उस 'अंध राष्ट्रवाद' की ओर संकेत करती है, जो लोकतांत्रिक मूल्यों को कमजोर कर सकता है।

वहीं कलात्मक/सौंदर्यशास्त्रीय प्रतिक्रिया के तहत इसे कला समीक्षकों के एक वर्ग द्वारा इसकी न्यूनतावादी संरचना और सशक्त रूपक को सराहा जा रहा है। क्योंकि यहां बैंक्सी बिना किसी जटिल संरचना के, एक सीधी दृश्य भाषा में गहन राजनीतिक अर्थ या संदेश संप्रेषित करते हैं, जो समकालीन 'राजनीतिक अभिव्यक्ति वाली कला' की प्रमुख विशेषता है। उधर इस मूर्तिशिल्प पर संशय और आलोचना भी सामने है। क्योंकि कुछ आलोचकों ने इस कृति की 'प्रामाणिकता' और 'अनामता' पर प्रश्न उठाए हैं। क्योंकि बैंक्सी की पहचान को लेकर वर्षों से चल रही जिज्ञासा और समय-समय पर हुए असफल खुलासे इस धारणा को जन्म देते हैं कि यह संभवतः किसी एक व्यक्ति का नहीं, बल्कि एक संगठित बौद्धिक समूह का कार्य हो सकता है।

यहां बैंक्सी एक 'कलाकार' से अधिक एक 'बनाए गए मिथक' के तौर पर चिन्हित होते हैं। एक ऐसा मिथक बनकर, जो समकालीन समाज में आलोचनात्मक आवाज को सुरक्षित दूरी से व्यक्त करने का माध्यम बन गया है। वैसे यदि हम इसे वैश्विक कला इतिहास के संदर्भ में देखें, तो यह कृति 20 वीं सदी में प्रचलित हुए अवां-गार्द और क्रांतिकारी कला-आंदोलनों की उत्तराधिकारी प्रतीत होती है। उदाहरण के लिए, व्लादिमीर टैटलिन की कृति 'तीसरे अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का स्मारक' (Monument to the Th ird Internat ional) एक यूटोपियन भविष्य की कल्पना करता है, जहां कला और राजनीति एक नई सामाजिक संरचना का निर्माण करते हैं।

इसी प्रकार, चर्चित सोवियत मूर्तिशिल्प 'श्रमिक और कोलखोज महिला' (Worker and Kolkhoz Woman) प्रगति, श्रम और सामूहिकता के आदर्श को महिमामंडित करती है। बात मूर्तिकार रामकिंकर बैज की कृति 'मिल की पुकार' (Mill Call) भारतीय आधुनिक मूर्तिकला का एक महत्वपूर्ण उदाहरण है। इसमें श्रमिकों को मिल की पुकार पर तेजी से आगे बढ़ते हुए दर्शाया गया है, जो औद्योगिक श्रम-संस्कृति और सामूहिक ऊर्जा का सशक्त प्रतीक है। आकृतियों की गतिशीलता, खुरदरी सतह और स्थानीय सामग्री का प्रयोग इसे अकादमिक यथार्थवाद से अलग करता है। यह कृति श्रम की गरिमा, वर्ग-चेतना और आधुनिक भारत के उभरते औद्योगिक समाज को व्यक्त करती है। साथ ही, इसमें लोक जीवन की सहजता और आधुनिकतावादी प्रयोगधर्मिता का अनूठा संगम भी दिखाई देता है।

वैचारिक हस्तक्षेप और कला

बैंक्सी की यह कृति इन परंपराओं के विपरीत बतौर एक "विरोधी स्मारक" सामने आती है। क्योंकि ऐसी स्थिति में यह किसी आदर्श की स्थापना नहीं करती, बल्कि आदर्शों के विघटन को सामने लाती है। जहां इससे पहले के मूर्तिशिल्प 'स्थिर सत्य' का प्रतिनिधित्व करती थीं, वहां बैंक्सी का यह मूर्तिशिल्प या संस्थापन 'संदेह' और 'संकट' का प्रतिनिधित्व करती है। स्पष्ट है कि इस मूर्तिशिल्प के माध्यम से बैंक्सी एक बार फिर यह सिद्ध करते हैं कि समकालीन कला केवल दृश्य अनुभव नहीं, बल्कि वैचारिक हस्तक्षेप भी है। किंतु इस बार उनकी कला एक नए मोड़ पर खड़ी दिखाई देती है, जहां वह एक साथ प्रतिरोध भी है और संस्थागत स्वीकृति का हिस्सा भी।

ऐसे में यह अनुमान है कि इसके पीछे किसी बौद्धिक समूह की भूमिका हो सकती है, वैश्विक आलोचना में भी समय-समय पर उठता रहा है। परंतु शायद बैंक्सी जैसे किसी कलाकार की वास्तविक शक्ति इसी 'अनिश्चितता' में ही निहित है। बहरहाल, यह मूर्ति हमें एक महत्वपूर्ण प्रश्न के सामने खड़ा करती है कि क्या समकालीन कला अब भी सत्ता के विरुद्ध एक स्वतंत्र आवाज है या वह स्वयं सत्ता-संरचना का एक परिष्कृत उपकरण बनती जा रही है? जाहिर है बैंक्सी यहां इस प्रश्न का उत्तर तो नहीं देते, लेकिन वे इस प्रश्न को और धारदार जरूर बना देते हैं।

मलाणा गांव : जहां होती है अकबर की पूजा

अनोखी परंपरा

हिमाचल प्रदेश के कुल्लू जिले में स्थित मलाणा गांव अपनी अनोखी परंपराओं, प्राचीन शासन व्यवस्था और रहस्यमयी मान्यताओं के लिए पूरे देश में प्रसिद्ध है। यह गांव आधुनिकता से काफी हद तक दूर है और अपनी विशिष्ट सांस्कृतिक पहचान को आज भी सहेजकर रखा हुआ है। मलाणा की सबसे रोचक विशेषताओं में से एक यह है कि यहां मुगल सम्राट अकबर को देवता के रूप में पूजा जाता है। स्थानीय लोगों का विश्वास है कि अकबर ने किसी समय इस गांव के लोगों को न्याय दिलाया था, जिसके बाद से उन्हें देवतुल्य मानकर सम्मान दिया जाता है। यहां का प्रमुख देवता जमलू देवता माने जाते हैं, जिनके आदेशों और परंपराओं का पालन गांव के सभी निवासी करते हैं।

इस गांव की सामाजिक व्यवस्था भी अत्यंत अनूठी है। मलाणा को भारत के सबसे पुराने लोकतंत्रों में से एक माना जाता है, जहां आज भी पारंपरिक पंचायत प्रणाली के तहत निर्णय लिए जाते हैं। यहां बाहरी लोगों के लिए सख्त नियम बनाए गए हैं। यदि कोई बाहरी व्यक्ति गांव की दीवार, घर, मंदिर या किसी वस्तु को छू लेता है, तो उसे जुर्माना देना पड़ता है, जो आमतौर पर 1000 से 2500 रुपये तक हो सकता है। इस संबंध में जगह-जगह चेतावनी बोर्ड लगाए गए हैं, ताकि पर्यटक नियमों का उल्लंघन न करें।

यहां खरीदारी का तरीका भी अलग है। बाहरी लोग दुकानों के अंदर प्रवेश नहीं कर सकते और न ही किसी वस्तु को सीधे छू सकते हैं। ग्राहक दुकान के बाहर खड़े होकर सामान मांगते हैं, दुकानदार कीमत बताता है और पैसे बाहर ही रखवाए जाते हैं। इसके बाद सामान भी बाहर ही रख दिया जाता है। यह व्यवस्था गांव की शुद्धता और परंपराओं को बनाए रखने के उद्देश्य से अपनाई गई है।

मलाणा अपनी विशिष्ट भाषा "कनाशी" के लिए भी जाना जाता है, जिसे केवल स्थानीय लोग ही समझते हैं। इसके अलावा, यह गांव अपनी उच्च गुणवत्ता वाली 'मलाणा क्रीम' (हशीश) के कारण भी अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर चर्चा में रहा है, हालांकि यह अवैध है और प्रशासन द्वारा इस पर सख्ती से रोक लगाई गई है। पर्यटकों के लिए यहां ठहरने की अनुमति गांव के भीतर नहीं होती। उन्हें गांव के बाहर टेंट या गेस्टहाउस में रुकना पड़ता है। हर साल हजारों पर्यटक इस रहस्यमयी गांव की परंपराओं और प्राकृतिक सुंदरता को देखने के लिए यहां आते हैं। मलाणा न केवल अपनी अलग पहचान के कारण आकर्षित करता है, बल्कि यह भारतीय संस्कृति की विविधता और गहराई का भी अनूठा उदाहरण प्रस्तुत करता है।





आर्ट गैलरी

प्रतीकों के जादूगर की चर्चित कृति 'द मास्क'

द मास्क के. जी. सुब्रमण्यन की चर्चित कृतियों में से एक है, जिसमें उन्होंने पहचान और सामाजिक व्यवहार के विषय को अत्यंत प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया है। इस पेंटिंग में 'मुखौटा' केवल चेहरे को ढंकने वाली वस्तु नहीं, बल्कि मनुष्य के भीतर छिपे अनेक व्यक्तित्वों का प्रतीक बनकर उभरता है।

चित्र में साहसिक रेखाओं, चटख रंगों और बहुआयामी आकृतियों का प्रयोग किया गया है। पेंटिंग के विभिन्न हिस्से दर्शकों को अलग-अलग भावनाओं और अर्थों की ओर ले जाते हैं। कहीं रहस्य का भाव दिखाई देता है, तो कहीं व्यंग्य और आत्मविश्वास की झलक मिलती है।

इस कृति की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि यह दर्शक को सोचने पर मजबूर करती है कि समाज में लोग किस प्रकार अलग-अलग परिस्थितियों में अलग-अलग चेहरे पहनते हैं।

आधुनिक शैली में बनी यह पेंटिंग भारतीय लोक कला की झलक भी प्रस्तुत करती है, जो सुब्रमण्यन की कला की खास पहचान रही है। द मास्क केवल एक चित्र नहीं, बल्कि मनुष्य की पहचान, सामाजिक संबंधों और आंतरिक मनोविज्ञान पर आधारित एक गहरी कलात्मक अभिव्यक्ति है।

सुब्रमण्यन के बारे में



के. जी. सुब्रमण्यन भारतीय आधुनिक कला जगत के ऐसे कलाकार थे, जिन्होंने परंपरा और आधुनिकता के बीच एक सुंदर सेतु बनाया। वे केवल चित्रकार ही नहीं, बल्कि लेखक, शिक्षक, शिल्पकार और विचारक भी थे। उनकी कला में भारतीय लोक संस्कृति, मिथक, ग्रामीण जीवन और आधुनिक समाज की जटिलताओं का अनूठा मिश्रण दिखाई देता है।

1924 में केरल में जन्मे सुब्रमण्यन ने बड़ौदा के महाराजा सयाजीराव विश्वविद्यालय से कला शिक्षा प्राप्त की तथा बाद में शांतिनिकेतन से भी जुड़े। उन्होंने कला को केवल दीर्घाओं तक सीमित न रखकर आम जीवन से जोड़ने का प्रयास किया। वे मानते थे कि कला लोगों के अनुभवों और संस्कृति से जन्म लेती है। उनकी रचनाओं में रंगों की जीवंतता, प्रतीकों का प्रयोग और कल्पनाशीलता प्रमुख रूप से दिखाई देती है। उन्होंने चित्रकला के साथ-साथ भित्ति चित्र, खिलौने, रेखाचित्र और लेखन के क्षेत्र में भी उल्लेखनीय योगदान दिया। भारतीय आधुनिक कला को नई दिशा देने वाले कलाकारों में उनका नाम अत्यंत सम्मान के साथ लिया जाता है।

बाजार	सेंसेक्स ↓	निफ्टी ↓
बंद हुआ	74,559.24	23,379.55
गिरावट	1,456.04	436.30
प्रतिशत में	1.92	1.83

सोना प्रति 10 ग्राम 1,52,270

चांदी प्रति किलो 2,90,000

तेल की चिंता से बाजार में गिरावट जारी सेंसेक्स 1456, निफ्टी 436 अंक फिसला

2.75 प्रतिशत बढ़कर 107.1 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंचा वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड

मुंबई, एजेंसी

स्थानीय शेयर बाजारों में मंगलवार को लगातार चौथे कारोबारी सत्र में गिरावट आई और बीएसई सेंसेक्स 1,456 अंक लुढ़क गया, जबकि एनएसई निफ्टी 23,500 अंक के नीचे आ गया। कच्चे तेल की ऊंची कीमत और पश्चिम एशिया संघर्ष को लेकर अनिश्चितता से बाजार धारणा पर प्रतिकूल असर पड़ा है। देशी संस्थागत निवेशकों की निरंतर पूंजी निकासी और रुपये के अब तक के सबसे निचले स्तर पर आने से भी निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई।

चौतरफा बिकवाली के बीच, तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 1,456.04 अंक यानी 1.92 प्रतिशत टूटकर 74,559.24 अंक पर बंद हुआ। कारोबार दौरान, यह 1,565.78 अंक लुढ़क कर 74,449.50 अंक पर आ गया था। बीएसई में सूचीबद्ध शेयरों में 3,412 में गिरावट रही जबकि 869 शेयर लाभ में रहे। वहीं 129 के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। पचास शेयरों पर आधारित एनएसई निफ्टी 436.30 अंक यानी 1.83 प्रतिशत का गोता लगाकर 23,379.55 अंक पर बंद हुआ।

चार कारोबारी सत्रों में, बीएसई सूचकांक 3,399.28 अंक यानी 4.36 प्रतिशत लुढ़का जबकि निफ्टी 951.4 अंक यानी 3.91 प्रतिशत नीचे आया है।

डॉलर के मुकाबले रुपया मंगलवार को 40 पैसे लुढ़ककर 95.68 प्रति डॉलर के नए सर्वकालिक निचले स्तर पर आ गया।

कच्चे तेल की कीमतों से आया दबाव

जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लि. के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि पश्चिमी एशिया में बढ़ते तनाव के बीच कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों और एफआईआई की पूंजी निकासी के कारण रुपये के रिकॉर्ड निचले स्तर आने से घरेलू शेयर बाजार दबाव में रहे। आईटी और रियल एस्टेट शेयरों में गिरावट व्यापक रही। आईटी शेयरों का प्रदर्शन खराब रहा क्योंकि एआई (कृत्रिम मेधा) संचालित मूल्य दबाव को लेकर चिंताएं बढ़ गईं।

रुपया 40 पैसे टूटकर अबतक के निचले स्तर 95.68 प्रति डॉलर

नुकसान में रहे शेयर :- सेंसेक्स में शामिल शेयरों में से टेक महिंद्रा, अदाणी पोर्ट्स, एचसीएल टेक, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, टाइटन और भारत इलेक्ट्रॉनिक्स प्रमुख रूप नुकसान में रहे।

बढ़त के साथ बंद हुए :- सिर्फ भारतीय स्टेट बैंक के शेयर में तेजी रही।

मिडकैप 2.92, स्मॉलकैप 2.73 प्रतिशत लुढ़का

- बीएसई मिडकैप सेलेक्ट सूचकांक 2.92 प्रतिशत नीचे आया।
- छोटी कंपनियों से जुड़ा स्मॉलकैप 2.73 प्रतिशत लुढ़क गया।
- विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने सोमवार को 8,437.56 करोड़ रुपये के शेयर बेचे
- एशियाई बाजारों में, दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, चीन का शंघाई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंग सेंग निचले स्तर पर बंद हुए, जबकि जापान का निक्की लाभ में रहा। यूरोप के बाजारों में दोपहर के कारोबार में गिरावट का रुख था।
- अमेरिकी बाजार सोमवार को सकारात्मक स्तर पर बंद हुए थे।

बरेली मंडी

वनस्पति तेल तिलहन :- तुलसी 2595, राज श्री 1950, फ़ॉर्चून कि. 2700, रविन्द्रा 2540, फॉर्चुन 13kg 2370, जय जवान 2125, सचिन 2340, सूरज 2125, अवसर 2125, उजाला 2100, गृहणी 13 kg 2200, क्लासिक (kg) 2455, मोर 2330, चक्र टिन 2565, ब्लू 2440, आशीर्वाद मस्टर्ड 2440, स्वास्तिक 2550

किराना :- निजामाबाद हल्दी 16000-18000, जीरा 24500-25000, लाल मिर्च 21500-24000, धनिया 14000-18000, अजवायान 14000-19000, मेथी 7000-8000 सौंफ 11000-20000, सोंठ 33000, (प्रतिकि0) लौंग 850-1000, बादाम 750-1050, काजू 2 पीस 830, किसमिस पीली 330-380, मखाना 800-1150

चावल (प्रति कु0) :- डबल चाबी सेला 10800, आभा स्पाइस 8300, शरबती कच्ची 6500, शर्बती स्टीम 6500, मंसूरी 4500, महबूब सेला 4600, गौरी रॉयल 10200, राजभोग 8250, हरी पत्ती (1kg,5kg) 11700, हरी पत्ति नेचुरल 10900, गौरी स्पेशल 10100, गौरी प्रीमियम 11500, जन्नत 3700, गौरी डिलाइट 10800, मंसूरी पनघट 4400, लाडली 4400

दाल दलहन :- मूंग दाल इंदौर 9900, मूंग धोवा 10100, राजमा चित्रा 11700-13000, राजमा भूटान नया 10100, मलका काली 7250-7450 मलका दाल 7450-9600, मलका छाँटी 7250, दाल उड़द बिलासपुर 8800-9800, मसूर दाल छोटी 10700-12000, दाल उड़द दिल्ली 11200, उड़द साबुत दिल्ली 10500, उड़द धोवा इंदौर 12700, उड़द धोवा 9800-11500, चना काला 7200, दाल चना 7250, दाल चना मोटी 7100, मलका विदेशी 7200, रूपकिशोर बेसन 7400, चना अकोला 6600, डबरा 7000-8400, सच्चा मोती 8700, मोटा सफेद 9700, अरहर गोला मोटा 8800, अरहर पटका मोटा 9500, अरहर कोरा मोटा 9800, अरहर पटका छोटा 11000-11600, अरहर कोरी छोटी 12600

चीनी :- द्वारकेश 4320, बहेड़ी 4300, सितारगंज 4270

बरेली सर्राफा

सोना प्रति 10 ग्राम : पक्के आभूषण 152500, गिन्नी जेवर 148500, **चांदी प्रति किलो :** पक्की 267000 अनुमानित

बिजनेस ब्रीफ

इंडिगो की ग्रेट कनेक्शन फेस्ट सेल शुरू

नई दिल्ली। विमान सेवा कंपनी इंडिगो ने मंगलवार को ग्रेट कनेक्शन फेस्ट की घोषणा की है। एयरलाइंस ने बताया कि यह सेल 12 मई से 15 मई जारी रहेगा और टिकट 22 मई से 30 सितंबर 2026 की यात्रा के लिए बुक कराये जा सकेंगे। यह सेल सभी रूट पर मान्य है। इसके तहत सभी शुल्कों और करों समेत घरेलू मार्गों पर न्यूनतम किराया 3,999 रुपये और अंतर्राष्ट्रीय मार्गों पर 9,999 रुपये है।

श्रम सुधार पूरी तरह लागू : मांडविया

नई दिल्ली। केंद्रीय मंत्री मनसुख मांडविया ने मंगलवार को कहा कि केंद्र सरकार ने चार नई श्रम संहिताओं को पूरी तरह लागू कर दिया है। वर्तमान सरकार गरीबों की समर्थक एवं उद्योग अनुकूल है। सीआईआई के वार्षिक व्यापार सम्मेलन में मंत्री ने कहा कि श्रम एवं उद्योग को प्रभावी समन्वय के लिए एक-दूसरे के पूरक बनना चाहिए और बदलाव के साथ तालमेल बैठाना चाहिए। उन्होंने कहा कि चार नई श्रम संहिताओं ने 29 श्रम कानूनों को सरल और आधुनिक ढांचे में समाहित कर दिया गया है।

उद्योग को आरएंडडी पर खर्च बढ़ाना होगा, छोड़ें संरक्षणवाद की प्रवृत्ति

नई दिल्ली, एजेंसी

नीति आयोग के सदस्य राजीव गौबा ने मंगलवार को कहा कि सरकार सुधार जारी रखेगी और भरोसा-आधारित शासन के मूलभूत पहलुओं पर काम करेगी। हालांकि, उद्योग को अनुसंधान एवं विकास (आरएंडडी) पर निवेश बढ़ाना होगा और संरक्षणवाद की प्रवृत्ति छोड़नी होगी ताकि भारत वैश्विक उत्पादन एवं नवाचार का आकर्षक केंद्र बन सके।

भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के वार्षिक व्यापार सम्मेलन में गौबा ने कहा कि सरकार सुधार एजेंडा को जारी रखेगी लेकिन उद्योग को कुछ महत्वपूर्ण मुद्दों पर ध्यान देना होगा जिसमें अनुसंधान एवं विकास में निवेश पहला मुद्दा है।

उन्होंने कहा कि हम सभी जानते हैं कि भारत का अनुसंधान एवं विकास पर कुल व्यय कम है। यह सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के लगभग 0.7 प्रतिशत पर अटका हुआ है जो वैश्विक औसत 2.3 प्रतिशत से काफी नीचे है। यह दक्षिण कोरिया तथा इजराइल जैसे देशों से बहुत कम है। इस 0.7 प्रतिशत में से 60 प्रतिशत सरकार द्वारा वित्तपोषित है

गौबा ने कहा कि मेरा मानना है कि भारतीय उद्योग को अनुसंधान एवं विकास में अधिक निवेश करना चाहिए एवं प्रौद्योगिकी आयात करने से उसे विकसित करने की ओर बढ़ना चाहिए। आरएंडडी में निवेश लागत नहीं है, यह रणनीतिक बढ़त है। उन्होंने भारतीय उद्योग से यह भी आग्रह किया कि वह वैश्विक प्रतिस्पर्धा की चुनौती को स्वीकार करे, खासकर तब जब देश अन्य देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) कर रहा है।

भारत के पास दो माह का ईंधन भंडार पेट्रोलियम कंपनियों को एक लाख करोड़ रुपये का नुकसान संभव: पुरी

नई दिल्ली, एजेंसी

पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने मंगलवार को कहा कि वैश्विक ऊर्जा संकट के बावजूद दो महीने के ईंधन भंडार के साथ भारत को आपूर्ति को लेकर कोई चिंता नहीं है। हालांकि, यदि कच्चे तेल की कीमतें इसी तरह ऊंची बनी रहीं और खुदरा कीमतों में बदलाव नहीं किया गया, तो सरकारी पेट्रोलियम कंपनियों को एक ही तिमाही में एक लाख करोड़ रुपये तक का नुकसान हो सकता है।

भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के वार्षिक व्यापार शिखर सम्मेलन में मंत्री ने कहा कि हमारे पास आपूर्ति से जुड़ी कोई समस्या नहीं है। उन्होंने बताया कि भारत ने संकट की शुरुआत पर्याप्त भंडार के साथ की थी और तब से घरेलू एलपीजी उत्पादन को 36,000 टन से बढ़ाकर 54,000 टन प्रतिदिन कर दिया गया है। साथ ही, मंत्री ने खुदरा कीमतों को स्थिर रखने से बढ़ रहे वित्तीय दबाव को स्वीकार किया। उन्होंने बताया कि लागत और बिक्री मूल्य का कुल अंतर बढ़कर लगभग 1.98 लाख करोड़ रुपये हो गया है और एक तिमाही में एक लाख करोड़ रुपये का घाटा पूरे क्षेत्र के वार्षिक लाभ को खत्म कर सकता है।

पिछले 10 सप्ताह से पश्चिम एशिया में जारी युद्ध के बावजूद, सरकारी पेट्रोलियम विपणन कंपनियों - इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन, भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन और हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन ने बिना किसी रुकावट के आपूर्ति सुनिश्चित की है। अंतरराष्ट्रीय कीमतों में 50 प्रतिशत की वृद्धि के बावजूद, पेट्रोल और डीजल दो साल पुरानी दरों पर ही मिल रहे हैं।

इस समय कंपनियों को पेट्रोल पर 14 रुपये, डीजल पर 42 रुपये और रसोई गैस पर 674 रुपये प्रति सिलेंडर का घाटा हो रहा है। हालांकि, कीमतों में बढ़ोतरी की किसी भी संभावना पर टिप्पणी से इनकार कर दिया। पुरी ने ऊर्जा संरक्षण के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान को दूरदर्शी बताया। स्पष्ट किया कि इसका मतलब यह नहीं है कि कल से कोई लॉकडाउन या राशनिंग लागू होने वाली है, यह चुनौतियों के लिए तैयार रहने का संदेश है।

निवेश की पाठशाला

सोने के बढ़ते आयात को क्यों घटाना है जरूरी

कारोबार डेस्क

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पश्चिम एशिया में तनाव के मद्देनजर मितव्ययिता अपनाने की अपील के बीच भारत में सोने का बढ़ता आयात चर्चा का केंद्र बन गया है। मोदी ने रविवार को कहा था कि सरकार लोगों को पश्चिम एशिया संकट के प्रतिकूल प्रभाव से बचाने की कोशिश कर रही है। ईंधन का विवेकपूर्ण इस्तेमाल, सोने की खरीद टालने तथा विदेश यात्राओं को स्थगित करने जैसे कदम उठाने की जरूरत है ताकि अर्थव्यवस्था मजबूत हो सके। इसी बीच भारत में सोने का आयात तेजी से बढ़ा है, जिससे सरकार और अर्थशास्त्री चिंतित हैं। भारत दुनिया में चीन के बाद दूसरा सबसे बड़ा सोना खरीदने वाला देश है। आइए समझते हैं इससे जुड़ी हर बात...

भारत कितना सोना आयात कर रहा है?

- 2019-20: 28.2 अरब डॉलर
- 2020-21: 34.62 अरब डॉलर
- 2021-22: 46.14 अरब डॉलर
- 2022-23: 35 अरब डॉलर
- 2023-24: 45.54 अरब डॉलर
- 2024-25: 58 अरब डॉलर
- 2025-26: 71.98 अरब डॉलर (रिकॉर्ड स्तर)

यानी सिर्फ एक साल में सोने का आयात 24% से ज्यादा बढ़ गया।

कम खरीदा तो आयात बढ़ा कैसे

पिछले साल सोना खरीदा कम गया, फिर भी आयात बढ़ गया, आखिर क्यों? दरअसल आयात की मात्रा घटी, लेकिन बिल बढ़ गया।

वर्ष 2024-25 में आयात : 757 टन

वर्ष 2025-26 में आयात : 721 टन

सोना कम आया, लेकिन उसका कुल खर्च बहुत बढ़ गया।

वजह क्या है?

वास्तव में सोने की कीमतें तेजी से बढ़ गई हैं। पहले कीमत : लगभग 76,600 डॉलर प्रति किलो थी जो अब बढ़कर लगभग 99,800 डॉलर प्रति किलो हो गयी है।

दिल्ली में सोने का भाव करीब 1.5 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम तक पहुंच चुका है।

लोग इतना सोना क्यों खरीद रहे हैं

- **शादी और आभूषण :** भारत में सोना सिर्फ निवेश नहीं, बल्कि परंपरा और शादी-ब्याह का हिस्सा है।
- **सुरक्षित निवेश:** जब दुनिया में युद्ध, तनाव या आर्थिक अनिश्चितता बढ़ती है, तब लोग शेयर बाजार की बजाय सोने में पैसा लगाना सुरक्षित मानते हैं।

सोना कहां से खरीदता है भारत

1. स्विट्जरलैंड – लगभग 40%
2. संयुक्त अरब अमीरात (UAE) – 16% से ज्यादा
3. दक्षिण अफ्रीका – लगभग 10%

ज्यादा सोना आयात होने से नुकसान क्या है

- **व्यापार घाटा बढ़ता है :** भारत विदेशों से ज्यादा सामान खरीद रहा है और कम बेच रहा है। इसे ही व्यापार घाटा कहते हैं। 2025-26 में व्यापार घाटा बढ़कर 333 अरब डॉलर हो गया।
- **विदेशी मुद्रा पर दबाव :** सोना खरीदने के लिए भारत को डॉलर खर्च करने पड़ते हैं। इससे देश के विदेशी मुद्रा भंडार पर दबाव पड़ता है।
- **चालू खाते का घाटा :** आरबीआई के अनुसार चालू खाते का घाटा बढ़कर 13.2 अरब डॉलर हो गया है।

सरकार क्या कदम उठा रही है?

- **आयात पर नियंत्रण :** सरकार ने सोना, चांदी और प्लेटिनम के आयात नियम सख्त किए हैं।
- **आयात शुल्क में बदलाव :** 2022 में शुल्क बढ़ाकर 15% किया गया था। 2024-25 बजट में इसे घटाकर 6% कर दिया गया।

सरकार ने शुल्क क्यों घटाया?

तस्करी कम करने के लिए, ज्वेलरी उद्योग को बढ़ावा देने के लिए

विशेषज्ञ क्यों चिंतित

- आर्थिक संस्था ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनीशिएटिव (GTRI) का कहना है कि यूएई के जरिए सोना आयात तेजी से बढ़ रहा है।

यूएई से सोने का आयात : 2022 : 2.9 अरब डॉलर 2023 : 6.7 अरब डॉलर, 2025 : 16.5 अरब डॉलर

विशेषज्ञों का कहना है कि दुबई खुद ज्यादा सोना पैदा नहीं करता, लेकिन दूसरे देशों का सोना वहां से होकर भारत आ रहा है ताकि कम टैक्स का फायदा मिल सके।

काम की बात

- वैश्विक तनाव बढ़ा तो सोना और महंगा हो सकता है। साथ ही जब देश ज्यादा डॉलर खर्च करता है, तो रुपये पर दबाव पड़ सकता है और चीजें महंगी हो सकती हैं।
- विशेषज्ञ मानते हैं कि सिर्फ सोने पर निर्भर रहने की बजाय निवेश को अलग-अलग जगह बांटना बेहतर होता है। सोने की मांग लगातार मजबूत बनी हुई है। सरकार चाहती है कि लोग अनावश्यक सोना खरीदने से बचें, ताकि विदेशी मुद्रा और व्यापार संतुलन सुरक्षित रह सके।

भारत-ओमान एफटीए एक जून से लागू होने की संभावना: गोयल

नई दिल्ली, एजेंसी

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने मंगलवार को कहा कि भारत और ओमान के बीच मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) एक जून से लागू होने की उम्मीद है। इस समझौते पर पिछले साल दिसंबर में हस्ताक्षर किए गए थे।

गोयल ने यहां संवाददाताओं से कहा कि आज मेरी ओमान टीम के साथ अच्छी बैठक हुई और संभावना है कि ओमान मुक्त व्यापार समझौता एक जून, 2026 से लागू हो जाएगा।

ओमान टीम व्यापार और निवेश को बढ़ावा देने के तरीकों पर चर्चा करने के लिए भारत आई हुई है। इस समझौते के तहत वस्त्र, कृषि उत्पाद और चमड़े के सामान समेत भारत के 98 प्रतिशत निर्यात की ओमान में पहुंच शुल्क मुक्त होगी। दूसरी तरफ, भारत खजूर, संगमरमर और पेट्रोरसायन उत्पादों जैसे ओमान के उत्पादों पर शुल्क कम करेगा।

छह प्रतिशत रह सकती है 2026 में भारत की आर्थिक वृद्धि दर : मूडीज

नई दिल्ली, एजेंसी

मूडीज रेटिंग्स ने 2026 के लिए भारत की आर्थिक वृद्धि दर का अनुमान मंगलवार को 0.8 प्रतिशत अंक घटाकर छह प्रतिशत कर दिया। यह कटौती निजी खपत और औद्योगिक गतिविधियों में सुस्ती के साथ-साथ ऊंची ऊर्जा लागत के कारण की गई है। साख निर्धारण एजेंसी ने अपनी 'ग्लोबल मैक्रो आउटलुक' के मई संस्करण में कहा कि अगले छह महीनों में ऊर्जा कीमतों में बढ़ोतरी तथा ईंधन एवं उर्वरक की कमी का असर विभिन्न देशों में अलग-अलग होगा जो उनकी निर्भरता तथा लचीलेपन पर निर्भर करेगा।

एजेंसी ने कहा कि वैश्विक परिदृश्य अत्यधिक अनिश्चित बना हुआ है क्योंकि अमेरिका और ईरान के बीच युद्धविराम की स्थिति नाजुक है। हम भारत के लिए वृद्धि दर में करीब 0.8 प्रतिशत अंक तक की गिरावट का अनुमान लगाते हैं। इसके अलावा, 2027 के लिए भी मूडीज रेटिंग्स ने भारत की जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) वृद्धि दर का अनुमान 0.5 प्रतिशत अंक घटाकर छह प्रतिशत कर दिया है।

एजेंसी के अनुसार, ऊर्जा आपूर्ति में सुधार और शिपिंग प्रवाह के सामान्य होने के साथ ये दबाव धीरे-धीरे कम होंगे एवं आर्थिक गतिविधियां सुधरेंगी। मूडीज ने साथ ही कहा कि भारत ऊंची तेल कीमतों के प्रति विशेष रूप से संवेदनशील है क्योंकि देश अपनी ऊर्जा जरूरतों का लगभग 90 प्रतिशत आयात करता है।

विदेशी पूंजी पर निर्भरता कम करनी चाहिए: उदय कोटक

नई दिल्ली, एजेंसी। वित्त क्षेत्र के दिग्गज उदय कोटक ने मंगलवार को कहा कि भारत को विदेशी पूंजी पर अपनी निर्भरता कम करनी चाहिए और वास्तविक आर्थिक आत्मनिर्भरता हासिल करने के लिए दीर्घकालिक घरेलू जोखिम पूंजी का मजबूत आधार विकसित करना चाहिए।

भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के एक कार्यक्रम में कोटक ने कहा कि वास्तव में आत्मनिर्भर देश वही होता है जो किसी और के पैसे या ताकत पर निर्भर न हो। सच्चा आत्मनिर्भर देश वही है जिसे किसी और के धन या शक्ति पर निर्भर रहने की जरूरत न हो। पश्चिम एशिया संघर्ष से उत्पन्न वैश्विक आर्थिक अनिश्चितता की पृष्ठभूमि में प्रधानमंत्री मोदी ने लोगों से विदेशी यात्राएं सीमित करने और जहां संभव हो, 'वर्क फ्रॉम होम' करने की अपील की है। निजी क्षेत्र के बैंक कोटक महिंद्रा बैंक के संस्थापक कोटक ने कहा कि वैश्विक माहौल तेजी से खंडित हो रहा है। ऐसे में भारत के लिए अपनी घरेलू आर्थिक बुनियाद को मजबूत करना जरूरी है।

सतर्कता जरूरी

सीआईआई के कार्यक्रम में बोले मुख्य आर्थिक सलाहकार-भारत संकट से निपटने को बेहतर स्थिति में

भुगतान संतुलन का वास्तविक परीक्षण है पश्चिम एशिया संकट

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत के मुख्य आर्थिक सलाहकार (सीईए) वी. अनंत नागेश्वरन ने मंगलवार को कहा कि पश्चिम एशिया में जारी संकट 'भुगतान संतुलन का एक वास्तविक दबाव परीक्षण' है, जिसका मुद्रास्फीति, चालू खाते और विनिमय दर पर सीधा प्रभाव पड़ता है। हालांकि, भारत की मजबूत राजकोषीय नीति, बुनियादी ढांचा निवेश और सुधार संघर्ष के मौजूदा माहौल से निपटने के लिए एक मजबूत आधार प्रदान करते हैं।

उन्होंने कहा कि भारत अपने कच्चे तेल की आवश्यकता कर 87 प्रतिशत आयात के जरिये पूरा करता है। इसमें से 46 प्रतिशत होर्मुज जलडमरूमध्य से होकर या उसके निकट से गुजरता है, जहां औसतन टैंकर यातायात में

गिरावट आई है। हमारी एलपीजी जरूरत का 60% आयात किया जाता है, जिसमें से 90% से अधिक खाड़ी देशों के माध्यम से आता है। बाहर से अपने परिवार को भेजे जाने वाले पैसे का 38% खाड़ी देशों से आता है।

उन्होंने कहा कि इसलिए, पश्चिम एशिया संकट कोई विदेश नीति संबंधी चिंता नहीं है जो कभी-कभार आर्थिक नियोजन को प्रभावित करती हो। उद्योग मंडल भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के एक कार्यक्रम में नागेश्वरन ने कहा कि विश्वसनीय रूप से चालू खाते का प्रबंधन करना, उसका वित्तपोषण करना और मुद्रा की विनिमय दर में गिरावट को रोकना वृहद आर्थिक मोर्चे पर वित्त वर्ष 2026-27 की आर्थिक अनिवार्यताएं हैं। भारत की वृहद आर्थिक बुनियाद, राजकोषीय मजबूती का रास्ता, बुनियादी ढांचा निवेश और सुधार एक ऐसा आधार प्रदान करते हैं जिससे देश इस माहौल में प्रभावी ढंग से आगे बढ़ सकता है।

यह रणनीतिक गलती होगी

नागेश्वर ने कहा कि वैश्विक स्तर पर संघर्ष की मौजूदा स्थिति को देखते हुए उभरती अर्थव्यवस्थाएं जो इस धारणा पर योजना बना रही हैं कि 2020 से पहले की वैश्विक आर्थिक संरचना स्वयं को पुन: स्थापित कर लेगी, वास्तव में यह एक 'रणनीतिक गलती' होगी। सीईए ने कहा कि यह भी आवश्यक है कि रणनीतिक स्पष्टता हो ताकि यह समझा जा सके कि व्यापारिक संबंधों, प्रौद्योगिकी साझेदारियों, आपूर्ति श्रृंखला संरचना और गठबंधन निर्माण को पुनर्गठित करने के लिए सीमित समय ही उपलब्ध है, जो अगली अंतरराष्ट्रीय आर्थिक व्यवस्था को आकार देगा।

बड़े उद्योग समय पर करें एमएसएमई का भुगतान

सीईए वी. अनंत नागेश्वरन ने कहा कि बड़े उद्योगों को एमएसएमई को उनके बिल का समय पर भुगतान सुनिश्चित करना चाहिए, ताकि उनकी कार्यशील पूंजी की जरूरतें पूरी हों और पूंजी की लागत कम हो सके। एमएसएमई बड़े उद्यमों के लिए कार्यशील पूंजी का स्रोत नहीं होने चाहिए बल्कि इसके विपरीत होना चाहिए। इन उद्यमों की पूंजी लागत अपेक्षाकृत अधिक होती है। नागेश्वरन ने कहा कि एमएसएमई के लिए कार्यशील पूंजी उपलब्ध होने से नवाचार के लिहाज से सकारात्मक परिवेश बनेगा।

खाने-पीने की चीजों और सोने-चांदी ने बढ़ाई खुदरा महंगाई

चांदी के गहनों के दाम पिछले साल अप्रैल के मुकाबले 144 % बढ़े

नई दिल्ली, एजेंसी

खाने-पीने की चीजों और सोने-चांदी के गहनों की कीमतें एक साल पहले की तुलना में तेजी से बढ़ने से अप्रैल में उपभोक्ता मूल्य आधारित मुद्रास्फीति की दर बढ़कर 3.48 प्रतिशत पर पहुंच गयी। यह लगातार तीसरा महीना है जब खुदरा महंगाई बढ़ी है। पिछले साल मार्च में यह 3.40 प्रतिशत रही थी। खाद्य मुद्रास्फीति अप्रैल में 4.20 प्रतिशत पर रही जबकि इस साल मार्च में यह 3.87 प्रतिशत दर्ज की गयी थी।

केंद्रीय सांख्यिकी कार्यालय द्वारा मंगलवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, अप्रैल में खाने-पीने की वस्तुओं की महंगाई दर 4.01 प्रतिशत रही। पान-तंबाकू आदि की कीमत 4.76 प्रतिशत बढ़ी। रेस्त्रां एवं होटल के कमरों की मुद्रास्फीति 4.2 प्रतिशत रही। खाने-पीने के सामान में टमाटर की कीमत सालाना 35 प्रतिशत और फूल गोभी की 26 प्रतिशत बढ़ी है। वहीं, आलू 24 प्रतिशत,

प्याज 18 प्रतिशत और मटर सात प्रतिशत सस्ता हुआ। चांदी के गहनों के दाम पिछले साल अप्रैल के मुकाबले 144 प्रतिशत बढ़े। सोना, हीरा और प्लेटिनम के गहने 41 प्रतिशत महंगे हुए। आंकड़ों में बताया गया है कि 50 लाख से अधिक की आबादी वाले राज्यों में तेलंगाना में खुदरा महंगाई सबसे अधिक 5.81 प्रतिशत रही। आंध्र प्रदेश में यह 4.20 प्रतिशत, तमिलनाडु में 4.18 और कर्नाटक में चार प्रतिशत रही। राजस्थान में मुद्रास्फीति की दर 3.52 फीसदी रिकॉर्ड की गयी।

वर्ल्ड ब्रीफ

सेंट स्टीफंस के 145 साल के इतिहास में पहली महिला प्राचार्य

नई दिल्ली। दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रतिष्ठित सेंट स्टीफंस कॉलेज ने पहली बार महिला प्राचार्य की नियुक्ति की घोषणा की है। कॉलेज की सुप्रीम काउंसिल ने घोषणा की है कि प्रो. सुसान एलियास एक जून 2026 से कॉलेज की 14वीं प्राचार्य के रूप में कार्यभार संभालेंगी। बिशप और कॉलेज के अध्यक्ष द राइट रेवरेंड डॉ. पॉल स्वरूप द्वारा जारी इस आदेश के साथ ही कॉलेज के 145 साल के इतिहास में एक नया अध्याय जुड़ जाएगा। यह पहला मौका है, जब इस संस्थान की कमान किसी महिला के हाथों में होगी। कॉलेज के चेयरमैन पॉल स्वरूप ने कहा कि प्रोफेसर एलियास कंप्यूटिंग और इंजीनियरिंग पृष्ठभूमि से हैं। उन्होंने उनकी नियुक्ति को सेंट स्टीफंस में अत्याधुनिक तकनीक लाने वाला कदम बताया।

दिल्ली में पूर्वोत्तर की महिला पर छेड़छाड़ के बाद हमला

शिलांग। मेघालय के मुख्यमंत्री कोनराड के संगमा ने दिल्ली में पूर्वोत्तर की एक महिला के साथ छेड़छाड़ और उस पर हमले को लेकर मंगलवार को चिंता जताई और आरोपी के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की। संगमा ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, बार-बार हिंसा और भेदभाव के मामलों को अलग-थलग घटनाओं के रूप में नहीं देखा जा सकता। ऐसी घटनाओं में कानून के तहत कड़ी से कड़ी सजा दी जानी चाहिए। दिल्ली पुलिस के अनुसार नेहरू प्लेस में 10 मई को सुबह करीब साढ़े छह बजे एक होटल के बाहर चाय स्टॉल के समीप दो महिलाओं के साथ कुछ लोगों ने छेड़छाड़ के बाद उन पर हमला किया। एक महिला असम की है और दूसरी बिहार की। घटना में शामिल चार संदिग्धों को हिरासत में लिया गया है।

पाकिस्तान में पेड़ काटने को लेकर विवाद में मारे गए नौ लोग

पेशावर। पश्चिमोत्तर पाकिस्तान में पेड़ काटने को लेकर उपजे विवाद के बाद प्रतिद्वंद्वी गुटों के बीच हुई गोलीबारी में मंगलवार को सात लोग मारे गए और तीन लोग घायल हो गए। पुलिस के मुताबिक यह घटना खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के नौशेरा जिले में हुई। यह इलाका राजधानी पेशावर से करीब 40 किलोमीटर दूर स्थित है। पुलिस ने बताया कि इलाके में पेड़ों की कटाई को लेकर दोनों समूहों के बीच तनाव बढ़ने के बाद झड़प हुई। इस घटना में सात लोगों की मौत और तीन लोगों के घायल होने की पुष्टि की गई है। पुलिस ने बताया कि स्थिति को नियंत्रण में लाने के लिए आसपास के इलाकों से भारी संख्या में पुलिस बल भेजे गए। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

ट्रंप के सहयोगियों का दावा... पश्चिमी एशिया में फिर शुरू हो सकती है बड़ी सैन्य कार्रवाई

युद्ध समाप्त करने के मुद्दे पर ईरान के रुख से निराश अमेरिकी राष्ट्रपति गंभीरता से कर रहे हैं विचार

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पश्चिमी एशिया में फिर से बड़े पैमाने पर सैन्य कार्रवाई शुरू करने पर गंभीरता से विचार कर रहे हैं। सीएनएन ने ट्रंप के सहयोगियों के हवाले से यह दावा किया है। इससे पहले, ट्रंप के साथ बातचीत के बाद फॉक्स न्यूज ने कहा था कि व्हाइट हाउस होर्मुज जलडमरूमध्य में जहाजों की आवाजाही बहाल करने के लिए ऑपरेशन प्रोजेक्ट फ्रीडम को फिर से शुरू करने पर विचार कर रहा है।

ट्रंप को संघर्ष को सुलझाने के लिए हो रही बातचीत में ईरान के रुख से लगातार निराशा हाथ लगी है और अब वह बड़े पैमाने पर सैन्य अभियान फिर से शुरू करने पर गंभीरता से विचार कर रहे हैं। कहा जा रहा है कि होर्मुज जलडमरूमध्य के बंद रहने से अमेरिकी राष्ट्रपति का धैर्य जवाब दे रहा है और उनका यह भी मानना है कि ईरानी नेतृत्व के भीतर मतभेद हैं। सूत्रों के अनुसार, अमेरिकी प्रशासन के भीतर अब कई समूह बन गए हैं, जिनमें से कुछ बल प्रयोग के पक्ष में हैं और ईरान की स्थिति को कमजोर करने के लिए उसपर लक्षित बमबारी जारी रखने का प्रस्ताव दे रहे हैं, जबकि दूसरे समूह संघर्ष को सुलझाने के लिए कूटनीतिक साधनों पर जोर दे रहे हैं।

सीएनएन ने बताया कि अमेरिका-ईरान वार्ता में मध्यस्थ के रूप में पाकिस्तान की भूमिका अमेरिका के लिए एक अलग मुद्दा बनी हुई है। अमेरिकी सरकार को यह स्पष्ट नहीं है कि पाकिस्तान कितनी स्पष्टता से अमेरिका का पक्ष ईरान तक पहुंचा रहा है और वह ईरान के दृष्टिकोण को कितनी निष्पक्षता से बता रहा है। सीएनएन ने बताया कि पश्चिमी एशिया संघर्ष में अमेरिका क्या रुख अपनाएगा, यह अभी स्पष्ट नहीं है और राष्ट्रपति ट्रंप की 13 से 15 मई तक प्रस्तावित चीन यात्रा से पहले किसी फैसले की संभावना कम है। अमेरिका और इजराइल ने 28 फरवरी को ईरान में ठिकानों पर हमले शुरू किए थे, जिसमें 3,000 से अधिक लोग मारे गए थे। अमेरिका और ईरान ने सात अप्रैल को युद्धविराम की घोषणा की थी। इसके बाद इस्लामाबाद में हुई वार्ता बिना किसी नतीजे के समाप्त हो गई और अमेरिका ने ईरानी बंदरगाहों की नाकेबंदी शुरू कर दी थी।

मध्यस्थता कर रहे पाकिस्तान की भूमिका पर भी शक

पश्चिम एशिया संघर्ष को सुलझाने के लिए ईरान की 14 सूत्रीय योजना का कोई विकल्प नहीं : गालिबफ

तेहरान। ईरानी संसद के अध्यक्ष मोहम्मद बाघर गालिबफ ने कहा कि पश्चिमी एशिया संघर्ष को सुलझाने के लिए ईरान के 14-सूत्रीय योजना का कोई विकल्प नहीं है। गालिबफ ने एक्स पर कहा, ईरानी लोगों के अधिकारों को स्वीकार करने के अलावा कोई विकल्प नहीं है, जैसा कि 14-सूत्रीय प्रस्ताव में बताया गया है। कोई भी और दृष्टिकोण पूरी तरह बेनतीजा रहेगा और एक के बाद एक असफलता के अलावा यह कुछ नहीं होगा। उन्होंने यह भी कहा कि अमेरिका जितनी देर करेगा, अमेरिकी करदाताओं को उतना ही ज्यादा भुगतान करना पड़ेगा। ईरानी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने मई की शुरुआत में कहा था कि तेहरान को इस्लामिक गणराज्य के नए 14-सूत्रीय शांति योजना प्रस्ताव के संबंध में अमेरिका से जवाब मिल गया है। तस्नीम समाचार एजेंसी ने बताया कि इस योजना में प्रतिबंध हटाने, होर्मुज जलडमरूमध्य पर ईरान का पूर्ण नियंत्रण स्थापित करने और विदेशों में मौजूद ईरानी संपत्तियों को मुक्त करने के प्रावधान शामिल हैं। उधर, ट्रंप ने संघर्ष को समाप्त करने के अमेरिकी प्रस्ताव पर ईरान की प्रतिक्रिया को पूरी तरह अस्वीकार्य बताया है।

एक महीने बंद रहा होर्मुज तो 2027 तक जारी रहेगा तेल संकट

सऊदी अरब की कंपनी अरामको के सीईओ अमीन नासिर ने किया आगाह

दोहा। सऊदी अरब की कंपनी अरामको के सीईओ अमीन नासिर ने कहा है कि यदि एक महीने के भीतर होर्मुज जलडमरुमध्य में जहाजों की आवाजाही फिर शुरू नहीं होती तो अगले साल तक वैश्विक तेल बाजार सामान्य स्थिति में नहीं लौटेगी। अरामको के पहली तिमाही के परिणामों पर चर्चा करने के लिए आयोजित वीडियो कॉन्फ्रेंस के दौरान नासिर ने कहा कि आपूर्ति में व्यवधान जितने लंबे समय तक जारी रहेगा, तेल बाजार को स्थिर होने में उतना ही अधिक समय लगेगा। उन्होंने कहा कि यदि जलडमरुमध्य में गतिरोध जून के मध्य तक बना रहता है तो यह संकट 2027 तक जारी रह सकता है। दुनिया की सबसे बड़ी ऊर्जा कंपनी के प्रमुख के अनुसार, उत्पादन या परिवहन की कमी के कारण बाजार पहले ही एक अरब बैरल तेल गंवा चुका है और जब तक यह मार्ग बंद रहेगा, बाजार को हर हफ्ते लगभग 10 करोड़ बैरल तेल का नुकसान होता रहेगा। उन्होंने याद दिलाया कि पहले होर्मुज से प्रतिदिन लगभग 70 जहाज गुजरते थे। फारस की खाड़ी में तेल उत्पादक देशों पर हमलों और ईरान द्वारा होर्मुज को प्रभावी ढंग से बंद करने से उत्पादन और निर्यात पर नकारात्मक प्रभाव पड़ा है। 28 फरवरी को संघर्ष शुरू होने से पहले, इस जलमार्ग के माध्यम से प्रतिदिन लगभग दो करोड बैरल तेल बाजार में आता था।

यूएई में अगले साल तक सिर्फ 60 प्रतिशत रहेगा गैस का उत्पादन

अबू धाबी। अबू धाबी राष्ट्रीय गैस कंपनी (एडनॉक) ने कहा है कि ईरानी हमलों से हुए नुकसान के कारण यूएई का प्रमुख गैस प्रसंस्करण केंद्र वर्ष 2027 से पहले पूर्ण उत्पादन क्षमता पर नहीं लौट पाएगा। एडनॉक गैस के अनुसार अबू धाबी स्थित हबशन गैस प्रसंस्करण परिसर वर्तमान में लगभग 60 प्रतिशत क्षमता पर संचालित हो रहा है। इसे दुनिया की सबसे बड़ी गैस प्रसंस्करण सुविधाओं में गिना जाता है और यह पूरे यूएई में गैस आपूर्ति का प्रमुख केंद्र है। अल जज़ीरा की रिपोर्ट के अनुसार कंपनी को उम्मीद है कि 2026 के अंत तक उत्पादन क्षमता को लगभग 80 प्रतिशत तक बहाल कर लिया जाएगा, जबकि पूर्ण क्षमता से उत्पादन 2027 में शुरू होने की संभावना है।

भारत में रूसी तेल का आयात 15% घटा

नई दिल्ली। भारत का रूस से कच्चा तेल आयात अप्रैल माह में 15 प्रतिशत से अधिक घट गया जिसका मुख्य कारण एक प्रमुख रिफाइनरी का रखरखाव के लिए बंद होना रहा। यूरोपीय शोध संस्थान सेंटर फॉर रिसर्च ऑन एनर्जी एंड क्लीन एयर ने यह रिपोर्ट जारी की है।

पंजाब: सतर्कता विभाग के कार्यालय पर छापा, अफसरों के तीन दलाल गिरफ्तार

नई दिल्ली, एजेंसी

- सीबीआई ने राज्य कर के अफसर की शिकायत पर की कार्रवाई
- डीजी का रीडर फरार, रिश्वत लेकर निपटाए जा रहे थे मामले

सीबीआई ने 13 लाख रुपये के रिश्वत मामले में कार्रवाई करते हुए पंजाब के मोहाली स्थित सतर्कता विभाग कार्यालय पर देर रात छापा मारा। इस दौरान फरार होने की कोशिश कर रहे तीन लोगों को पीछा करके पकड़ लिया गया। इनमें से दो विभाग के उच्चाधिकारियों के लिए दलाली करने वाले बिचौलिए हैं।

सीबीआई ने यह कार्रवाई पंजाब के एक राज्य कर अधिकारी की शिकायत पर प्राथमिकी दर्ज करने के बाद की जिसने विकास गोयल और उनके बेटे राघव गोयल पर आरोप लगाया था कि उन्होंने महानिदेशक (डीजीपी सतर्कता), पंजाब के कार्यालय में एक शिकायत को बंद कराने के बदले 20 लाख रुपये की रिश्वत मांगी है। सीबीआई के प्रवक्ता ने बताया कि आरोप था कि दोनों आरोपी डीजीपी सतर्कता (पंजाब) के रीडर सहित वरिष्ठ अधिकारियों के लिए मध्यस्थ के रूप में काम कर रहे थे। वे आश्वासन दे रहे थे कि रिश्वत देने पर मामला सुलझा लिया जाएगा। डीजी सतर्कता के रीडर ओपी राणा ने भी रिश्वत देने पर शिकायत को बंद करने का भरोसा दिया था।

सीबीआई के प्रवक्ता ने बताया कि प्राथमिक जांच में साजिश में राणा की संलिप्तता सामने आई है। बयान के मुताबिक, बातचीत के दौरान आरोपियों ने मांग को 20 लाख रुपये से घटाकर 13 लाख रुपये कर दिया और साथ ही राणा के लिए एक सैमसंग गैलेक्सी जेड फोल्ड7 मोबाइल फोन की भी मांग की। रिश्वत के लेनदेन की पुष्टि के बाद सीबीआई ने चंडीगढ़ में छापा मारा, जहां आरोपियों के सहयोगी अंकित वाधवा को 13 लाख रुपये और मोबाइल फोन लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया गया। इस कार्रवाई के दौरान रिश्वत के पैसे और फोन भी कब्जे में ले लिया गया। इसी बीच निगरानी के लिए तैनात सुरक्षाकर्मियों से सूचना मिलने के बाद राघव गोयल, विकास गोयल और राणा मौके से भाग निकले। सीबीआई की टीम ने उनका पीछा कर पंजाब-हरियाणा सीमा पर अंबाला के पास राघव और विकास को पकड़.लिया। उनके दो सुरक्षाकर्मियों को भी हिरासत में ले लिया।

घर से मिले लाखों रुपये, आपत्तिजनक दस्तावेज

सीबीआई के प्रवक्ता ने बताया कि मलोट में गोयल और चंडीगढ़ में राणा के आवासीय परिसरों की तलाशी के दौरान नौ लाख रुपये नकद और कई आपत्तिजनक दस्तावेज बरामद हुए। सीबीआई की जांच में राणा और गोयल के बीच लंबित सतर्कता मामलों से संबंधित संवेदनशील जानकारी के आदान-प्रदान का भी खुलासा हुआ है। सीबीआई के मुताबिक इस बड़ी साजिश की जांच की जा रही है। आरोपियों को आधिकारिक तौर पर पुलिस की सुरक्षा दी गई थी। आरोपियों के साथ एके-47 राइफल से लैस पुलिसकर्मियों की तैनाती और उनकी भूमिका की भी जांच की जा रही है।

उत्तरी-पश्चिम में भीषण गर्मी, दक्षिण पूर्वोत्तर में भारी बारिश का अलर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी

- बंगाल की खाड़ी में इसी सप्ताह मानसून पहुंचने का अनुमान

मौसम विभाग ने उत्तर-पश्चिमी भारत में भीषण गर्मी और दक्षिण और पूर्वोत्तर भारत में भारी बारिश का पूर्वानुमान जताया है। विभाग ने बुधवार को एक तरफ जहां राजस्थान के लिए भीषण गर्मी का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है, वही दूसरी तरफ बंगाल की खाड़ी में इस सप्ताह के अंत तक मानसून आने के संकेत दिए हैं।

मौसम विभाग के अनुसार, इस सप्ताह के अंत तक दक्षिण-पश्चिम मानसून के बंगाल की खाड़ी के दक्षिणी हिस्से, अंडमान सागर और अंडमान-निकोबार द्वीप समूह पहुंचने के आसार हैं। फिलहाल बंगाल की खाड़ी के ऊपर कम दबाव का क्षेत्र बना हुआ है, जो अगले दो दिनों में और मजबूत हो सकता है। उधर, मैदानी इलाकों में जारी गर्मी के प्रकोप के बीच राजस्थान के बाड़मेर में तापमान 47.3 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है। विभाग ने चेतावनी दी है कि अगले एक हफ्ते तक पश्चिमी राजस्थान में भीषण गर्म हवाएं चलेगीं। इसके साथ ही पूर्वी राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश में भी अगले 4-5 दिनों तक भीषण गर्मी का प्रकोप रहेगा।

कानपुर चिड़ियाघर में गर्मी से परेशान बाघ।

दूसरी तरफ, दक्षिण और पूर्वोत्तर भारत के राज्यों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। अगले कुछ दिनों में तमिलनाडु, केरल और कर्नाटक के कुछ हिस्सों में भारी बारिश हो सकती है। पूर्वोत्तर के राज्यों जैसे असम, मेघालय और अरुणाचल प्रदेश में 13 से 18 मई के बीच बहुत भारी बारिश होने के आसार हैं। पश्चिम बंगाल के हिमालयी क्षेत्रों और सिक्किम में भी बुधवार को मूसलाधार बारिश की चेतावनी दी गई है। उत्तर भारत में 15 मई से एक नया 'पश्चिमी विक्षोभ' सक्रिय होगा, जिसके असर से जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में बारिश और बर्फबारी हो सकती है।

नारायणपुर में हथियारों और विस्फोटकों का भारी जखीरा बरामद

नारायणपुर, एजेंसी

- नक्सलियों पर कार्रवाई, एक करोड़ से ज्यादा कैश भी मिला

छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले में चलाए जा रहे माड़ बचाओ अभियान के तहत सुरक्षा बलों की संयुक्त कार्रवाई में जंगलों में छिपाकर रखे गए भारी मात्रा में नक्सलियों के हथियार, गोला-बारूद, विस्फोटक सामग्री, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण और एक करोड़ रुपये से अधिक नकदी बरामद की गई है। अबूझमाड़ के जंगलों में भी छिपाए गए हथियारों को तलाश करने के लिए अभियान चलाया जा रहा है।

पिछले एक महीने से जिले के संवेदनशील और दुर्गम इलाकों में लगातार सर्चिंग और एरिया डोमिनेशन अभियान चलाया जा रहा था। इस दौरान सुरक्षा बलों ने नक्सलियों के कई छिपे डंप खोज निकाले, जहां से अत्याधुनिक हथियार, जिंदा कारतूस, बीजीएल सेल, इलेक्ट्रॉनिक डेटोनेटर, कॉर्डेक्स वायर, वायरलेस सेट, बैटरी और अन्य दैनिक उपयोग की सामग्री बरामद की गई। संयुक्त कार्रवाई के दौरान एक करोड़ से ज्यादा कैश के अलावा तीन एके-47 राइफल, तीन एसएलआर राइफल, दो .303 राइफल, एक .315 राइफल, दो 12 बोर बंदूक और दो देसी कट्टे बरामद किए गए। इसके अलावा सैकड़ों की संख्या में जिंदा कारतूस, मैगजीन और बीजीएल सेल भी जब्त किए गए हैं। सुरक्षा बलों ने 132 बीजीएल सेल, आठ इलेक्ट्रॉनिक डेटोनेटर, छह बंडल कॉर्डेक्स वायर, वॉकी-टॉकी सेट, मोटोरोला वायरलेस सेट, बिजली वायर, रेडियो सेल और संदिग्ध विस्फोटक सामग्री भी बरामद की है। पुलिस के मुताबिक, इस कार्रवाई से नक्सलियों की हथियार आपूर्ति और आईईडी निर्माण क्षमता को गंभीर नुकसान पहुंचा है।

चीन की जासूस निकली अमेरिकी शहर की मेयर

वाशिंगटन, एजेंसी

- जुर्म स्वीकार कर पद से इस्तीफा दिया, 10 साल हो सकती है जेल

कैलिफोर्निया के अर्काडिया शहर की मेयर एलीन वांग ने चीन के अवैध एजेंट के रूप में काम करने का जुर्म स्वीकार कर लिया है। अमेरिकी न्याय विभाग के मुताबिक वांग ने मेयर पद से इस्तीफा दे दिया है और उम्मीद जा रही है कि वह लॉस एंजिल्स की संघीय अदालत में भी अपना अपराध स्वीकार करेंगी।

संघीय अभियोजकों ने बताया कि वांग (58) और उस समय उनके मंगेतर रहे याओनिंग माइक सन पर चीन के सरकारी अधिकारियों के इशारे पर अमेरिका में चीन का प्रचार करने का आरोप है। सन (65) पिछले साल अक्टूबर में एक संघीय अदालत में अपना अपराध स्वीकार करने के बाद चार साल की जेल की सजा काट रहा है। एक संबंधित याचिका में वांग ने उन पर लगे आरोप अदालत में स्वीकार करने पर सहमति जताई है और इस अपराध के लिए उन्हें अधिकतम 10 साल की जेल की सजा हो सकती है। वांग नवंबर 2022 में अर्काडिया सिटी काउंसिल के लिए चुनी गई थीं, जो पांच सदस्यीय शासी निकाय है और इसमें महापौर का चयन बारी-बारी से होता है। कैलिफोर्निया के सेंट्रल डिस्ट्रिक्ट के फर्स्ट असिस्टेंट यूएस अटॉर्नी बिल एस्सेली ने कहा, हमारे देश में वे लोग जो गुपचुप तरीके से विदेशी सरकारों के इशारों पर काम करते हैं, वे हमारे लोकतंत्र को कमजोर करते हैं। एफबीआई के काउंटरइंटेलिजेंस और जासूसी प्रभाग के सहायक निदेशक रोमन रोज़ावस्की ने कहा, एलीन वांग ने स्वीकार किया है कि वह गुप्त रूप से चीन सरकार के हितों के लिए काम कर रही थीं।

कैसा रहेगा आपका आज का दिन

मेष – आज आपके साहस और पराक्रम में वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र में सहकर्मियों का सहयोग मिलेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा।

वृष – आज का दिन आर्थिक दृष्टिकोण से शुभ है। धन आगमन के नए स्रोत खुल सकते हैं। वाणी पर संयम रखें।

मिथुन – आज का दिन व्यापारिक समझौतों के लिए अनुकूल है। मानसिक शांति का अनुभव करेंगे। घर में खुशी का माहौल रहेगा।

कर्क – आज खर्चों में अधिकता रह सकती है। व्यर्थ की भागदौड़ से थकान महसूस हो सकती है। आय में वृद्धि के योग बन रहे हैं।

सिंह – आज कार्यस्थल पर आपकी प्रतिभा की सराहना होगी। शाम का समय दोस्तों के साथ बिताएंगे। पुराने अटके हुए धन की प्राप्ति हो सकती है।

कन्या – आज सरकारी कार्यों में सफलता मिलेगी। सामाजिक दायरे में विस्तार होगा। माता-पिता के स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें।

तुला – आज भाग्य का पूरा साथ मिलेगा। कठिन कार्य भी आसानी से हल हो जाएंगे। मांगलिक कार्य में शामिल होने का अवसर प्राप्त होगा।

वृश्चिक – आज थोड़ा संभलकर चलने की जरूरत है। किसी अनजान व्यक्ति पर भरोसा न करें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

धनु – आज व्यापार में साझेदारी से लाभ होगा। आपसी समझ में सुधार देखने को मिलेगा। किसी पुराने मित्र से मुलाकात पुरानी यादें ताजा कर देगी।

मकर – आज कोई अच्छी खबर मिल सकती है। शत्रुओं पर विजय प्राप्त होगी। नियमित व्यायाम को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाएं।

कुंभ – आज संतान पक्ष से सुखद समाचार मिलेगा। मन में संतोष का भाव रहेगा। रचनात्मक कार्यों के प्रति आपकी रुचि बढ़ेगी।

मीन – आज यात्राएं लाभदायक सिद्ध होंगी। अकारण चिंता से बचें। सुख-सुविधाओं की वस्तुओं पर धन खर्च हो सकता है।

ब्रिटेन : लगातार बढ़ते दबाव के बीच स्टॉर्मर का पद छोड़ने से इन्कार

लंदन। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री केयर स्टॉर्मर ने इस्तीफा देने के बढ़ते दबाव के बावजूद मंगलवार को पद पर बने रहने के अपने संकल्प को दोहराया। स्टॉर्मर ने कैबिनेट मंत्रियों से कहा कि पिछले सप्ताह ब्रिटेन भर में हुए स्थानीय चुनावों में उनकी मध्य-वामपंथी लेबर पार्टी को मिली करारी हार की जिम्मेदारी वह लेते हैं, लेकिन वह संघर्ष जारी रखेंगे। स्टॉर्मर ने कहा कि नेता को हटाने की एक प्रक्रिया होती है और वह शुरू नहीं हुई है। उन्होंने कहा, देश चाहता है कि हम शासन करें। मैं वही कर रहा हूं।

182 देशों के करोड़ों लोग गुरुदेव श्री श्री रविशंकर के सानिध्य में करेंगे वैश्विक ध्यान

- आर्ट ऑफ लिविंग के 45 वर्ष पूरे होने के अवसर पर होगा कार्यक्रम



बेंगलुरु। आर्ट ऑफ लिविंग के 45 वर्ष पूरे होने के अवसर पर 13 मई को गुरुदेव श्री श्री रविशंकर के सानिध्य में विश्व शांति के लिए वैश्विक ध्यान का भव्य आयोजन होगा। बेंगलुरु स्थित इंटरनेशनल सेंटर में होने वाले इस कार्यक्रम में 182 देशों के करोड़ों लोग प्रत्यक्ष और ऑनलाइन माध्यम से एक साथ ध्यान करेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तीन दिन पूर्व ही इस आयोजन के लिए नवनिर्मित दिव्य ध्यान परिसर का उद्घाटन कर इसकी महत्ता को रेखांकित किया था। प्रधानमंत्री के अनुसार, डिजिटल युग के तनाव से मुक्ति के लिए यह आंतरिक संतुलन का बड़ा माध्यम बनेगा। इस कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री सुकांत मजूमदार, सर्बानंद सोनोवाल, मणिपुर के मुख्यमंत्री युमनाम खेमचंद सिंह सहित कई राज्यों के राज्यपाल और गणमान्य अतिथि शामिल होंगे। साथ ही हीरानंदानी समूह के अध्यक्ष निरंजन हीरानंदानी और फिल्म जगत से रजनीकांत, अल्लू अर्जुन, मोहन बाबू व अर्जुन रामपाल जैसे कलाकार भी गुरुदेव के सानिध्य में होने वाले इस आयोजन का हिस्सा बनेंगे। ये आयोजन गुरुदेव द्वारा 45 वर्षों से दिए जा रहे शांति और मानवीय सेवा के संदेश को वैश्विक मंच पर प्रस्तुत करेगा। यह उस वैश्विक शांति संदेश का जीवंत स्वरूप होगा, जिसे वह साढ़े चार दशकों से विश्वभर में प्रसारित कर रहे हैं। यह आयोजन न केवल मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता लाएगा, बल्कि वसुधैव कुटुंबकम की भावना को भी चरितार्थ करेगा।

जिनपिंग से मुलाकात में ट्रंप व्यापार ईरान और ताइवान पर करेंगे बातचीत

वॉशिंगटन/बीजिंग, एजेंसी

- बीजिंग रवाना हुए अमेरिकी राष्ट्रपति, दो दिन के शिखर सम्मेलन में लेंगे हिस्सा

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मुलाकात के लिए बीजिंग रवाना हो गए हैं, जहां दोनों वैश्विक नेता व्यापार, युद्ध कूटनीति और ताइवान पर गंभीर चर्चा करेंगे। ट्रंप का 2017 के बाद यह चीन का पहला दौरा है। इस दौरान दशकों में सबसे अहम अमेरिका-चीन सम्मेलन होने की संभावना है जो दुनिया की दो बड़ी ताकतों के बीच संबंधों को नया आकार दे सकता है।

ट्रंप 14 मई को ग्रेट हॉल ऑफ द पीपल में चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मिलेंगे, जहां दोनों औपचारिक द्विपक्षीय बातचीत करेंगे और उसके बाद शाम को एक राजकीय दावत का आयोजन किया जाएगा। ट्रंप की 15 मई को वाशिंगटन लौटने से पहले दोपहर के भोजन कार्यक्रम और ऐतिहासिक स्वर्ग का मंदिर जाने की भी योजना है। जब फरवरी में व्हाइट हाउस ने इस दौरे की पुष्टि की तो चीनी सामान पर वाशिंगटन के आसमान छूते शुल्क एजेंडे पर छाए हुए थे। लेकिन 28 फरवरी के बाद दुनिया के राजनीतिक हालात बदल गए जब ट्रंप ने इजराइल के साथ मिलकर ईरान पर हमला किया, जिससे एक युद्ध शुरू हो गया और जिसके कारण ईरान को होर्मुज जलडमरूमध्य को बंद करना पड़ा और इस स्थिति ने तेहरान को इस रणनीतिक जलमार्ग को नियंत्रित करने के लिए एक बोर्ड बनाने पर मजबूर कर दिया।

संयुक्त राष्ट्र | गणित के क्षेत्र में भारतीय सभ्यता के योगदान पर आधारित प्रदर्शनी में बोले विदेश मंत्री जयशंकर

दुनिया में वैज्ञानिक प्रगति को संकीर्ण नजरिए से देखा गया

संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा कि दुनिया भर में वैज्ञानिक प्रगति को लंबे समय से संकीर्ण नजरिए से देखा गया। अब भी उन ऐतिहासिक विकृतियों को सुधारने की आवश्यकता है। विदेश मंत्री ने गणित के क्षेत्र में भारतीय सभ्यता के योगदान पर आधारित प्रदर्शनी का उद्घाटन करने के बाद यह बात कही। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी मिशन की ओर से आयोजित इस प्रदर्शनी का शीर्षक 'शून्य से अनंत तक गणित में भारतीय सभ्यता का योगदान' है।

इस प्रदर्शनी को भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद और इंडिया इंटरनेशनल सेंटर के सहयोग से आयोजित किया गया है। जयशंकर ने संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में अपनी तरह की इस पहली ऐतिहासिक प्रदर्शनी का सोमवार को अपनी न्यूयॉर्क यात्रा के दौरान उद्घाटन किया, जो समहिता (दक्षिण एशियाई पांडुलिपि इतिहास और पाठ्य संग्रह) परियोजना का हिस्सा है। जयशंकर ने कहा, हम जो यहां एकत्र हुए हैं, वे केवल दीवार पर लिखे अंकों को नहीं देख रहे हैं। हम उस सभ्यता का अवलोकन कर रहे हैं जिसका जन्म भारत की बौद्धिक मिट्टी में हुआ था। यह एक ऐसी विरासत है जिसका संबंध जितना अतीत से है, उतना ही भविष्य से भी है।

संयुक्त राष्ट्र में विदेश मंत्री एस जयशंकर।

गणित में भारत के योगदान पर केंद्रित है प्रदर्शनी

यह उन प्राचीन गणितीय अवधारणाओं पर प्रकाश डालती है जिनकी जड़ें भारत में हैं और जो आगे हजारों वर्षों में पूरी दुनिया में फैलीं, इनमें शून्य, दशमलव स्थान मान प्रणाली, बीजगणित और एल्गोरिदम से लेकर ग्रहों के मॉडल, खगोलीय गणना, क्रमचय-संच, द्विआधारी गणना, और रेखागणित का बौधायन-पायथागोरस प्रमेय शामिल हैं। आर्यभट्ट, ब्रह्मगुप्त और भास्कर से लेकर केरल के खगोल विज्ञान और गणित संप्रदाय तक के विद्वानों के योगदान को दर्शाया गया है।

आज का पंचांग

-आचार्य मधुरेंद्र पांडेय
astrompandey@gmail.com



आज की ग्रह स्थिति : 13 मई, बुधवार 2026 संवत-2083, शक संवत 1948 मास- ज्येष्ठ, पक्ष- कृष्ण पक्ष, एकादशी 13 .29 तक तत्पश्चात द्वादशी।

दिशाशूल-उत्तर, **ऋतु**- ग्रीष्म।
चन्द्रबल- वृषभ, मिथुन, कन्या, तुला, मकर, मीन।
ताराबल- अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-उत्तर भाद्रपद 14 मई 00 .27 तक तत्पश्चात रेवती।

सुडोकू - 147 का हल

1	9	4	2	5	3	7	6	8
7	8	2	9	1	6	4	5	3
5	3	6	7	8	4	1	2	9
3	5	7	6	9	1	8	4	2
4	2	8	5	3	7	6	9	1
9	6	1	4	2	8	5	3	7
6	1	5	3	7	9	2	8	4
8	4	3	1	6	2	9	7	5
2	7	9	8	4	5	3	1	6

सुडोकू -148

1					2	3		
	4		3	5				
	6		7					
7				8				
2								4
5				1				
		8			5			
		5		2	3			
		9	4					

''मैं आपको ऐसे कई उदाहरण दे सकती हूं, जहां देशों ने अपने खिलाड़ियों के लिए नियमों में ढील दी। ताकि महिलाएं मां बनने के बाद भी खेल सकें और देश के लिए पदक जीत सकें।'' –साक्षी मलिक, ओलंपिक कांस्य पदक विजेता पहलवान

स्टेडियम

अमृत विचार
www.amritvichar.com
बरेली, बुधवार,13 मई 2026

IPL 2026

आज का मुकाबले

कोलकाता नाइट राइडर्स
बनाम
रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु
समय - शाम 7:30 बजे

ऑरेंज कैप

- हेनरिक क्लासेन हैदराबाद–508 रन
- साई सुदर्शन गुजरात–501 रन
- अभिषेक शर्मा हैदराबाद –481 रन

पर्पल कैप



- भुवनेश्वर कुमार बेंगलुरु–21 विकेट
- कागिसो रबाडा गुजरात–21 विकेट
- अंशुल कंबोज चेन्नई–19 विकेट

हरियाणा के पहलवानों ने ग्रीको रोमन शैली में 26 पदक किए अपने नाम

सीनियर नेशनल रैंकिंग कुश्ती

गोंडा (नवाबगंज)

अमृत विचार : नंदिनी नगर महाविद्यालय के स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित तीन दिवसीय सीनियर नेशनल रैंकिंग कुश्ती प्रतियोगिता में दूसरे दिन सोमवार को हरियाणा के पहलवानों ने ग्रीको रोमन शैली में शानदार प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रीय स्तर पर अपना दबदबा साबित कर दिया। खेले गए फाइनल मुकाबलों में हरियाणा ने 8 स्वर्ण, 4 रजत और 14 कांस्य पदक जीतकर कुल 26 पदक अपने नाम किए। दमदार प्रदर्शन के दम पर हरियाणा ने टीम चैंपियनशिप में भी पहला स्थान हासिल किया।

अभी तक प्रतियोगिता में हरियाणा ने 235 अंक अर्जित कर शीर्ष स्थान प्राप्त किया, जबकि उत्तर प्रदेश 91 अंकों के साथ दूसरे और दिल्ली 80 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रही। अखाड़े में हरियाणा के पहलवानों की तकनीक, ताकत और आत्मविश्वास ने दर्शकों को रोमांचित कर दिया। तीसरे दिन महिला वर्ग की प्रतियोगिताओं का भी शुभारंभ हुआ। 55 किग्रा वर्ग में हरियाणा के संजीव ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीता। सुशील कुमार को रजत मिला, जबकि प्रदीप और हरिकेश ने कांस्य पदक हासिल किए। 60 किग्रा वर्ग में संदीप ने हरियाणा की झोली में एक और स्वर्ण डाला। दिल्ली के हर्ष को रजत पदक मिला। हिमांशु और साहिल/अशोक ने कांस्य पदक अपने नाम किए। 63 किग्रा वर्ग में विजय ने स्वर्ण पदक जीतकर हरियाणा का दबदबा कायम रखा। महाराष्ट्र के विनय रजत पदक विजेता रहे,

गोंडा : ग्रीको रोमन मुकाबले में एक दूसरे से भिड़ते पहलवान।

जबकि सोनू और परवीन ने कांस्य पदक जीते। 67 किग्रा वर्ग में निशांत ने बेहतरीन दांव-पेंच के दम पर स्वर्ण पदक जीता। चंडीगढ़ के विकास को रजत मिला। दिल्ली के कुलदीप और उत्तर प्रदेश के मुकुल चौहान ने कांस्य पदक हासिल किए। 72 किग्रा वर्ग में एसएससीबी के सूरज ने स्वर्ण पदक जीता। यूपी के गौरव दुहून को रजत मिला। हरियाणा के नवीन और विकास राणा ने कांस्य पदक हासिल किए। 77 किग्रा वर्ग में हरियाणा के विकास ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया।

उत्तर प्रदेश के सन्नी बैसला रजत पदक विजेता रहे। अंकित बूरा और धीरज कुमार मलिक ने कांस्य पदक जीते। 82 किग्रा वर्ग में मनजीत ने स्वर्ण पदक जीतकर हरियाणा को बढ़त दिलाई। उमेश को रजत पदक मिला, जबकि सचिन और दीपक पुनिया ने कांस्य पदक हासिल किए। 87 किग्रा वर्ग में महाराष्ट्र के तेजपाल ने स्वर्ण पदक जीता। हरियाणा के सागर को रजत मिला। दिल्ली के विकास दलाल और उत्तर प्रदेश के मानव शर्मा ने कांस्य पदक प्राप्त किए। 97 किग्रा वर्ग में आशीष ने स्वर्ण पदक जीतकर हरियाणा की स्थिति और मजबूत कर दी। पंजाब के अभिमन्यु रजत पदक विजेता रहे। निखिल और विशेष चौहान ने कांस्य पदक जीते। 130 किग्रा वर्ग में मेहर सिंह ने स्वर्ण पदक जीतकर हरियाणा का शानदार अभियान पूरा किया। विपिन को रजत पदक मिला, जबकि परवेश और पीयूष कुमार ने कांस्य पदक अपने नाम किए।

साक्षी ने विनेश मामले में पीएम मोदी से की अपील

नई दिल्ली, एजेंसी। ओलंपिक पदक विजेता साक्षी मलिक ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से विनेश फोगाट के रेसलिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया (डब्ल्यूएफआई) के साथ चल रहे झगड़े में दखल देने की अपील की है। साक्षी ने गोंडा में नेशनल ओपन रैंकिंग टूर्नामेंट में हिस्सा लेने से मना किए जाने के बाद अपनी साथी रेसलर का साथ दिया है। विनेश, जिन्होंने पिछले साल अपने रिटायरमेंट का फैसला बदल दिया था, को डब्ल्यूएफआई द्वारा डोप टेस्ट में शामिल न होने का आरोप लगाते हुए कारण बताओ नोटिस जारी करने के बाद मुकाबला करने से रोक दिया गया था। इस विवाद के बावजूद, विनेश सोमवार को टूर्नामेंट में हिस्सा लेने की उम्मीद में गोंडा गईं, लेकिन उन्हें हिस्सा लेने की इजाज़त नहीं दी गई।

हैदराबाद को रौंदकर गुजरात तालिका में टॉप पर

आईपीएल 2026: टाइटंस के 168 रन के जवाब में सनराइजर्स 14.5 ओवर में 86 रन पर ढेर

अहमदाबाद, एजेंसी।

तेज गेंदबाजों के तूफानी प्रदर्शन की बदौलत गुजरात टाइटंस ने सनराइजर्स हैदराबाद को मंगलवार को 82 रन से रौंदकर आईपीएल में अपनी लगातार पांचवीं जीत हासिल की और अंक तालिका में शीर्ष पर पहुंचने के साथ प्लेऑफ में भी जगह बना ली। हैदराबाद इस हार के बावजूद तालिका में 14 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर है। हैदराबाद ने हालांकि गुजरात टाइटंस को पांच विकेट पर 168 रन पर रोका लेकिन खुद उसकी टीम 14.5 ओवर में 86 रन पर ढेर हो गयी।

पॉवरप्ले में ही एसआरएच की टीम लड़खड़ा गयी। कगिसो रबाडा और मोहम्मद सिराज ने पॉवरप्ले में एसआरएच के चार विकेट चटका दिए और वहां से टीम कभी उबर ही नहीं पाई। एसआरएच का कोई भी बल्लेबाज बड़ी पारी नहीं खेल पाया। कप्तान पैट कमिंस अपनी टीम के लिए सबसे ज्यादा (19) रन बनाने वाले बल्लेबाज रहे। रबाडा और होल्डर ने 3-3 विकेट लिए जबकि प्रसिद्ध कृष्णा को दो विकेट और राशिद खान को एक विकेट मिला। सनराइजर्स हैदराबाद की बल्लेबाजी

सनराइजर्स हैदराबाद को हराने के बाद एक-दुसरे से खुशी बांटते गुजरात टाइटंस के खिलाड़ी।

169 रन के टारगेट का पीछा करते हुए बुरी तरह फेल हो गई, और आखिर में 14.5 ओवर में सिर्फ 86 रन पर ढेर हो गई। दूसरी इनिंग्स की शुरुआत बहुत खराब रही, जब मोहम्मद सिराज ने अपने पहले ओवर में ट्रैविस हेड को बिना खाता खोले आउट कर दिया, इसके तुरंत बाद कगिसो रबाडा ने अभिषेक शर्मा और ईशान किशन को आउट करके एसआरएच को 23/3 पर छोड़ दिया। मिडिल ऑर्डर ने गुजरात के लगातार पेस अटैक का कोई मुकाबला नहीं किया, क्योंकि जेसन होल्डर और प्रसिद्ध कृष्णा ने खतरनाक हेनरिक क्लासेन सहित बाकी स्पेशलिस्ट बैट्समैन को आउट कर दिया। कप्तान पैट कमिंस के आखिर में एक छक्के और एक चौके के बावजूद, इनिंग्स अचानक खत्म हो गई जब राशिद खान ने स्टंपिंग कराकर आखिरी विकेट लिया, जिससे गुजरात टाइटन्स ने 82 रन से बड़ी जीत हासिल की। इससे पहले गुजरात के लिए ओपनर साई सुदर्शन ने 61 और मध्य क्रम के बल्लेबाज वाशिंगटन सुंदर ने 50 रन बनाये। सुदर्शन ने 44 गेंदों में पांच चौके और दो छक्के लगाए जबकि सुंदर ने 33 गेंदों में सात चौके और एक छक्का लगाया। निशांत संधू ने 14 गेंदों में 22 रन का योगदान दिया। कप्तान शुभमन गिल पांच और जोस बटलर सात रन बनाकर आउट हुए। टीम ने 26 रन तक ही दो विकेट गंवा दिए थे। बटलर और कप्तान गिल फ्लॉप रहे और उसका असर पूरी बैटिंग पर दिखा। आज पिच तेज गेंदबाजों के लिए मददगार थी और इसी वजह से कप्तान पैट कमिंस ने केवल दो ही ओवर स्पिन का करवाया और जीटी को 168 पर रोक दिया। गुजरात टाइटन्स ने अच्छी वापसी करते हुए बोर्ड पर लड़ने लायक स्कोर बनाया और फिर उसका बचाव किया। उन्होंने इस सीज़न का अपना सबसे धीमा पावरप्ले खेला, सिर्फ़ 34 रन बनाए और शुभमन गिल और जोस बटलर के अहम विकेट भी गंवाए। हालांकि, साई सुदर्शन और वाशिंगटन सुंदर ने चौथे विकेट के लिए 41 गेंदों पर 60 रन की ज़रूरी पार्टनरशिप करके पारी को संभाला।

अंक तालिका

	टीम	मैच	जीते	हारे	रद्द	अंक	नेट रन रेट
1.	गुजरात टाइटंस	12	8	4	0	16	0.551
2.	रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु	11	7	4	0	14	1.103
3.	सनराइज़र्स हैदराबाद	12	7	4	0	14	0.331
4.	पंजाब किंग्स	11	6	4	1	13	0.428
5.	चेन्नई सुपर किंग्स	11	6	5	0	12	0.185
6.	राजस्थान रॉयल्स	11	6	5	0	12	0.082
7.	दिल्ली कैपिटल्स	12	5	7	0	10	-0.993
8.	कोलकाता नाइट राइडर्स	10	4	5	1	9	-0.169
9.	मुंबई इंडियंस	11	3	8	0	6	-0.585
10.	लखनऊ सुपर जाएंट्स	11	3	8	0	6	-0.907

चीन ने लगातार 12वीं बार जीता विश्व टीम टेबल टेनिस खिताब

लंदन, एजेंसी

चीन ने वर्ल्ड टेबल टेनिस चैंपियनशिप में जापान पर 3-0 से जीत हासिल करते हुए पुरुषों की टीम का लगातार 12वां खिताब अपने नाम किया। यह जीत लियांग जिंगकुन के एक और शानदार वापसी वाले प्रदर्शन की बदौलत मिली।

सेमीफाइनल में फ्रांस के एलेक्सिस लेब्रुन के खिलाफ दो गेम से पिछड़ने के बाद वापसी करने के ठीक एक दिन बाद, लियांग ने जापान के शीर्ष खिलाड़ी टोमोकाज़ु हारिमोटो के खिलाफ भी उसी कारनामे को दोहराया। लियांग को शुरुआत में संघर्ष करना पड़ा। वह शुरुआती दो गेम 11-8 और 11-4 से हार गए, क्योंकि हारिमोटो अपनी ज़बरदस्त गति और आक्रामकता से खेल पर हावी थे। लेकिन चीनी खिलाड़ी ने धीरे-धीरे अपनी लय हासिल कर ली और निडर होकर आक्रामक खेल खेलते हुए मैच का रुख पलट दिया, और अगले दो गेम 11-9 और 13-11 से जीत लिए। निर्णायक गेम में 8-3 की बढ़त बनाने के बाद हारिमोटो जीत की ओर बढ़ते दिख रहे थे, लेकिन तभी लियांग ने ज़ोरदार वापसी की। हर विनिंग शॉट के बाद ज़ोर से दहाड़ते हुए, लियांग ने लगातार आठ अंक हासिल किए और 11-8 से जीत पूरी करके स्टेडियम में जश्न का माहौल बना दिया।

हाईलाइट

भारोत्तोलन चैम्पियनशिप में 29 देश लेंगे भाग

अहमदाबाद। एशियाई सीनियर भारोत्तोलन चैम्पियनशिप 2026 का मंगलवार को गांधीनगर में उद्घाटन हुआ जिसमें 30 देशों के खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। यह टूर्नामेंट 11 से 17 मई तक चलेगा। गुजरात के खेल राज्यमंत्री जयराम गमित ने उद्घाटन समारोह में कहा कि गुजरात ने विकास के लिए ही नहीं बल्कि अंतरराष्ट्रीय खेल सेक्टर में भी दुनिया का ध्यान खींचा है। उन्होंने कहा, '' गुजरात में ऐसी उच्च स्तरीय अंतरराष्ट्रीय प्रतिस्पर्धा स्थानीय और भारतीय खिलाड़ियों के लिये काफी अहम है। इससे खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर के अनुसार तैयारी का मौका मिलेगा और उनका आत्मविश्वास बढ़ेगा।

अक्षर पटेल पर 12 लाख रुपये का जुर्माना

धर्मशाला। दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान अक्षर पटेल पर इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में पंजाब किंग्स के खिलाफ अपनी टीम की जीत के दौरान धीमी ओवर गति बनाए रखने के लिए 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। अक्षर और डेविड मिलर के अर्धशतकों की मदद से दिल्ली कैपिटल्स ने इस मैच में पंजाब किंग्स को तीन विकेट से हराकर प्लेऑफ में पहुंचने की अपनी धुंधली उम्मीदों को बरकरार रखा। दिल्ली की टीम अंक तालिका में अभी सातवें स्थान पर है। उसका अगला मैच रविवार को नयी दिल्ली में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ होगा।

टिम डेविड पर मैच फीस का 30 फीसदी जुर्माना

रायपुर। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के ऑलराउंडर टिम डेविड पर आईपीएल की खिलाड़ियों और टीम अधिकारियों के लिए बनी आचार संहिता के लेवल 1 का उल्लंघन करने के लिए उनकी मैच फीस का 30 फीसदी जुर्माना लगाया गया है, उन्हें दो डिमेरिट पॉइंट भी दिए गए हैं। टिम को आईपीएल की आचार संहिता के अनुच्छेद 2.6 का उल्लंघन करते हुए पाया गया, जो "ऐसे हावभाव का इस्तेमाल करने से संबंधित है जो अश्लील, आपत्तिजनक या अपमानजनक हों।" टिम ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया और मैच रेफरी अमित शर्मा द्वारा दी गई सज़ा को मान लिया।

सात्विक-चिराग की जोड़ी ने किया विजयी आगाज

थाईलैंड ओपन बैडमिंटन

बैंकॉक, एजेंसी।

सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की शीर्ष वरीयता प्राप्त जोड़ी ने थाईलैंड ओपन सुपर 500 टूर्नामेंट के पुरुष युगल के पहले दौर के मुकाबले में मंगलवार को यहां इंडोनेशिया के मोह पुत्रा एरवियांस्याह और बागास मौलाना की जोड़ी को शिकस्त दी।

विश्व रैंकिंग में चौथे पायदान पर काबिज भारतीय जोड़ी ने 64 मिनट तक चले रोमांचक मुकाबले को 21-19, 21-23, 21-10 से जीतकर अगले दौर में प्रवेश कर लिया। भारतीय जोड़ी शुरुआती गेम में एक समय 11-16 से पीछे चल रही थी। उन्होंने इसके बाद लगातार सात अंक जीतकर मुकाबले में वापसी की। दोनों जोड़ियों के बीच लंबी रैलियां देखने को मिलीं और ब्रेक तक भारतीय खिलाड़ियों ने मामूली बढ़त बना ली थी। ब्रेक के बाद इंडोनेशियाई जोड़ी ने आक्रामक खेल दिखाते हुए 17-14 की बढ़त हासिल कर ली। सात्विक और चिराग की जोड़ी ने इसका दमदार जवाब दिया लेकिन इस गेम को मामूली अंतर से गंवा बैठे जिससे मुकाबला निर्णायक गेम तक पहुंच गया। भारतीय जोड़ी का सामना अब अगले दौर में मलेशिया के ब्रायन जेरेमी गूंटिंग और मोहम्मद हैकाल से होगा। इससे पहले पुरुष एकल क्वालीफिकेशन मुकाबले में मलेशिया के ओलंपिक कांस्य पदक विजेता ली जी जिया ने भारत के मानव चौधरी को 21-19, 21-18 से हराया।

बांग्लादेश ने पाकिस्तान को 104 रन से हराया

मीरपुर, एजेंसी। वर्ष 2024 तक पाकिस्तान को कभी टेस्ट मैच में नहीं हराने के बाद बांग्लादेश ने अब उनके खिलाफ लगातार तीन मैच जीते हैं। यह मैच - घर पर पाकिस्तान के खिलाफ उनका पहला मैच - मीरपुर में आखिरी दिन के आखिरी सेशन में जाकर तय हुआ। नाहिद राणा ने 40 रन देकर पांच विकेट लिए। जिससे मेजबान टीम ने मंगलवार को 104 रन से जीत हासिल की, सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली। आखिरी सेशन में पाकिस्तान को 152 रन चाहिए थे और उसके सात विकेट बाकी थे। गेम का नतीजा सबसे ज़्यादा अब्दुल्ला फज़ल पर टिका था। फज़ल 66 रन पर पहुंच चुके थे, उन्होने सलमान अली आगा ने चौथे विकेट के लिए 48 रन जोड़कर पाकिस्तान को 268 रन के टारगेट को दोपहर तक पूरा करने में मदद की।

प्लेऑफ में जगह पक्की करने उतरेगा आरसीबी

रायपुर, एजेंसी

11 मैचों में सात जीत के साथ मौजूदा चैंपियन आरसीबी ने बनाई लय

प्लेऑफ़ का रास्ता अब मुश्किल होता जा रहा है, दबाव बढ़ता जा रहा है। रायपुर की तेज गर्मी में दो ऐसी टीमें जिनकी अब तक की यात्रा बिल्कुल अलग रही है। एक ऐसी टक्कर के लिए तैयार हैं जो इंडियन प्रीमियर लीग में उनके पूरे सीजन का भविष्य तय कर सकती है। डिफेंडिंग चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु, आईपीएल 2026 के ज़्यादातर हिस्से में एक ऐसी टीम की तरह दिखी है जो पूरी तरह से नियंत्रण में है।

शांत, संयमित और खतरनाक, उन्होंने 11 मैचों में सात जीत के साथ धीरे-धीरे अपनी लय बनाई है और अब वे एक और बार प्लेऑफ़ में पहुंचने की कगार पर खड़े हैं। लेकिन उनके सामने एक ऐसी टीम आ रही है जिसने ठीक सही समय पर अपना खोया हुआ आत्मविश्वास फिर से पा लिया है। एक नई ऊर्जा से भरी कोलकाता नाइट राइडर्स की टीम, जिसने खुद को टूर्नामेंट से बाहर होने के कगार से खींचकर वापस मुकाबले में ला खड़ा किया है। जब बुधवार की रात ये दोनों टीमें शहीद वीर नारायण सिंह इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में मैदान पर उतरेंगी, तो दाँव पर सिर्फ़ दो अंक ही नहीं होंगे। बल्कि दाँव पर होगी टीम की लय, आत्मविश्वास और शायद पूरे अभियान की दिशा। आरसीबी का यह सीज़न एक बार फिर विराट कोहली की मौजूदगी से ही आगे बढ़ा है। हो सकता है कि अब वह अकेले ही टीम का सारा बोझ न

उठाते हों, लेकिन वह अब भी इस बेंगलुरु टीम की भावनात्मक धड़कन बने हुए हैं। उनके बनाए 379 रन पूरी दबंगई और इरादे के साथ आए हैं; उन्होंने पारी की शुरुआत में ही टीम के लिए एक मज़बूत आधार तैयार किया है, जिससे उनके आस-पास के दूसरे खिलाड़ियों को भी खुलकर खेलने का मौका मिला है। कप्तान रजत पाटीदार ने पारी के बीच के ओवरों में निडरता का परिचय दिया है; वह क्रीज़ पर आते ही गेंदबाज़ों पर हमला बोल देते हैं। फिर टीम के पास टिम डेविड जैसा 'फिनिशर' भी है, जिसने पारी के आखिरी ओवरों को विपक्षी गेंदबाज़ों के लिए पूरी तरह से अफरा-तफरी और मुश्किलों से भरे पलों में बदल दिया है। जब पिछले मैच में मुंबई इंडियंस के खिलाफ़ हालात मुश्किल हो गए थे, तो क्रुणाल ही थे जिन्होंने एक ऐसी जुझारू और दमदार पारी खेली।

पदक जीतने के बाद भारतीय मुक्केबाज।

लक्ष्य फाइनल में, चार भारतीय मुक्केबाजों ने जीते कांस्य

ताशकंद, एजेंसी

भारत के लिये एशियाई अंडर 17 मुक्केबाजी चैम्पियनशिप में मंगलवार का दिन चुनौतीपूर्ण रहा जब लक्ष्य फोगाट अकेले फाइनल में पहुंचे जबकि चार अन्य मुक्केबाजों को सेमीफाइनल में हारने के बाद कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। 75 किलोवर्ग में लक्ष्य ने कोरिया के सियुंगमिन ली को 5 - 0 से हराकर फाइनल में जगह बनाई। सेमीफाइनल में नरेंद्र नेल्ला (46 किलो) को उजबेकिस्तान के अब्दुल्लाह नूरालीव ने 5 - 0 से हराया।

यश यादव (50 किलो) को मंगोलिया के एस उसुखबातार ने 4 - 1 से मात दी जबकि निवेश पाल 54 किलोवर्ग में उजबेकिस्तान के अब्दुलबोसित युर्सुनबोएव से 5 - 0 से हार गए। नमन (70 किलो) को उजबेकिस्तान के अब्दुवोहिद अब्दुमाजिदोव ने 3 - 2 से हराया।

पीड़ा

वर्ष 2023 के एशियाई खेल में दीपक पूनिया ने जीता था रजत पदक

पहलवानों के विरोध प्रदर्शन के कारण प्रभावित हुआ मेरा करियर

गोंडा, एजेंसी

एशियाई खेलों के रजत पदक विजेता दीपक पूनिया का मानना है कि जंतर-मंतर पर पहलवानों के विरोध प्रदर्शन से जो व्यवधान पैदा हुआ उससे भारत के कई खिलाड़ियों का करियर प्रभावित हुआ, जिसमें वह खुद भी शामिल हैं। दीपक एक समय 86 किलोग्राम वर्ग में भारत की तरफ से निरंतर अच्छा प्रदर्शन करने वाले पहलवान थे। वह टोक्यो ओलंपिक में कांस्य पदक से चूकने के बाद अपनी पुरानी लय हासिल करने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। तब से उनका एकमात्र अच्छा प्रदर्शन एशियाई खेल 2023 में रहा जहां उन्होंने रजत पदक जीता था।

इस 26 वर्षीय खिलाड़ी ने सोमवार को यहां राष्ट्रीय ओपन रैंकिंग टूर्नामेंट जीता था लेकिन वह भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) की वर्तमान नीति के अनुसार एशियाई खेलों के लिए 31 मई को होने वाले चयन ट्रायल में भाग लेने की योग्यता नहीं रखते हैं। इस नीति में यहां चल रहे टूर्नामेंट के नतीजों पर गौर नहीं किया जाएगा। दीपक ने कहा कि पहलवानों के विरोध प्रदर्शन के बाद भारतीय कुश्ती में अनिश्चितता के लंबे दौर ने खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में खेलने का अवसर नहीं मिला जिससे उन्हें काफी नुकसान हुआ। दीपक ने एक न्यूज एजेंसी से कहा, ''विरोध प्रदर्शन और अन्य घटनाओं के कारण 2023 के बाद कई टूर्नामेंट रद्द कर दिए गए थे और हमें पहले की तरह विदेश में होने वाली प्रतियोगिताओं में भाग लेने के मौके भी नहीं मिले।'' उन्होंने कहा, ''जब आप हर दूसरे या तीसरे महीने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर किसी प्रतियोगिता में भाग लेते हैं तो आपको अपनी कमजोरी का पता चलता है और आप उसमें सुधार करते हैं।

लेकिन अगर आपको साल में केवल एक विश्व चैंपियनशिप या केवल एक एशियाई चैंपियनशिप में भाग लेने का मौका मिलता है तो प्रदर्शन में बहुत बड़ा अंतर आ जाता है।'' भारत के प्रमुख पहलवान विनेश फोगाट, बजरंग पूनिया और साक्षी मलिक ने 2023 में डब्ल्यूएफआई के तत्कालीन अध्यक्ष बृज भूषण शरण सिंह के खिलाफ लंबे समय तक चले विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व किया था। उन्होंने सिंह पर यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया था। खेल मंत्रालय ने तब डब्ल्यूएफआई को निलंबित कर दिया था और एक तदर्थ समिति ने लंबे समय तक इसका संचालन किया। इसके चलते भारत में टूर्नामेंट और कुश्ती गतिविधियों में व्यवधान पैदा हुआ। यह मामला अभी अदालत में है। दीपक से जब पूछा गया कि वह भी विरोध प्रदर्शन स्थल पर आए थे तो उन्होंने कहा, ''मैं अभी उन बातों पर चर्चा नहीं करना चाहता। रहने दीजिए।'' हरियाणा के इस पहलवान ने 2025 में विश्व चैंपियनशिप में अपने निराशाजनक प्रदर्शन का कारण पर्याप्त अभ्यास नहीं करना और अभ्यास के लिए साथियों की कमी को बताया। पदक राउंड से काफी पहले ही उनका प्रदर्शन फीका पड़ गया और वह 11वें स्थान पर रहे। उन्होंने कहा, ''मैं स्वीकार करता हूं कि मैंने अभ्यास में गलतियां कीं। विश्व चैंपियनशिप से पहले मुझे कोई अच्छा स्पैरिंग पार्टनर (अभ्यास के लिए साथी पहलवान) नहीं मिला। स्पैरिंग पार्टनर बहुत बड़ी भूमिका निभाते हैं।'' दीपक ने कहा कि उनका पूरा ध्यान अगले एशियाई खेलों में 86 किलोग्राम वर्ग में स्वर्ण पदक जीतने पर है। उन्होंने कहा, ''मेरा लक्ष्य एशियाई खेलों में अपने पदक का रंग बदलना है। मैं एशियाई खेलों में मौका पाने के लिए ही इस प्रतियोगिता में भाग ले रहा हूं।